हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal samvad news

रांची, सोमवार, 21 अक्टूबर, 2024 | वर्ष : 12 अंक : 157 | www.koylanchalsamvad.com

महाराष्ट्र भाजपा ने 99 कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी की... | वैश्विक जलचक्र असंतुलन से जुड़ी चुनौतियां की गंभीरता | सर्दियों में बढ़ जाती हैं यूरिक एसिड की समस्या...

मूल्य : 2 रुपए

## संक्षिप्त खबरें

### टर्म स्वास्थ्य बीमा से जीएसटी हटाएगी केंद्र सरकार

नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार टर्म जीवन बीमा पॉलिसियों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम में जीएसटी छूट दे सकती है। राज्य मंत्रिस्तरीय पैनल के अधिकांश सदस्यों ने आम लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए करों में कटौती का समर्थन किया है। जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर पर निर्णय लेने के लिए मंत्री समूह की हाल ही में बैठक हुई। जिसमें जीवन बीमा तथा वरिष्ठ नागरिकों द्वारा स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए जाने वाले प्रीमियम को कर मुक्त किया जा सकता है। इसके अलावा अन्य व्यक्तियों के लिए पांच लाख रुपये तक के कवरेज वाले स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम पर जीएसटी से छूट देने का निर्णय लिया गया। हालांकि इस संबंध में अंतिम निर्णय जीएसटी परिषद द्वारा लिया जाएगा। फिलहाल पांच लाख रुपये से अधिक के स्वास्थ्य बीमा कवरेज के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी लगता रहेगा। इस समय टर्म पॉलिसी और फैमिली फ्लोटर पॉलिसी के लिए भुगतान किए गए जीवन बीमा प्रीमियम पर 18 फीसदी जीएसटी लग रही है। बैठक में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि जीओएम के सदस्य बीमा प्रीमियम पर दरों में कटौती के लिए व्यापक रूप से सहमत हैं। अंतिम निर्णय जीएसटी परिषद द्वारा लिया जाएगा। जीएसटी परिषद ने पिछले महीने अपनी बैठक में स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर कर के बारे में निर्णय लेने के लिए 13 सदस्यीय मंत्री समूह गठित करने का निर्णय लिया था।

### बीजेपी दिल्ली की जनहित योजनाएं बंद करने सत्ता में आना चाहती है : केजरीवाल

नई दिल्ली,(ईएमएस)। आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी दिल्ली में लोगों के काम करने के लिए नहीं, बल्कि आप सरकार की मुफ्त बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा जैसी योजनाओं को रोकने के लिए सत्ता में आना चाहती है। केजरीवाल पीतमपुरा में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में बोल रहे थे। केजरीवाल ने कहा कि अगर बीजेपी सत्ता में आई तो वह बिजली, पानी, महिलाओं के लिए बस यात्रा, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा सहित सभी मुफ्त योजनाएं बंद कर देगी। केजरीवाल ने कार्यकर्ताओं को अंदरूनी कलह के प्रति आगाह करते हुए कहा कि इससे फरवरी में होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप की हार हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस बात की परवाह मत कीजिए कि चुनाव में कौन है, क्योंकि केजरीवाल सभी 70 सीट पर लड़ रहा होगा। मैं आपका काम करवाऊंगा, चाहे विधायक कोई भी चुना जाए। दिल्ली प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पलटवार करते हुए कहा कि दिल्लीवासियों ने अराजकता में लिप्त आप की भ्रष्ट सरकार को खारिज करने का मन बना लिया है। उन्होंने केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आप ने हाल ही में हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव में 90 सीटों पर ऐसे चुनाव लड़ा जैसे पूर्व मुख्यमंत्री सभी सीटों पर चुनाव लड़ रहे हों और वह सभी सीटों पर हार गई।

### यूपी उपचुनाव में बीजेपी को हराने सपा प्रत्याशियों का करेगी समर्थन कांग्रेस

लखनऊ,(ईएमएस)। यूपी की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। इस उपचुनाव में कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी (सपा) को अपना समर्थन देने का फैसला लिया है। कांग्रेस ने पहले पांच सीटों की मांग की थी, लेकिन जब संपा से बात नहीं बनी तो कांग्रेस ने गाजियाबाद और खैर सीटों पर अपनी उम्मीदवारी पर विचार किया। हालांकि यहां भी स्थिति बदलने के बाद कांग्रेस ने अब उपचुनाव में सपा प्रत्याशियों का समर्थन करने का फैसला लिया है। बता दें इंडिया गठबंधन के तहत सपा ने कांग्रेस के लिए गाजियाबाद और खैर सीट छोड़ दी थी, लेकिन दोनों ही सीटों पर बीजेपी का दबदबा है। गाजियाबाद में 2022 विधानसभा चुनाव में बीजेपी को 61.37 फीसदी वोट मिले थे, जबकि सपा को सिर्फ 18.25 फीसदी और कांग्रेस को महज 4.81 फीसदी वोट मिले थे। इस परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस नेताओं का मानना है कि उपचुनाव में हारने से बेहतर है कि वे सपा को समर्थन दें, जिससे कार्यकर्ताओं का मनोबल बना रहे। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक पार्टी ने लोकसभा चुनाव में 6 सीटें जीतकर अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया है और अब उसकी नजरें 2027 के विधानसभा चुनाव पर हैं। कांग्रेस नहीं चाहती कि उपचुनाव में हार से कार्यकर्ताओं का उत्साह कम हो और पार्टी के अंदर निराशा फैले। कांग्रेस के इस फैसले के पीछे एक और कारण है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने भी कुर्बानी दी थी, जब उसने अपनी सीटें नहीं मांगी और गठबंधन के तहत बीजेपी को हराने के लिए अपना समर्थन दिया था।

**बरहेट सीट झामुमो की दबदबे वाली सीट मानी जाती है, पिछले दो बार से यहां से लगातार हेमंत चुनाव जीतते आ रहे हैं**

# झारखंड विधानसभा चुनावः हेमंत सोरेन को बरहेट में कौन देगा टक्कर, बीजेपी में असमंजस



**रांचीः** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए बीजेपी ने अपने 66 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर दी है. हालांकि अभी भी बीजेपी ने बरहेट और टुंडी के लिए किसी भी नाम का एलान नहीं किया है. ऐसे में कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं.

बरहेट से झामुमो की तरफ से हेमंत सोरेन उम्मीदवार होंगे ये लगभग तय माना जा रहा है. लेकिन बीजेपी की तरफ से यहां कौन उम्मीदवार होगा ये सस्पेंस बना हुआ है. राजनीतिक गलियारों में ये चर्चा है कि बीजेपी यहां से लुईस मरांडी को टिकट देना चाहती है, लेकिन लुईस बरहेट से चुनाव नहीं लड़ना चाहती हैं. ऐसे में बीजेपी यहां सरप्राइज कर सकती है.

#### हेमंत सोरेन लगातार दो बार से जीत रहे चुनाव

बरहेट विधानसभा सीट झामुमो की दबदबे वाली सीट मानी जाती है. पिछले दो बार से यहां से लगातार हेमंत सोरेन चुनाव जीतते आ रहे हैं. इस बार भी कहा जा रहा है कि हेमंत सोरेन बरहेट से ही चुनाव लड़ेंगे. झामुमो को उम्मीद है कि हेमंत हैट्रिक जरूर लगाएंगे. बरहेट में दूसरे चरण में मतदान होना है. माना जा रहा है कि हेमंत सोरेन 24 अक्टूबर को यहां से नॉमिनेशन फाइल करेंगे. हालांकि बीजेपी की तरफ से उन्हें कौन टक्कर देगा ये साफ नहीं है.

#### बरहेट में आज तक नहीं जीत पाई बीजेपी

बरहेट विधानसभा सीट पर बीजेपी आज तक अपना खाता नहीं खोल पाई है. 1957 में बनी इस सीट पर पहले दो चुनावों में यहां से झारखंड पार्टी के उम्मीदवार को जीत मिली, जबकि यहां से दो बार कांग्रेस पार्टी ने भी जीत दर्ज की. यहां ये एक बार जनता पार्टी के उम्मीदवार ने भी सफलता हासिल की है. लेकिन 1990 के बाद से इस सीट पर झामुमो का कब्जा है. पिछले दो बार से यहां से हेमंत सोरेन विधायक बने हैं, जबकि उससे पहले लगातार चार बार हेमलाल मुर्मू और एक बार थॉमस हांसदा ने जीत दर्ज की थी.

**2019: बरहेट चुनाव परिणाम**

| प्रत्याशी का नाम | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| हेमंत सोरेन | झामुमो | 73,725 |
| सिमन मालतो | भाजपा | 47,985 |
| होपना टुडू | झाविमो | 2622 |

**2014 चुनाव परिणाम**

| प्रत्याशी का नाम | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| हेमंत सोरेन | झामुमो | 62,515 |
| हेमलाल मुर्मू | भाजपा | 38,428 |
| सिमन मालतो | झाविमो | 14,161 |

**2000 चुनाव परिणाम**

| प्रत्याशी का नाम | पार्टी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| हेमलाल मुर्मू | झामुमो | 66,599 |
| लोरेंस हांसदा | कांग्रेस | 28,473 |

### सम्मानजनक सीटें नहीं मिलीं तो राजद लेगा बड़ा निर्णय : मनोज झा




राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद मनोज झा ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में कहा कि अगर सोमवार 11 बजे तक इंडिया गठबंधन के बीच सीटों के बंटवारे में राजद को सम्मानजनक सीटें नहीं मिलती हैं, तो पार्टी बड़ा निर्णय लेगी. उन्होंने कांग्रेस और झामुमो को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर बात नहीं बनी तो कल राजद अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर देगा. सांसद मनोज झा ने कहा कि इंडिया गठबंधन के गठन में राजद की अहम भूमिका थी. झारखंड के निर्माण में पार्टी की अहम भूमिका रही है. राष्ट्रीय जनता दल किसी को नुकसान पहुंचाना नहीं चाहता है. अगर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री बनाना है तो झामुमो और कांग्रेस को बड़ा दिल दिखाना होगा. मनोज झा ने कहा कि पिछली बार हम लोगों ने सात सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिसमें एक सीट पर जीत हासिल की.

### बीजेपी को लगा एक और झटका, गणेश महली ने दिया इस्तीफा



सरायकेलाः झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद से ही भाजपा में भगदड़ मच गयी है. पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं ने एक-एक कर पार्टी छोड़नी शुरू कर दी है. अब सरायकेला विधानसभा से बीजेपी के पूर्व प्रत्याशी सह एसटी मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष गणेश महली ने अपना इस्तीफा दे दिया है. चर्चा है कि अब वे सरायकेला से झामुमो के प्रत्याशी होंगे. पार्टी छोड़ने के बाद उन्होंने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि अब बीजेपी पहले की तरह नहीं रही. इससे पहले पोटका विधानसभा से पूर्व विधायक मेनका सरदार ने भी बीजेपी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था.

**गणेश महली बोले- दुखी मन से दे रहा हूं इस्तीफाः** इस्तीफा देने के बाद गणेश महली ने कहा कि बीजेपी अब पहले जैसी नहीं रही. मैं दुखी होकर त्याग पत्र दे रहा हूं. शनिवार को प्रत्याशियों की घोषणा होने के बाद से ही उन्होंने पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया था. उन्होंने चंपाई सोरेन पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा था कि वे दिल्ली जाकर उनकी राह में रोड़ा डालने का काम किया. हमें राजनीति से आउट करना चाहते थे. इसका परिणाम आने वाले दिनों में जरूर दिखेगा.

## बाबूलाल की युवाओं से अपील – वोट डालने जाएं, तो उन लूटेरों को याद रखें



**रांचीः** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य के युवाओं से अपील की है. कहा है कि झारखंड के चुनाव की तारीखें नजदीक आ चुकी हैं. यह समय है कि हम सभी अपने अधिकारों का इस्तेमाल करें और अपने भविष्य की रक्षा करें. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि जिन्होंने आपके सपनों के साथ खिलवाड़ किया. जो नेता यह सोचता है कि वह आपकी मेहनत का मजाक उड़ाकर बच जाएगा, उसे यह समझना होगा कि युवा कभी भूलते नहीं हैं. इस बार चुनाव आपका है, भविष्य आपका है और फैसला भी आपका होना चाहिए. जब आप 13 और 20 नवंबर को वोट डालने जाएं, तो उन लूटेरों को याद रखें जिन्होंने आपके सपनों की बोली लगाई थी.

#### उन वादों को याद रखें, जो पूरे नहीं हुए

बाबूलाल ने युवाओं से अपील करते हुए कहा है कि उन वादों को याद रखें, जो पूरे नहीं हुए. उन पेपर लीक को याद रखें जिनकी वजह से आपका करियर दांव पर लग गया. यह मौका है उन नेताओं को सबक सिखाने का, ताकि आने वाली कोई भी सरकार यह न भूले कि युवाओं के सपनों से खेलने की सजा सत्ता से बाहर होना है.

#### लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत वोट है

हम लोकतंत्र में जी रहे हैं, लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत आपका वोट है. इसे इस्तेमाल कीजिए और दिखाइए कि झारखंड का युवा अपने सपनों की कीमत समझता है. लूटने वालों को कभी माफ नहीं करता. हम सब मिलकर इस चुनाव को युवाओं के भविष्य का त्योहार बनाएं और झारखंड में एक नई शुरुआत करें. पिछले 5 सालों में हेमंत सोरेन की लापरवाही, भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के कारण आप सरकार और संस्थानों से विश्वास खो चुके हैं. आखिर आप उस सरकार पर कैसे भरोसा कर सकते हैं, जिसने बार-बार आपके सपनों के साथ खिलवाड़ किया है? हेमंत सोरेन, जिन्होंने पांच साल पहले आपसे बड़े-बड़े वादे किए थे, वही हेमंत सोरेन हैं, जो पिछले पांच सालों से सत्ता में रहते हुए आपके भविष्य को लूटने और आपकी मेहनत को मिट्टी में मिलाने का काम कर रहे हैं.

#### आप इस विश्वासघात का लें बदला

बाबूलाल ने आगे लिखा है कि याद कीजिए वह दिन जब ईडी ने मुख्यमंत्री के करीबी के घर से परीक्षा के एडमिट कार्ड बरामद किए थे. कितने अभ्यर्थी ऐसे थे, जिनसे पैसे लेकर बाकी छात्रों का भविष्य बर्बाद करने की कोशिश की गई थी. 5 लाख नौकरियों का वादा, बेरोजगारी भत्ता देने का वादा—पर आज ये वादे कहां हैं? सब हवा में खो गए और जो बचा है वह है निराशा और हेमंत सोरेन की विफल सरकार. अब समय आ गया है कि आप इस विश्वासघात का बदला लें. यह चुनाव सिर्फ एक वोट डालने का नहीं है, यह उन लोगों को सबक सिखाने का मौका है.

## आपत्तिजनक पोस्ट और भड़काऊ भाषण देनेवालों खैर नहीं, पुलिस रखेगी पैनी नजर

**रांचीः** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, भड़काऊ भाषण, धार्मिक उन्माद, अफवाह फैलाकर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ कर चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश करने वालों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी. शनिवार को पुलिस मुख्यालय में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये आयोजित बैठक में आइजी अभियान सह स्टेट के नोडल अधिकारी अमोल वीणुकांत होमकर ने जिलों के एसपी को कई निर्देश दिये. साथ ही वैसे असामाजिक तत्वों के साथ सख्ती से पेश आने को कहा, ताकि उपद्रवी धार्मिक उन्माद नहीं फैला सकें. इसके अलावा चुनाव आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया.

#### ड्राइव चलाकर सक्रिय अपराधियों को किया गया चिन्हित

वहीं एस ड्राइव चलाकर लंबित वारंट, कुर्की, लंबित कांड, लाइसेंसी हथियार, सक्रिय अपराधकर्मियों व हिस्ट्री शीटरों को चिह्नित कर उन पर की गयी कार्रवाई की भी समीक्षा की.यह भी कहा कि आवश्यकता अनुसार अंतरराज्यीय चेक पोस्ट बनायें और एसपी खुद चेक पोस्ट की मॉनिटरिंग करें. वहीं डीआइजी चेक पोस्टों का औचक निरीक्षण करें. यह सुनिश्चित करें कि चेक पोस्टों पर सीसीटीवी चालू हालत में हो रहे, ताकि अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, अवैध शराब तथा अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की आवाजाही पर निगरानी रखी जाये. बैठक में आइजी अभियान अमोल वीणुकांत होमकर, डीआइजी एसटीएफ इंद्रजीत महथा, वायरलेस डीआइजी अश्विनी कुमार सिन्हा, मौजूद थे. जबकि वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रक्षेत्रीय आइजी, रेंज डीआइजी के अलावा जिलों के एसएसपी व एसपी ने बैठक में भाग लिया.

#### अन्य महत्वपूर्ण निर्देश

केंद्रीय बलों के आवासन व परिवहन की व्यवस्था और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये. अवैध रूप से ले जाये जाने वाले कैश, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए औचक रूप से वाहन चेकिंग करें.

## डीआईजी अनूप बिरथरे ने की समीक्षा बैठक



**रांचीः** विधानसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीआईजी अनूप बिरथरे ने समीक्षा बैठक की. वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर समीक्षा बैठक की. इस मौके पर डीआईजी ने चुनाव को लेकर जिले मे सुरक्षा को लेकर पुलिस की तैयारी की जानकारी ली. डीआईजी ने जिले के उग्रवाद प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों को पूरी तरह एहतियात बरतते हुए ड्यूटी करने का निर्देश दिया है. इसके अलावा उन्होंने कहा कि जिलों में एस ड्राईव चलाकर लंबित वारंट, कुर्कियों, लंबित काण्डों का शीघ्र निष्पादन, लाइसेंसी हथियारों के संबंध में, सक्रिय अपराधकर्मियों और अन्य उपद्रवियों को चिन्हित करते हुए उन पर कार्रवाई की स्थिति के संदर्भ में समीक्षा की. उन्होंने अन्तर्राज्यीय सीमा क्षेत्रों से लगने वाले जिलों के पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि उनके क्षेत्र से लगने वाले अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट को सक्रिय करने का निर्देश दिए.

## मोदी बोले-अंधेरा दूर कर नई रोशनी देगा शंकरा अस्पतालः काशी में किया आई हॉस्पिटल का इनॉगरेशन, शंकराचार्य बोले-पीएम ने सभी को अन्न खिलाया



**वाराणसीः** पीएम मोदी रविवार वाराणसी पहुंचे। एयरपोर्ट पर सीएम योगी और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से सीधे मोदी शंकर आई हॉस्पिटल पहुंचे। मोदी ने बटन दबाकर आई अस्पताल का उद्घाटन किया। शंकराचार्य स्वामी शंकर विजयेंद्र सरस्वती से मुलाकात की, हालचाल जाना। फिर पूरे हॉस्पिटल को घूमकर देखा। पीएम नरेंद्र मोदी ने हर-हर महादेव बोलकर अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा- इस पावन महीने में काशी आना, यह अपने आप में पुण्य अनुभूति का अवसर होता है। यहां अपने काशीवासी तो हैं ही, संत जनों और परोपकारियों का भी संग है। इससे सुखद संयोग भला क्या हो सकता है? अभी मुझे परम पूज्य शंकराचार्य के साथ दर्शन का, प्रसाद पाने का और आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। उनके आशीर्वाद से आज काशी को और पूर्वांचल को एक और आधुनिक अस्पताल मिला है। भगवान शंकर की नगरी में यह अस्पताल आज से जन-जन के लिए समर्पित है।

इससे पहले स्टेडियम में लोगों को सीएम योगी ने संबोधित किया। उन्होंने इसकी शुरुआत ''नमः पार्वती पतये हर हर महादेव'' से की। योगी ने कहा- प्रधानमंत्री जी का मैं हार्दिक स्वागत करता हूं। मैं आभारी हूं जगद्गुरु शंकराचार्य पूज्य स्वामी बिजेंद्र सरस्वती महाराज का, जिनके आशीर्वाद से शंकरा आई हॉस्पिटल की दूसरी यूनिट का शुभारंभ काशी में हुआ। यह अस्पताल नेत्र रोगियों को नया जीवन देने के लिए एक प्रतिष्ठित संस्थान है।

जगद्गुरु शंकराचार्य ने भी लोगों को संबोधित किया। कहा- मोदी जी ने सभी को अन्न खिलाया। वह सामान्य लोगों की दिक्कत को जानते हैं। उनका अनुभव बहुत अच्छा है। वहीं, इससे पहले काशी में जिस रूट से मोदी गुजरे, उसके दोनों तरफ कार्यकर्ता फूल बरसाकर, शंख और ढोल-नगाड़े बजाकर उनका स्वागत किया। वहीं, पीएम के आने से पहले कांग्रेस ऑफिस के बाहर फोर्स तैनात कर दी गई। कांग्रेसियों ने पीएम से मिलने जाने की चेतावनी दी थी।

#### मोदी ने कहा- मोक्ष दायिनी काशी नवजीवन दायिनी बन रही

मोक्ष दायिनी काशी नवजीवन दायिनी बन रही है। पहले की सरकारों ने स्वास्थ्य सेवाओं को जमकर नजरअंदाज किया। पूर्वांचल में 10 साल पहले दिमागी बुखार के इलाज के लिए ब्लॉक स्तर के अस्पताल तक नहीं थे। बच्चों की मौत होती थी। मीडिया में हो-हल्ला होता था। लेकिन, सरकारें कुछ नहीं करती थीं। मुझे संतोष है कि पिछले 10 साल में पूर्वांचल के पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का अभूतपूर्व विकास हुआ है। दिमागी बुखार का इलाज करने के लिए 100 से ज्यादा केंद्र काम कर रहे हैं।

#### मोदी ने कहा- मेरा तीन गुरु पंरपराओं के साथ नाता जुड़ा

पीएम मोदी ने कहा- मेरे लिए संतोष का विषय है कि मेरा तीन गुरु पंरपराओं के साथ नाता जुड़ा है। इससे बड़ा सौभाग्य क्या हो सकता है। आज जगद्गुरु ने विशेष तौर पर मेरे संसदीय क्षेत्र में आने का समय निकाला। मैं यहां के जनप्रतिनिधि के रूप में आपका स्वागत करता हूं और आपका आभार प्रकट करता हूं। पीएम मोदी ने कहा- आज के दिन मेरे मित्र राकेश झुनझुनवाला जी की याद आना भी बहुत स्वाभाविक है। व्यापार जगत में उनकी एक छवि से दुनिया परिचित है। लेकिन, वे सेवा कार्यों से कैसे जुड़े थे। वो आज यहां दिखाई देता है। अब उनकी विरासत को उनका परिवार आगे बढ़ा रहा है। आज मुझे खुशी हुई कि आज मैं राकेश जी के पूरे परिवार से मिला।

## आजसू पार्टी ने की आठ प्रत्याशियों के नाम की घोषणा




रांचीः झारखंड पर विधानसभा चुनाव के लिए आजसू तो पार्टी ने रविवार पहली लिस्ट जारी कर दी जिसमें 8 प्रत्याशी के नाम की घोषणा की गई है । सिल्ली से सुदेश कुमार महतो ,रामगढ़ से सुनीता चौधरी ,लोहरदगा से नीरू शांति भगत ,गोमिया से लंबोदर महतो ,जुगसलाई से रामचंद्र सहिस ,मांडू से निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ,ईचागढ़ से हरेलाल महतो और पाकुड़ से अजहर इस्लाम को प्रत्याशी बनाया गया

#### आजसू को दी गयी हैं कुल 10 सीटें

एनडीए में बीजेपी को 68 सीटें मिली हैं. सुदेश कुमार महतो की आजसू पार्टी को कुल 10 सीटें दी गयी हैं. नीतीश कुमार की जदयू को दो सीटें दी गयी हैं और चिराग पासवान की लोजपा (आर) को चतरा सीट दी गयी है. आजसू शेष दो सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा करेगी. झारखंड में 81 विधानसभा सीटे हैं. राज्य में दो चरणों में चुनाव हो रहे हैं. 13 नवंबर को पहले चरण का मतदान है. दूसरे चरण की वोटिंग 20 नवंबर को है. 23 नवंबर को वोटों की गिनती होगी.

## शिक्षाविद महा सम्मेलन का आयोजन किया गया



जमशेदपुर । प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक संगठन है। यह संस्था आध्यात्मिक शिक्षा राजयोग, ध्यान और व्यक्तिगत परिवर्तन को बढ़ावा देने हेतु शिक्षा विभाग राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन, माउंट आबू, राजस्थान द्वारा संचालित यूनिवर्सल पीस पैलेस, ए रिट्रीट सेंटर में आज दिनांक 20.10.2024 को "शिक्षाविद महासम्मेलन" का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का निर्धारित समय संध्या 4:00 से 8:00 बजे तक था। इस महासम्मेलन में शहर के सभी शिक्षाविद जैसे:- चाकुलिया, चांडिल, बहरागोड़ा, बलरामपुर, घाटशिला, गम्हरिया, चक्रधरपुर, सरायकेला के विद्वान डीन, विभाग प्रमुख, कुलपति, स्कूल कॉलेज के शिक्षक, नेता, प्रिंसिपल, हेडमास्टर, प्रशासक, सरकारी अधिकारी, शिक्षा मंत्रालय के अधिकारी, नीति सलाहकार के साथ ही शिक्षा में नव प्रवर्तक, कॉर्पोरेट प्रशिक्षक और उद्योग विशेषज्ञ, शिक्षा विशेषज्ञ शिक्षा के क्षेत्र में गैर सरकारी संगठन, गैर सरकारी संगठन प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था। शिक्षाविद महासम्मेलन के मुख्य अतिथि भ्राता विजय कुमार प्रिंसिपल चर्च सरायकेला, प्रभाकर सिंह (वाइस चांसलर, सोना देवी यूनिवर्सिटी) उपस्थित थे।

## पूर्व विस प्रत्यासी अंजू सिंह ने विस क्षेत्र के कई गांवों का किया भ्रमण,बदलाव के लिए लोगों से आगे आने का किया अपील



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : पूर्व विस प्रत्यासी अंजु सिंह ने आज विश्रामपुर विस क्षेत्र के दर्जनों गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया। लोगों की समस्याएं सुनी और समाधान हेतु सार्थक प्रयास करने का भरोसा दिलाया। श्रीमती सिंह ने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र को भ्रष्टाचार मुक्त करने का समय आ गया है। यह चुनाव जनता के लिए अवसर है। इस अवसर को छोड़ने की जरूरत नहीं है। अपने मत का ताकत एक जुट होकर दिखाइए और विश्रामपुर को पूर्ण विकसित होने का मार्ग प्रशस्त करिए। मौके पर अंजू अभिमन्यु टीम के केंद्रीय नेता नईमुद्दीन अंसारी,पार्षद सलीमुदिन अंसारी,टीम के नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा,प्रवीण सिंह,उस्मान अंसारी,जितेंद्र बहेलिया सहित कई लोग मौजूद थे।

## भारत जकात मांझी प्रगना महाल समाज की हुई बैठक

बरकट्ठा(हजारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आदिवासी विकास उच्च विद्यालय शिलाडीह के प्रांगण में भारत जकात मांझी प्रगना महाल समाज की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड रामजी बेसरा ने कि संचालन प्रखंड सचिव मनोज मुर्मू ने किया। बैठक का आयोजन आगामी 20 अक्टूबर को आसनसोल में समाज कि होने वाली राष्ट्रीय महासम्मेलन को सफल बनाने एवं आदिवासी समाज में फैल रही कुरीतियों को दूर करने को लेकर हुई। रामजी बेसरा ने कहा कि बरकट्ठा क्षेत्र में धर्मांतरण का मामला दिनों दिन बढ़ता जा रहा है।जिससे आदिवासी समाज पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।इस तरह से अगर धर्मांतरण होता है रहा तो हमारे समाज के लिए ठीक नहीं है। हमसभी को मिलकर इस तरह की कुरीतियों को खत्म कर धर्मांतरण जैसी बातों को रोकना होगा।उन्होंने आगामी 20 अक्टूबर को महासम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में लोगों से भाग लेने की अपील किया। इस अवसर पर दिनेश बास्के, तालो बास्के, बालेश्वर बास्के, रामू मरांडी, राजाराम मांझी, शिवलाल मांझी, दशवा मुर्मू समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल में विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावक व शिक्षक के साथ हुई बैठक



बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गंगपाचो गांव स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावक व शिक्षक के साथ बैठक किया गया।बैठक में माता-पिता, जनप्रतिनिधि और शिक्षकों को एक मंच पर लाकर विद्यार्थियों के सीखने के स्तर पर चर्चा हुई। शिक्षकों ने बच्चों के सामूहिक व्यवहार मे साकारात्मक परिवर्तन को लेकर चर्चा किया। बैठक मे अनियमित उपस्थिति वाले बच्चो को चिन्हित किया गया और उनके नियमित उपस्तिथि पर विचार विमर्श हुआ। अभिभावक और शिक्षकों ने बच्चो के शैक्षणिक उपलब्धि स्तर को बचाने का संकल्प लिया। इस मौके पर निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती ने बच्चों को नियमित तौर पर स्कूल आने और बच्चो को भटकाव से बचने का फ़ायदा बताया।प्रचार्या स्वाती रंजन ने कहा की शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और शिक्षक-अभिभावकों के बीच शिक्षा की अवधारणा को मजबूत करने के लिए आज यह गोष्ठी आयोजित की गई है। सफल बनाने में शिक्षक देवेश चंद्रा, अनिल कुमार, रामनन्दन कुमार, विशाल मिश्रा, मानती लकड़ा, दीक्षा कुमारी, कुलदीप पासवान, हेमंत कुमार, पूनम कुमारी समेत अन्य कई लोग शामिल रहे ।

## दीपावली मनाने को लेकर शिलाड़ीह में ग्रामीणों की हुई बैठक

बरकट्ठा(हज़ारीबाग)। बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शिलाड़ीह में दीपावली पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों ने बैठक की।बैठक की अध्यक्षता श्याम सिंह ने कि व संचालन अर्जुन पांडेय ने किया। बैठक में दीपावली पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष बाबूलाल पांडेय, सचिव राजकुमार गिरी, कोषाध्यक्ष सूरजदेव प्रजापति को चुना गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि दीपावली पूजा पर व्यास अशोक राणा के द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम दुगोला प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बैठक में राम तीर्थ पांडेय, अवध किशोर सिंह, शिवलाल यादव, राजन चौधरी, पवन पांडेय, गोपाल मंडल, संतोष मंडल, रजनीकांत पांडेय, रामेश्वर राम, भीम भुईयां, चितामन पंडित, छोटेलाल मंडल, संदीप कुमार साव, मुकेश पांडेय, राम प्रसाद ठाकुर समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक जनार्दन पासवान हुए लोजपा (आर) में शामिल , चतरा सीट पर किया दावेदारी पेश

रांची : चतरा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान आज दिल्ली में लोजपा (रामविलास) में शामिल हुए | पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल खालिक ने झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान के साथ जनार्दन पासवान को पार्टी की सदस्यता दिलाई | पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने क पश्चात प्रधान महासचिव अब्दुल खालिक एवं झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान के साथ जनार्दन पासवान लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्र सरकार में मंत्री चिराग पासवान से मुलाकात किया एवं चतरा विधानसभा के लिए अपनी दावेदारी पेश करते हुए पार्टी के सिंबल के लिए निवेदन किया | उल्लेखनीय है कि जनार्दन पासवान पहली बार जनता दल के टिकट पर 1995 में चतरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीते थे। इसके बाद वे वर्ष 2009 में राजद से दोबारा चतरा के विधायक चुने गए। 2014 के विधानसभा चुनाव में भी वे राजद के टिकट से चुनाव लड़े थे। चतरा विधानसभा सीट एससी सुरक्षित सीट है. इस सीट पर पासवान वोटर्स की संख्या अच्छी रही है.साथ ही बिहार से सटे होने के कारण बिहार की राजनीति का भी प्रभाव रहा है.

# रांची विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से अनेकों युवाओं और महिलाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा



रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा से राज्यसभा सांसद डॉ॰ महुआ माजी जी के आवासीय कार्यालय में रांची विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से युवाओं और महिलाओं का हुजूम ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। इस अवसर पर युवाओं और महिलाओं ने एक स्वर में कहा कि माननीय राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी जी के द्वारा हमेशा के सुख दुख में साथ खड़ा होती हमेशा तत्पर है आम जनता के कार्यों के लिए और रांची का विकास इन्हीं के हाथों होगा इसलिए हम सभी कोई महुआ माजी जी से प्रेरित होकर हमलोग झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम रहे हैं। माननीय राज्यसभा सांसद डॉ॰ महुआ माजी जी ने सभी को अंग वस्त्र देकर पार्टी में शामिल कराया।

अपने आवासीय कार्यालय में इस सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय राज्यसभा सांसद डॉ॰ महुआ माजी जी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष वीर शिबू सोरेन जी के सपनों के झारखंड को आगे बढ़ाते हुए माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी लगातार झारखंड के तमाम लोगों के लिए हर वह कार्य कर रहे हैं जिससे कि सभी के जिंदगी में खुशी का पल आए। और हमारा झारखंड उन्नति करें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सोमवित माजी,नन्द किशोर सिंह चंदेल,अनीश वर्मा ने अपना योगदान दिया।सदस्यता ग्रहण करने आए लोग का नेतृत्व अनिस कुमार वर्मा, अर्जुन वर्मा, बाबूराम जी, रतन प्रसाद, टिंकू जी, राजू वर्मा, कन्हैया जयसवाल,विनय मेहता, जीतू अरोड़ा, सुमित घोष, रवि गुप्ता, रवि कुमार साहू, विवेक महली, रंजीत जयसवाल, सुधांशु सिंह, सुजीत गुप्ता, अर्जुन चंद्रवंशी, पावन कुमार, अमित साव, गोलू चौरसिया, वरिष्ठ महतो, प्रमोद महतो, अमर वर्मा, सुशील मिश्रा,पूनम गुप्ता, रीना देवी, प्रीति रानी, प्रियंका देवी, माला देवी, लाखो देवी, आरती देवी, अंजना देवी, आरती देवी, गीता देवी, अंजली देवी, रेखा देवी, लिलम देवी, कांता देवी, अविनाश सिन्हा, मोनू सिंह, मिठु कुमार, देवरस साव, रिमिक्स एक्का, संदीप ठाकुर, विनय प्रकाश एक्का, दुलाल वर्मा, छोटू गोप, अजय वर्मा बाबू राम, जीतू अरोड़ा, रिमिक्स, अजय वर्मा, संदीप ठाकुर, छोटू गोप, दुलाल वर्मा, वीरेंद्र सिंह, भोला, सुभाष प्रसाद, विनय प्रकाश एक्का, मोपाली घोष, नेता विश्वाश, दादाना परवीन, रंजीत कुमार यादव, नागेश्वर साव, विनय मेहता, पिंटू कुमार, मिथुन कुमार, बॉबी, देवराज, रवि कुमार साहू, कन्हैया जयसवाल, अविनाश सिन्हा, मनु सिंह,

सुमित घोष, तरुण घोष, शांतनु घोष,शानु घोष, शेफाली गोप, दीपक कुमार, रंजीत जयसवाल, पसवां कुमार महतो, अर्जुन वर्मा, अमर वर्मा, वशिष्ठ, सरीता देवी, नीलम देवी,सुगा पति, शांति देवी, चंपा देवी, मंजु देवी, बबिता देवी, रिना देवी, रेणु देवी, गुड़िया देवी, आरती देवी, गीता देवी, पार्वती देवी, रेखा देवी, कविता देवी, प्रीति देवी, सीमा देवी, सुमित्रा देवी, सुनीता देवी, उर्मिला देवी, सरिता देवी, अनिता देवी, रंजु देवी, बसंती देवी, शीला देवी, सुनीता देवी, सोनी कुमारी, अनुराधा कुमारी, रंजीत यादव, अंजू कुमारी, रंजना देवी, रिहा देवी, कविता देवी, पूनम गुप्ता, रीना देवी, आरती देवी, रेखा देवी, अंजनि देवी, प्रियंका देवी, सोनम कुमारी, सुधा देवी, प्रीति रवि, अनिता देवी, विभा देवी, मनीषा देवी, अनिल केशरी, पीयूष तलेजा, कनिस गाबा, कमराज खतरी, गुड़िया देवी, बबिता देवी, रेखा देवी,गायत्री देवी, नीलम देवी, गुड़िया देवी, आरती देवी, विवाह देवी, सुनीता देवी, प्रेमलता देवी, गायत्री देवी, उर्मिला देवी, अमित कुमार साव, नरेश कुमार मक्कड़, जीतू अरोड़ा, भरत मुंजाल, इलाईची देवी, रूचि देवी, आरती देवी, टीना देवी, अनिता देवी, पिंकी देवी, सुमन देवी, रेशमी देवी, आरती देवी, आदि लोगों ने पार्टी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा.

## भाजपा प्रत्यासी घोषित होने के बाद रामचंद्र चंद्रवंशी पहुंचे विश्रामपुर,कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : भाजपा प्रत्यासी घोषित होने के बाद आज विश्रामपुर पहुंचे पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। रेहला बी मोड़ चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्री चंद्रवंशी को फूल मालाओं से लाद दिया। विश्रामपुर बस स्टैंड के पास कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने उनका अभिनंदन किया। इस दौरान उत्साहित कार्यकर्ताओं ने बम पटाखे फोड़े और जमकर आतिशबाजी की। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता जनता के समर्थन से विश्रामपुर में एक बार फिर कमल खिलाएंगे। इस बार बड़े अंतर से जीत होगी। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बननी तय है। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम,महिला मंडल अध्यक्ष किरण शर्मा,पूर्व नप अध्यक्ष देवनारायण सिंह,मनीष कुमार,सत्यनारायण सोनी,पांडू मंडल अध्यक्ष मनोरंजन गुप्ता,अवधेश सिंह,जनक शर्मा,राधेश्याम विश्वकर्मा,इदरीश हवारी,आलोक सिंह,विकाश चौबे मिंटू,नरसिंह चौबे, शिवबंश मिश्रा,संतोष केशरी,विजय कुमार रवि,सुनील कुमार चौधरी,धर्मेंद्र केशरी,मनोज शुक्ला,पार्षद दिनेश शुक्ला,राहुल चौबे,शुशील शुक्ला,धीरन तिवारी,रजनीश चंद्रवंशी,उखमजी यादव सहित काफी संख्या मे कार्यकर्ता मौजूद थे।

## श्री काली पूजा आयोजन महासमिति का भूमि पूजन संपन्न



रांचीः श्री काली पूजा आयोजन महासमिति मैन रोड का भूमि पूजन पूरे विधि -विधान से संपन्न किया गया । कलकत्ता के प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा माँ काली की मूर्ति बनाया जाएगा एवं बंगाल से ढाक होंगे ।

इस वर्ष बहुत ही धूमधाम से काली पूजा किया जाएगा । भूमि पूजन में बहुत सारे माता- बहन लोग शामिल हुए एवं बहुत ही उत्साह के साथ पूजा करने का संकल्प लिया । बहुत सारे कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। शहर के तमाम लोगो को पूजा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा ।आज के भूमि पूजन में मुख्य रूप से चंद्रशेखर आज़ाद दुर्गा पूजा के मुख्य संरक्षक जैनेन्द्र प्रसाद ,सचिव रामानंद ठाकुर , कमलेश कुमार अरोड़ा , काली पूजा समिति की अध्यक्ष अर्चना मिर्धा , मुख्य संरक्षक राजेश साहू , सचिव स्वपना चटर्जी , शुभाशीष चटर्जी , मेहुल प्रसाद , बादल सिंह,तरंग मित्तल , प्रियंका सिंह जिया , चंदा तिवारी , प्रीति सिन्हा , सुशीला लकड़ा , बेबी गाड़ी , रजनी अग्रवाल , लीना गुप्ता , राखी कौर ,स्वेता सिंह, दुर्गा तिवारी , रीता दुबे ,सपना गुप्ता, रंजीता पांडेय ,खुशबू गुप्ता , पुजारी मनोज मिश्रा , बद्री ,हीरा पकनेजा , दीपक टाटिया, साधना झा,अबीर चटर्जी सोमा चटर्जी , सोमाली चटर्जी , हनी चटर्जी , अभिषेक बनर्जी ,अर्चना गुप्ता,सुधांशु सिंह ,संगीता , अर्चना गया आदि लोग मुख्य रूप से शामिल हुए ।

## निर्वाची पदाधिकारी सिमरिया व चतरा द्वारा विभिन्न चेकनकों का निरीक्षण किया गया, विभिन्न होटलों में भी की गई छापेमारी

कोयलांचल संवाद संवाददाता





चतराः जिले के चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को मतदान होना है। इसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री रमेश घोलप के निर्देशानुसार विधानसभा आम चुनाव 2024 को देखते हुए जिले के अंतर्राज्यीय व अंतरजिला चेकनाका पर 24x7 चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। ताकि निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र एवं भयमुक्त माहौल में निर्वाचन से जुड़े कार्यों को पूर्ण किया जा सके। साथ ही प्रवर्तन एजेंसियों के जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारियों जिसमें एसएसटी टीम के साथ बैंक, वन विभाग, उत्पाद विभाग, जीएसटी व संबंधित विभाग द्वारा भी जांच अभियान चलाई जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निष्पक्ष, पारदर्शी, स्वतंत्र एवं भयमुक्त माहौल में चुनाव कराने को लेकर शनिवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर शख्त निर्देश दिया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन हो यह सुनिश्चित करें। आगे कहा सभी सीमावर्ती क्षेत्रों से अवैध शराब, पैसा, ड्रग्स या किसी प्रकार के संदिग्ध वस्तुओं का अवैध परिवहन नहीं होने पाए, जिससे चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सके, इसके लिए व्यापक छापेमारी, जांच व अन्य अभियान चलाए।

शनिवार को ही निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज और निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जुहूर आलम द्वारा विभिन्न चेकनकों पर चल रही जांच का औचक निरीक्षण किया गया। साथ ही चतरा और सिमरिया के विभिन्न होटलों में भी छापेमारी की गई।

## गोमिया चेक पोस्ट का किया औचक निरीक्षण:उपायुक्त और एसपी पहुंचे चेक पोस्ट, वाहन जांच पंजी की समीक्षा की



बोकारो : विधानसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। जिले के विभिन्न चौक-चौराहों पर स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) द्वारा छोटे-बड़े वाहनों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को उपायुक्त विजया जाधव, एसपी मनोज सवर्गिया, उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी समेत अन्य अधिकारियों ने आइईएल थाना गोमिया स्थित चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया।

### वाहन जांच पंजी का किया निरीक्षण

अधिकारियों ने स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा किए जा रहे वाहन जांच पंजी की समीक्षा की और उन्हें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने निर्देश दिया कि छोटे-बड़े सभी वाहनों की जांच की जाए, और अगर किसी वाहन से आपत्तिजनक सामग्री या अवैध राशि बरामद होती है तो उसे जब्त कर तत्काल जिला प्रशासन को सूचित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारियों ने लगभग एक घंटे तक खुद भी छोटे-बड़े वाहनों की जांच की, जिसमें वाहनों के डैशबोर्ड और डिक्की की विशेष रूप से जांच की गई। इसके अलावा, कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए तैनात पुलिसकर्मियों को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### प्रशासन द्वारा की जा रही सख्त निगरानी

जिले में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए चौक-चौराहों पर वाहनों की सघन जांच जारी है। प्रशासनिक अधिकारियों ने यह भी अपील की कि 20 नवंबर 2024 को होने वाले विधानसभा चुनाव के दौरान जिले के सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने में अपना योगदान दें।

## धनबाद में हैप्पी स्ट्रीट का आयोजनःचुनाव में वोटिंग बढ़ाने को लेकर जागरूकता



धनबादः धनबाद विधानसभा निर्वाचन को लेकर नगर निगम स्वीप कार्यक्रम के तहत रविवार को लूबी सर्कुलर रोड में हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन किया गया। जहां सुबह छह से नौ बजे तक कार्यक्रम चलाया गया। मौके पर नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने बताया कि मतदाता जागरूकता, मत प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत योगा, कराटे, डर्ट गेम, बैंड कंसर्ट, डांसिंग, सिंगिंग, स्केटिंग, थ्री डी पेंटिंग, जादूगरी तथा बच्चों व बुजुर्गों के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजन खेल आदि का आयोजन किया गया।

### लोगों ने उठाया आनंद

वहीं शहर के लूबी सर्कुलर रोड पर रविवार को नगर निगम की ओर से आयोजित हैप्पी स्ट्रीट में नृत्य-संगीत के साथ लोगों ने विभिन्न खेलों का भरपूर लुत्फ उठाया। हेल्थ चेक अप कराने के साथ लोगों ने योगाभ्यास किया। सुबह छह से नौ बजे तक आयोजित कार्यक्रम में काफी संख्या में स्कूली बच्चे, महिलाएं व पुरुषों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को वोट के प्रति जागरूक करना था। कम्युनिटी हेल्थ सेंटर से लेकर जमाडा के मुख्य द्वार तक तरह-तरह के गेम, हेल्थ चेक अप कैंप, योगा, रॉक बैंड सहित कई स्ट्रीट फूड के स्टॉल लगाये गये थे। सुबह छह से नौ बजे तक चले हैप्पी स्ट्रीट में लोगों ने संडे को फन डे के रूप में मनाया।

## शिवसेना क्लब दुर्गा पूजा समिति पूजा पंडाल के पदाधिकारी हुए सम्मानित



रांचीः रातू रोड प्रतिष्ठा मैरिज हॉल में छात्र क्लब ग्रुप की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ।इस मौके पर शिवसेना क्लब दुर्गा पूजा समिति,लकड़ी टाल के वरीय संरक्षक उदय प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना सिंह,अध्यक्ष रमाकांत ओझा एवं रांची के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडाल में शांति व्यवस्था कायम रखने में अहम भूमिका निभाने के लिए अंजना प्रियदर्शनी को अंगवस्त्र,पगड़ी एवं तलवार भेंटकर सम्मानित किया गया।विदित हो शिवसेना क्लब दुर्गा पूजा समिति द्वारा भव्य पूजा पंडाल निर्माण किया गया था साथ ही पंडाल के अगल-बगल मेले का आयोजन भी किया गया था जिसका श्रद्धालुओं एवं बच्चों ने भरपूर आनंद लिया जो स्वच्छता, पर्यावरण,शांतिपूर्ण माहौल मे संपन्न हुआ।इसके लिए शिव किशोर शर्मा ने शिवसेना क्लब के पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया और पूजा समिति से आग्रह किया आगे भी इसी तरह के शांतिपूर्ण माहौल में पूजा आयोजित होते रहे।

इस मौके पर छात्र ग्रुप के वरीय संरक्षक नरेश पंडित,शुभम चौधरी,नीलम शर्मा,कुमारी शीला,सुबोध कुमार शर्मा,सुभाष कुमार आदि मौजूद थे।

# वैश्य मोर्चा का 6वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



रांचीः रेडियम रोड़ स्थित आलोका सभागार में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का 6वां स्थापना दिवस मनाया बड़े धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर अतिथियों द्वारा छह पाउंड का केक भी काटा गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता वैश्य मोर्चा के अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया. स्थापना दिवस की शुरुआत मुख्य अतिथि सह पूर्व न्यायाधीश सरयू प्रसाद, विशिष्ट अतिथि सह पत्रकार नंद किशोर अग्रवाल, बिहार के वैश्य नेता जितेन्द्र गुप्ता, केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप जला कर किया गया. इसके पूर्व सभी अतिथियों को वैश्य मोर्चा की ओर से स्मृति चिन्ह, बुके एवं अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया गया. तत्पश्चात वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी साहु द्वारा स्वागत भाषण दिया गया.

इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सह पूर्व न्यायाधीश सरयू प्रसाद ने कहा कि झारखंड में वैश्य समाज बहुत बड़ी आबादी है. लेकिन जागरूकता के अभाव में अपने अधिकारों से वंचित रह रहा है. वैश्य मोर्चा के प्रयास से सरकार के पास संदेश तो जा रहा है. लेकिन आने वाले दिनों में अभियान को और अधिक तेज करने की जरूरत है. मैं हमेशा साथ खड़ा रहूँगा.

बिहार के वैश्य नेता जितेन्द्र गुप्ता ने कहा कि मैं वैश्य मोर्चा के कार्यक्रमों से काफी प्रभावित हुआ हूं. जो भी बिहार के वैश्य झारखंड में रहते हैं, उन्हें वैश्य मोर्चा से जुड़ने की अपील करता हूँ.

विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार नंदकिशोर अग्रवाल ने कहा कि वैश्यों में बड़ी ताकत का संचार हुआ है. यह सब वैश्य मोर्चा के आंदोलन और कार्यक्रमों की देन है. मेरा दरवाजा वैश्य समाज के लिए हमेशा खुला है.

अध्यक्षीय भाषण में केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि संगठन बनाना बहुत आसान है, लेकिन संगठन को मुद्दों और विचारधारा के साथ चलाते रहना बेहद कठिन है. वैश्य मोर्चा के सदस्यों ने इसी कठिन काम को निरंतर आगे बढ़ाने का काम किया है. श्री साहु ने कहा कि वैश्य मोर्चा किसी जाति, धर्म, समुदाय या पार्टी का विरोधी नहीं है, लेकिन अपने वाजिब हक-अधिकार, सुरक्षा एवं सम्मान के लिए वैश्य मोर्चा किसी से भी लड़ने का माद्दा रखती है. यह मेरा संवैधानिक अधिकार भी है.

समारोह को हाइकोर्ट के अधिवक्ता रामसेवक प्रसाद, सहदेव चौधरी, वैश्य मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, रेखा मंडल, संथाल प्रमंडल के अध्यक्ष प्रमोद चौधरी, समाजसेवी संजीव चौधरी, सुरेश साहु, शिक्षाविद ढ़लन साव, अश्विनी कुमार साहु, पतरातू विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष आदित्य नारायण प्रसाद आदि ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम का संचालन उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद एवं अशोक गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया.

इस अवसर पर मुख्य रूप से वरीय उपाध्यक्ष मोहन साव, केंद्रीय उपाध्यक्ष परशुराम प्रसाद, लक्ष्मण साहु, केंद्रीय महासचिव विष्णु मंडल, शिव प्रसाद साहु, संथाल प्रमंडल के महासचिव गजेंद्र केशरी, जिलाध्यक्ष राजकुमार वर्णवाल (देवघर), रोहित कुमार साहु (रांची), प्रीति कुमारी साहा (चतरा), संगठन महासचिव कृष्णा साहु, केंद्रीय सचिव दिलीप प्रसाद, रामाशंकर राजन, संगठन सचिव अनिल वैश्य, लखन अग्रवाल, जगदीश साहु, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहु, केंद्रीय सदस्य डॉ. अरविंद कुमार, नरेश साहु, भुनेश्वर साव, अरुण कुमार गुप्ता, राजेन्द्र साहु, युवा मोर्चा के अध्यक्ष हलधर साहु, छात्र मोर्चा के अध्यक्ष युवराज साहु, देवकुमार पंडित, माथुर साव, रवीन्द्र प्रसाद, कपिल प्रसाद, उमेश ठाकुर, आदित्य पोद्दार, पवन साहु आदि उपस्थित थे.

## बंगाल में बन रहे लो प्रेशर का झारखंड में असरः23 से बदलेगा मौसम, 12 जिलों में बारिश के आसार

रांची. झारखंड के कई हिस्सों में 23 अक्टूबर से मौसम का मिजाज बदल सकता है। बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया बन रहा है। प्रदेश में इसका आंशिक असर दो से तीन दिन रहेगा। इससे कुछ हिस्सों में आकाश में बादल छाए रहेंगे। हल्की बारिश भी हो सकती है। सबसे अधिक असर कोल्हान वाले हिस्से में पड़ सकता है। मौसम केंद्र ने पूर्वानुमान किया है कि 22 अक्टूबर तक मौसम शुष्क रहेगा। इस दौरान बारिश का अनुमान नहीं है। लो प्रेशर का झारखंड के कई हिस्सों में असर हो सकता है। इसका सबसे अधिक असर कोल्हान वाले हिस्से में पड़ सकता है। राज्य के पूर्वी और दक्षिणी इलाके में बारिश की संभावना है। जिन जिलों में बारिश का अनुमान लगाया गया है, उसमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा तथा सरायकेला-खरसावां है। इन जिलों के साथ ही देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ तथा साहेबगंज में बारिश हो सकती है। बीते 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई है। सबसे अधिक बारिश 44.5 मिमी पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा में दर्ज किया गया है। इन 24 घंटे के दौरान सर्वाधिक तापमान सरायकेला का रहा। यहां 34.9 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। सबसे कम तापमान रांची का रहा। न्यूनतम तापमान का आंकड़ा 21.4 डिग्री सेल्सियस रहा है।

## झारखंड पार्टी ने पांच उम्मीदवारों की सूची जारी की



रांचीः झारखंड पार्टी ने रविवार को पांच उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी. इसमें खास बात यह है कि तमाड़ से पूर्व विधायक रमेश सिंह मुंडा के पुत्र राजकुमार मुंडा को उम्मीदवार बनाया है. वहीं राजकुमार मुंडा के भाई विकास मुंडा के झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़ने की संभावना है. चार दिन पहले भी पार्टी ने पांच उम्मीदवारों की सूची जारी की थी. इसमें मनोहरपुर से महेंद्र जमुदा, सिमडेगा से आयरिन एकका, चाईबासा से कोलंबस हांसदा, कांके से अनिल कुमार पासवान और कोलेबिरा से संदेश एक्का का उम्मीदवार बनाया गया है. अब तक पार्टी ने 10 उम्मीदवार घोषित कर दिए गए हैं. झारखंड पार्टी ने 20 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है.

## पुलिस ने दो एसएलआर राइफल किया बरामद



रांचीः झारखंड में विधानसभा चुनाव होने हैं. इसको लेकर राज्य की पुलिस सतर्क है. झारखंड पुलिस लगातार सर्च अभियान और नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है. इसी बीच चाईबासा पुलिस ने दो एस लार राइफल बरामद किया है. यह हथियार प्रतिबंधित भा०क०पा० (माओ०) नक्सली संगठन के ही अन्य सदस्य अमित मुण्डा, प्रभात मुण्डा, चमन उर्फ लम्बु, सालुका कायम, रिसिब उर्फ जिउरी, बुलबुल, बीर सिंह, हेमंती एवं संजय के द्वारा कराईकेला थानान्तर्गत लादुराडीह एवं सुरुगाडा के जंगली / पहाड़ी क्षेत्र में हथियारों को छुपाकर रख गया है, जिसके आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), चाईबासा के नेतृत्व में सीआर०पी०एफ० 157 BN के साथ एक संयुक्त अभियान दल का गठन करते हुए उक्त जंगली / पहाड़ी क्षेत्र में सर्च अभियान प्रारंभ किया गया। संयुक्त अभियान दल द्वारा अग्रतर सर्च अभियान के दौरान कल कराईकेला थानान्तर्गत लादुराडीह एवं सुरूगाड़ा के आस-पास जंगली / पहाड़ी क्षेत्र से 02 (दो) एस०एल०आर० रायफल बरामद किया गया, जिसे विधिवत् जप्त किया गया.

## मनरेगाः केंद्र ने बकाया भुगतान करने का दिया निर्देश, चौथी किस्त में सिर्फ 6.52 करोड़ मिले

रांची : मनरेगा से चौथी किस्त में इस बार सिर्फ 6 करोड़ 52 लाख और 81 हजार 584 रुपये की ही राशि स्वीकृत हुई है. झारखंड को यह राशि आवंटित भी कर दी गयी है, जिलों को इसे भेज दिया गया है. अनुसूचित जाति के लिए 65,01,025 रुपये, अनुसूचित जनजाति के लिए 1,74,24,551 रुपये व अन्य के लिए 4,13,56,008 रुपये दिए गये हैं. केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने यह भी कहा कि इस राशि से वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1 अप्रैल 2024 से बकाया मजदूरी भुगतान इत्यादि करना भी सुनिश्चित करें. सारे ओल्ड पेडिंग राशि को हर हाल में क्लीयर करने को कहा गया है. इसे प्राथमिकता से लेने को कहा गया है जिसे भारत सरकार जल्द ही रिव्यू भी करेगी.

## पैदल व साइकिल से चुनाव प्रचार करते थे रामटहल चौधरी

रांचीः रांची के पूर्व सांसद व कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक रहे रामटहल चौधरी ने 1967 में पहला विधानसभा चुनाव लड़ा था. उन्होंने मुखिया से लेकर सांसद तक का सफर तय किया. कांके विधानसभा क्षेत्र से वे दो बार विधायक व रांची लोकसभा सीट से पांच बार सांसद चुने गये. श्री चौधरी ने बताया कि जब वे पहली बार कांके विधानसभा से चुनाव लड़े थे, तो लगभग पांच से सात हजार रुपये खर्च हुए थे. श्री चौधरी ने बताया चुनाव प्रचार पैदल व साइकिल से करते थे. एक दिन में अधिकतम 40 से 50 किलोमीटर क्षेत्र का दौरा करते थे. चुनाव में कार्यकर्ता ही सभी जिम्मेदारी संभालते थे. लोग यह आश्वासन देते थे इस इलाके की जिम्मेदारी उन पर है. उस क्षेत्र में आने वाले सभी मतदान केंद्रों की जिम्मेदारी व एजेंट से लेकर उसके खाने तक का खर्च कार्यकर्ता ही उठाते थे. उन्होंने बताया एक बार चुनाव में प्रचार के लिए वे साइकिल रैली निकाले थे. रैली में लगभग 400 साइकिल सवार शामिल हुए थे. बता दें कि रामटहल चौधरी 1967 में पहली बार विधानसभा चुनाव लड़े थे. 1969 से 71 और 1972 से 1977 तक बिहार विधानसभा के लिए चुने गए. फिर वे 1977 से 1996 तक ओरमांझी के ग्राम पंचायत के मुखिया रहे. रामटहल चौधरी 1988 में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष बने. 1991 और 1996 में वे दो बार लोकसभा के सांसद बने. फिर वे 1988 और 1999 में लोकसभा के लिए चुने गए. 2014 में वे फिर से लोकसभा के लिए चुने गए. हलांकि 2019 लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने चौधरी का टिकट काट कर संजय सेठ को दे दिया था, जिसके बाद उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ा, हालांकि कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाए और उनकी जमानत जब्त हो गई थी.

## भाजपा नेता संदीप वर्मा रांची से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे

रांची : भाजपा कार्य समिति के सदस्य सह मीडिया चुनाव प्रबंधन के संयोजक और मीडिया विभाग के पैनेलिस्ट संदीप वर्मा ने भारतीय जनता पार्टी छोड़कर रांची विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की. उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ता का दर्द है जो संगठन को अपने खून से खींचकर इससे विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाया है. 2019 की गलती पार्टी में की थी दोबारा इस गलती को दोहराया जा रहा है राजकुमारी और सर्वे को अनदेखा कर जिस प्रकार से टिकट का बंटवारा किया गया है हम किस मुंह से जनता के बीच परिवारवाद के खिलाफ बात करेंगे. हर कार्यकर्ता के मन में सवाल है कि बाबूलाल सोरेन, रघुवर दास की बहू, मीरा मुंडा, अपने भारतीय जनता पार्टी के लिए क्या किया है उन्हें किस आधार पर टिकट दिया गया. लोकसभा चुनाव में हर उम्मीदवार समीर उरांव, गीत कोडा,सीता सोरेन और रोशन लाल चौधरी जो 5 मिनट पहले आए और उन्हें किस आधार पर टिकट दिया गया. बाबूलाल मरांडी जैसे आदिवासी नेता गैर आदिवासी सीट से लड़ेंगे तो आदिवासी सीटों पर क्या संदेश जाएगा. कार्यकर्ता जो अपने बड़े नेता के मार्गदर्शन से चलते है वह व्यथित हैं.

# कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सीइओ ने मतदाता जागरूकता वाहन को किया रवाना



रांची-झारखंड के सीईओ (मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी) के रवि कुमार ने राज्य के सभी मतदाताओं से अपील की है कि स्वयं भी मतदान करें और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें. उन्होंने कहा कि मतदाता अपने अधिकार का सही इस्तेमाल करें एवं नैतिक मतदान के प्रति सजग बनें. वे रविवार को धुर्वा के निर्वाचन सदन से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जागरूकता वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान मीडिया से मुखातिब थे.

सीईओ के रवि कुमार ने कहा कि पिछले चुनाव में जिन क्षेत्रों में कम मतदान हुआ है, उन सभी क्षेत्रों में इन प्रचार वाहनों के माध्यम से मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेश प्रसारित किए जाएंगे. इसके लिए कुल 36 प्रचार वाहन तैयार किए गए हैं, जो राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में घूम-घूमकर नैतिक मतदान के प्रति जागरूक करेंगे. अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाएं. प्रचार वाहनों को रवाना करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोक कलाकारों ने मतदाता जागरूकता से संबंधित स्थानीय लोकभाषा में मतदाता जागरूकता से संबंधित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं.

### पूरे राज्य में चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा ने इस अवसर पर बताया कि विधानसभा चुनाव 2024 के बाबत पूरे राज्य में लोकल थीमों को ध्यान में रखते हुए स्वीप के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. इस मौके पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, उपनिदेशक जनसंपर्क आनंद सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सभी पदाधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे.

# शस्त्रागार और गन हाउस में हथियार जमा करने की होड़, पिछली बार हुई कार्रवाई का डर



रांचीः विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के लिए रांची पुलिस अपनी तैयारी में जुटी हुई है. इसी कड़ी में राजधानी में लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन कर शस्त्रागार और गन हाउस में जमा करवाने का काम शुरू कर दिया गया है. लाइसेंसी हथियारों के लिए अलग-अलग क्राइटेरिया बनाकर उनका सत्यापन किया जा रहा है.

### 200 से ज्यादा लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन

लोकसभा चुनाव के दौरान जिन लोगों ने सरकारी आदेश के बावजूद अपने लाइसेंसी हथियार पुलिस पुलिस शस्त्रागार, गन हाउस और थानों में जमा नही करवाया था, उन पर जिला प्रशासन के द्वारा कार्रवाई की गई थी. यही वजह है कि विधानसभा चुनाव से पहले सरकारी आदेश जारी होते ही लाइसेंसधारी हथियार धारकों के द्वारा अपने आर्म्स को जमा करवाने की होड़ सी मच गई है. गौरतलब है की लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान अधिकांश लाइसेंसी हथियारों को पुलिस के द्वारा जमा करवा लिया जाता है. चुनाव खत्म होने के बाद लाइसेंस धारकों को उनके हथियार वापस किए जाते हैं.

### दो दिनों तक जमा होंगे हथियार

रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि हथियारों का सत्यापन कर उन्हें जमा करवाया जा रहा है. जिनके पास लाइसेंसी गन है, उन्हें अगले दो दिनों के भीतर अपने हथियार जमा कर देने हैं. वैसे लोग जिनकी जान को खतरा है, इसलिए उन्हें गन रखना जरूरी है, उनको रांची डीसी के यहां आवेदन देकर हथियार रखने के लिए अनुमति लेनी होगी. इसके लिए धमकी से संबंधित जिन थानों में एफआईआर दर्ज की गई होगी, उसकी रिपोर्ट भी ली जाएगी.

## जेल में एनआईए जज की हत्या की साजिश! गुमनाम पत्र के बाद मची खलबली

रांचीः एनआईए के एक जज की हत्या की साजिश रांची जेल में रची जा रही थी. रांची पुलिस को मिले गुमनाम पत्र में यह बातें लिखी गई हैं. गुमनाम पत्र ने खलबली मचा दी है. मामले की जांच भी शुरू कर दी गई है. रांची के खेल गांव थाने के पत्र मिला है, जिसमें यह जिक्र किया गया है कि रांची जेल में बंद 6 कैदियों के द्वारा एनआईए कोर्ट के एक जज की हत्या के लिए बिहार के कुछ अपराधियों को दो करोड़ रुपए दिए गए. मामले की गंभीरता को देखते हुए खेलगांव पुलिस के द्वारा स्वतः मामले में सनहा दर्ज किया गया और सभी छह कैदियों से पूछताछ की गई है. पत्र में जिक्र है कि जेल से इलाज के लिए रिम्स जाने के दौरान साजिश रची गई है. खेलगांव थाने में तैनात दरोगा गजेश कुमार ने जांच के बाद बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद 6 कैदियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है. गजेश कुमार ने एफआईआर में लिखा है कि सनहा संख्या 20/24 की जांच का जिम्मा उन्हें मिला है. जिसमें एनआईए कोर्ट के जज की हत्या का षड्यंत्र रचने और बिहार के अपराधियों से 2 करोड़ रुपए में सौदा करने का आरोप लगाया था. एफआईआर में दरोगा गजेश कुमार ने लिखा है कि गुमनाम का पत्र में बताया गया था, कि रांची जेल में बंद कुख्यात पीएलएफआई उग्रवादी प्रभु प्रसाद साहू और निवेश कुमार पोद्दार इलाज का बहाना बनाकर रांची के रिम्स अस्पताल गए थे और वहां जज की हत्या के लिए शूटरों को 75 लाख रुपए दिए थे. सनहा दर्ज करने के बाद जब जांच शुरू की ग कोई तो पता चला की एनआईए के केस में प्रभु प्रसाद साहू और निवेश कुमार रांची जेल में बंद है. जांच के दौरान अभी जानकारी मिली कि 7 अगस्त को दोनों कैदी इलाज के लिए रिम्स गए थे. 7 अगस्त के बाद 28 अगस्त को भी निवेश पोद्दार को इलाज के लिए रिम्स भेजा गया था. जांच में जानकारी मिली है कि प्रभु प्रसाद साहू को इलाज के लिए 13 अगस्त को रांची के दिन अस्पताल में भेजा गया था जिसके बाद वह 22 अगस्त तक रिम्स में ही भर्ती रहा था. खेलगांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पूछताछ में दोनों उग्रवादियों ने किसी भी जज की हत्या की साजिश रचने की बात से इनकार किया है. हालांकि एफआईआर में यह लिखा गया है कि पूरे मामले की गहन जांच की जरूरत है.

## चंपाई ने बढ़ाया सियासी तापमान, जेएमएम व भाजपा में होती रही है कांटे की टक्कर

रांचीः विधानसभा चुनाव में सरायकेला हॉट सीट बन गयी है. झामुमो के कद्दावर नेता रहे और पूर्व सीएम चंपाई सोरेन भाजपा में शामिल हो गये हैं. ऐसा कर चंपाई ने राजनीतिक तापमान बढ़ा दिया है. इससे इस विधानसभा क्षेत्र की पूरी राजनीति ही बदल गयी है. कभी भाजपा को चुनौती देनेवाले चंपाई सोरेन अब झामुमो के लिए ही चुनौती बन गये हैं. चंपाई लगातार अपने क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं. इस सीट पर झामुमो और भाजपा के बीच हमेशा कांटे की टक्कर होती रही है.

### 2000 में सरायकेला से अनंत राम जीते थे चुनाव

केवल 2000 में यहां से भाजपा के टिकट पर अनंतराम टुडू चुनाव जीते थे. बाकी चुनाव में झामुमो उम्मीदवार चुनाव जीतते रहे हैं. वर्ष 1985 और 1990 में यहां से कृष्णा मार्डी झामुमो के टिकट पर चुनाव जीते थे. 1991 में झामुमो के कार्यकर्ता रहे चंपाई सोरेन ने निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी. वहीं 1995 में झामुमो के टिकट पर चंपाई सोरेन चुनाव लड़े और जीते. वर्ष 2000 में अलग राज्य आंदोलन की लहर के कारण भाजपा प्रत्याशी अनंतराम टुडू से चंपाई सोरेन हार गये. वर्ष 2005 से लेकर अब तक हुए चुनाव में झामुमो प्रत्याशी चंपाई सोरेन जीत हासिल करते रहे हैं. झामुमो को इस सीट से चंपाई के खिलाफ मजबूत दावेदार की तलाश है. वर्तमान में इस विधानसभा सीट पर जयराम महतो की पार्टी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के प्रयास में है. आजादी के पश्चात सरायकेला विस सीट सामान्य हुआ करती थी. प्रख्यात वकील मिहिर कवि 1952 से 1956, आदित्यप्रताप सिंहदेव 1957 से 1961, नृपेंद्र नारायण सिंहदेव 1962 से 1966, रुद्रप्रताप सिंहदेव 1967 से 1969, वन बिहारी महतो 1969 से 1972 और 1972 से 1976 तक राजघराने के सतभानु सिंहदेव विधानसभा चुनाव जीते थे. वर्ष 1977 में सरायकेला विस को अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित कर दिया गया.

## लाभार्थियों का यूनिक गोल्डन रिकार्ड बनेगा, मिलेगी एक क्लीक में सभी योजनाओं की जानकारी

रांची : आइटी विभाग राज्य सरकार का एक एकीकृत डेटा प्लेटफार्म तैयार करा रहा है जिसे यूनिफाइड डिजीटल डाटा यूडीडीपी का नाम दिया गया है. यह झारखंड सरकार के एक सामाजिक रजिस्ट्री आधारित प्लेटफार्म है. इसके निर्माण के लिए डेटा एकीकरण आधारित दृष्टिकोण अपनाया गया है. इसके तहत विभिन्न योजनाओं के डेटाबेस में उपलब्ध लाभार्थियों के डेटा को एकीकृत किया जायेगा. सभी लाभार्थियों के यूनिक रिकार्ड को तैयार किया जायेगा जिसे गोल्डन रिकार्ड किया जायेगा. वर्तमान में आधार आधारित डुप्लीकेशन के द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के डेटा को एकीकृत किया जा रहा है. सार्वजनिक वितरण प्रणाली लाभार्थी डेटाबेस का उपयोग यूडीडीपी प्लेटफार्म के निर्माण के लिए बेस डेटाबेस के रूप में किया गया है. लाभार्थी की विशिष्ट पहचान करने के बाद लाभार्थी के परिवार के पहचान यूडीडीपी डेटाबेस में की जायेगी. परिवार के साथ यूनिक निवासी की पहचान के बाद यूडीडीपी प्लेटफार्म द्वारा एक परिवार आईडी के साथ-साथ एक निवासी आइडी भी प्रदान की जाती है. किसी लाभार्थी के यूनिक रिकार्ड को गोल्डन रिकार्ड कहा जाता है. यूडीडीपी प्लेटफार्म वर्तमान में सभी नई और मौजूदा के आवेदन फॉर्म को आवेदन की यूडीडीपी आइडी तथा फैमली आइडी स्वीकार करने के लिए संशोधित किया जा सकता है.

### ये होगा लाभ

लाभार्थी, रेजिडेंट पोर्टल पर लॉगइन करने के बाद अपनी व्यक्तिगत आइडी, फैमली आइडी जान सकते हैं.

लाभार्थियों को किसी योजना के लिए आवेदन करते समय आवश्यक जानकारी के साथ अपनी यूडीडीपी आइडी, फैमली आइडी प्रदान करने का विकल्प होगा. किसी योजना के लिए आवेदन करते समय यूडीडीपी आइडी, फैमली आइडी प्रदान करने से पहचान संबंधी दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता समाप्त हो जायेगी.

उन योजनाओं की सूची के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते है जिनका वे लाभ उठा रहे हैं. साथ ही उनक योजनाओं की भी जानकारी ले सकते हैं जिनके वे पात्र हैं पर उन योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे है.

सरकार द्वारा यूडीडीपी से जुड़े ऑनलाइन सेवा वितरण प्लेटफार्म के माध्यम से लाभर्थियों को उनके जीवन चक्र के आधार पर सक्रिय रूप से लाभ पहुंचाया जायेगा.

## सिल्ली से झामुमो के लिए तैयार पूर्व विधायक अमित महतो



रांचीः सिल्ली के पूर्व विधायक अमित महतो ने एक बार फिर से झामुमो का झंडा थाम लिया है. सीएम हेमंत सोरेन ने पार्टी में उनका स्वागत किया है. खुद हेमंत सोरेन ने उन्हें झामुमो में शामिल करने के बाद अपने सोशल अकाउंट्स से अमित महतो के साथ फोटो को साझा किया. उन्होंने पोस्ट कर लिखा है कि सिल्ली के पूर्व विधायक और जुझारू युवा नेता अमित महतो का झामुमो परिवार में पुनः स्वागत है. लड़ जाओ, भिड़ जाओ! गौरतलब है कि सिल्ली विधानसभा सीट पर आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को अमित महतो ने वर्ष 2015 में हराया था. यहां जेएमएम के टिकट से अमित महतो पहली बार विधायक बने थे. अमित महतो ने सुदेश महतो को हराया था. इसके बाद से अमित महतो झारखंड की राजनीति में तेज तर्रार युवा नेता के तौर पर उभरे थे. हालांकि इसके बाद वे विवादों में भी आए थे. सोनहातु के तत्कालीन सीओ के साथ गाली-गलौज और दुर्व्यवहार करने के मामले में रांची सिविल कोर्ट ने अमित महतो को दो साल तक की सजा सुनाई थी. इसकी वजह से अमित महतो की विधायकी चली गयी थी. रांची सिविल कोर्ट की ओर से सजा सुनाये जाने के बाद पूर्व विधायक अमित महतो ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. हाईकोर्ट ने अमित महतो को राहत प्रदान की थी.इसके तहत अमित महतो की सजा को कम करते हुए एक साल कर दिया गया था. वहीं, अमित महतो की जेएमएम से दूरियां आदिवासी खतियानी समेत अन्य मसलों को लेकर भी थीं. अब सिल्ली में जबरदस्त सियासी रोमांच दिखेगा जब सुदेश महतो, अमित महतो और जयराम महतो की पार्टी के सिपहसलार देवेन्द्र नाथ महतो के बीच जनता का भरोसा जीतने को जोर आजमाइश दिखेगी.

## प्रत्येक बुधवार को रांची होते हुए चलेगी गया-एलटीटी एक्सप्रेस

रांची । रेल मंत्रालय द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए गया से रांची होते हुए लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) तक एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन होगा। 13 अक्टूबर को विधायक सीपी सिंह ने रांची स्टेशन पर इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना की थी। बुधवार को रेलवे ने ट्रेन के परिचालन की सूची व समय सारणी जारी कर दी। जारी सूची के अनुसार, गया से लोकमान्य तिलक टर्मिनल जाने वाली ट्रेन 23 अक्टूबर से प्रत्येक बुधवार को गया से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 22358 का गया से प्रस्थान 19:00 बजे, मेसरा आगमन 23:34 बजे व प्रस्थान 23:36 बजे, रांची आगमन 00:05 बजे व प्रस्थान 00:10 बजे, हटिया आगमन 00:25 बजे व प्रस्थान 00:30 बजे और लोकमान्य तिलक टर्मिनस आगमन (शुक्रवार) सुबह 5:50 बजे होगा।

# झारखंड के पहले चरण में15 सीटों पर चुनाव लड़ेगी भाकपा




रांचीः भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद की दो दिवसीय बैठक पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव कॉमरेड डी राजा, राष्ट्रीय सचिव झारखंड सह प्रभारी कॉम रामकृष्ण पांडा मुख्य रूप उपस्थित थे बैठक की शुरुआत दिवंगत साथियों के सम्मान में 1 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया झारखंड में वाम एवं धर्मनिरपेक्ष दलों के साथ मिलकर चुनाव लड़ा जाएगा।। राज्य के सभी धर्मनिरपेक्ष पार्टियों की जवाब दे ही है की सभी धर्मनिरपेक्ष दलों को एक सूत्र में बंधकर चुनाव लड़ना चाहिए सांप्रदायिक शक्तियों को रोकने कॉरपोरेट लूट को रोकने के लिए हम सबको मिलकर चुनाव लड़ना चाहिए। कामरेड डी राजा ने बैठक में लोगों को संबोधित करते हुए कहा की झारखंड के खनिज संपदाओं पर कॉर्पोरेट और भाजपा घराने की नजर है जो झारखंड की मिनरल्स को लूटना चाहती है इसीलिए भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में आने से रोकने के लिए हम सभी प्रयास करेंगे बैठक में सर्वसम्मति से प्रथम पेज में 15 विधानसभा क्षेत्र का चयन किया गया अगर सम्मानजनक समझौता नहीं हुआ तो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य में 15 विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेगी प्रेस वार्ता में लोगों को संबोधित करते हुए झारखंड प्रभारी रामकृष्ण पांडा ने प्रेस वार्ता में झारखंड प्रभारी रामकृष्ण पांडा पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे के डी सिह अजय कुमार सिंह सुजीत घोष इम्तियाज़ खान शहीत कई लोग मौजूद थे।

## संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी ने विस चुनाव घोषणा पत्र जारी की

रांची : संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी ने झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए घोषणा पत्र जारी की। इस मौके पर बोलते हुए झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शिव उराव ने कहा कि पार्टी झारखंड के 45 विधानसभा सीट पर अपनी उम्मीदवार उतारेगी. उन्होंने कहा की पार्टी ने चार उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी थी आज उसने दूसरी लिस्ट में 12 उम्मीदवारों की घोषणा की.आने वाले वक्त में तीसरी लिस्ट की भी घोषणा जल्द की जाएगी. घोषणा पत्र जारी करते हुए प्रदेश अध्यक्ष शिव उराव और राष्ट्रीय संयोजक मनोज कुमार, राष्ट्रीय सचिव रवि रंजन श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से चुनावी घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी का पहला उद्देश्य भारत में वास्तविक लोकतंत्र को स्थापित करना.

## ज्वेलरी शॉप से 60 लाख की लूट:सीवान में 4 बदमाश ने हथियार के बल पर की लूटपाट



सीवान. सीवान में अपराधियों ने ज्वेलरी दुकान से 50-60 लाख के गहने लूटे हैं। घटना नौतन थाना क्षेत्र के नौतन बाजार में जय मां लक्ष्मी ज्वेलरी शॉप में हुई है। वारदात डेढ़ बजे के आसपास की है। पुलिस प्रशासन लूट की रकम की जांच कर रहा है। बताया गया कि बाइक पर सवार 4 अपराधियों ने हथियार के बल पर लूटपाट की है। घटना की जानकारी पर SP अमितेश कुमार मौके पर पहुंचे। जांच में जुटे हुए हैं। शॉप मालिक मनोज वर्मा ने बताया कि अपराधियों के हाथ में हथियार देख दुकान छोड़कर घर में भाग गए। मेरी दुकान और घर एक ही में है। उन्होंने दुकान में रखी ज्वेलरी लूटी और फरार हो गए। दुकान मालिक की मानें तो 50 से 60 लाख की लूट हुई है। पुलिस आवेदन का इंतजार कर रही है। SP का कहना है कि इस मामले की जांच की जा रही है। एग्जेक्ट कितने की लूट हुई है, ये आवेदन के बाद ही पता चलेगा। बहुत जल्द मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। घटना के बाद से आसपास के दुकानदार डरे हैं। पुलिस से सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

## प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन के साथ 3 कारोबारी गिरफ्तार: पुलिस ने गुप्त सूचना पर की कार्रवाई, भेजा जेल

कैमूर. कैमूर जिले के मोहनिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मोहनिया बस स्टैंड से दो लोगों को हिरासत में लिया है। उनके पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया है। फिलहाल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। आरोपियों ने कहा कि रोहतास जिले के सासाराम थाना क्षेत्र के अमरा तालाब के नरेंद्र मेडिकल हॉल से यह लोग प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन लाकर मोहनिया में सप्लाई करते थे। इसके बाद जब पुलिस ने नरेंद्र मेडिकल हॉल में छापेमारी की तो वहां से 2800 पीस प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी दुकानदार नरेंद्र कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है। इन आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

## सुपौल पहुंचे जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव

सुपौल. सुपौल के वीरपुर पहुंचे जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने अभियंताओं के साथ रविवार की दोपहर में कोसी बराज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बराज के अप और डाउन स्ट्रीम में अत्यधिक मात्रा में सिल्ट जमा है। इससे कोसी नदी का जो डिस्चार्ज है और बराज का जो डिस्चार्ज है, वो प्रभावित हो रहा है। इसके लिए नई योजना बनाकर सिल्ट को बेहतर तरीके से हटाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस दिन बराज से 6 लाख 61 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया था, उस दिन कई लॉक के टकराने से बराज के कुछ पॉइंट डैमेज हो गई। जिसे जल्द ही रिपेयर कर लिया जाएगा। इसके अलावे कोसी नदी में बराज के दोनों ओर 4-4 किलोमीटर की दूरी में जमा सिल्ट को हटाने की जरूरत है। अगले 5-6 महीने में कोसी बराज का स्टार्टअप सिस्टम आधुनिक तरीके से अपडेट हो जाएगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी कहा कि भारत सरकार के द्वारा जुलाई 2024 के बजट में कोसी में नए बराज के निर्माण को लेकर घोषणा हुई है।

## सीपीआई का 85वां स्थापना दिवस समारोह

शेखपुरा. लखीसराय में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के आयोजित होने वाले 85वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने के लिए शेखपुरा जिला से बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता गण रविवार को यहां से रवाना हुए। जिले के शेखपुरा रेलवे स्टेशन, सिरारी रेलवे स्टेशन से रेल गाड़ी पर सवार होकर किसान-मजदूर, छात्र -नौजवान और महिलाओं ने सुबह प्रस्थान किया। स्थापना दिवस में शामिल होने वाले कार्यकर्ता इस दौरान जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए रेलवे स्टेशन तक पहुंचे। शेखपुरा से जत्था के साथ सीपीआई के वरिष्ठ नेता चंद्रभूषण प्रसाद, रमाशंकर सिंह अधिवक्ता विमल सिंह, नीधीश कुमार गोलू, विजय कुमार यादव,ललित शर्मा,वीरेंद्र पांडेय, मालती देवी ,राजेंद्र महतो, गोरेलाल रविदास कालेश्वर मांझी, किशोर चौहान, सुजीत कुमार, विश्वनाथ प्रसाद अजय कुमार साथ में प्रस्थान किया।

## बदलो बिहार न्याय यात्रा डॉ राजेंद्र प्रसाद आवास से निकली

सीवान. बदलो बिहार न्याय यात्रा को लेकर आज जीरादेई डॉ राजेंद्र प्रसाद के आवास से निकलकर जीरादेई मोड़ होते हुए सीवान शहर, चंद्रशेखर चौक पर भाकपा माले व मजदूर यूनियन के नेता और कार्यकर्ता पहुंचे। वहां पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व कॉमरेड चंदू जी को और अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद सभा को संबोधित करते हुए जीरादेई विधायक अमरजीत कुशवाहा ने कहा सरकार ने अपने ही सर्वेक्षण में पाए गए 6 हजार से कम मासिक आमदनी वाले 94 लाख 33,312 अत्यंत गरीब परिवारों को लघु उद्यमी योजना के तहत स्वरोजगार के लिए किस्तों में 2 लाख की सहायता राशि देने को घोषणा की है। अब तक करीब 40 हजार परिवारों को पहली किस्त मिली है। मजदूर यूनियन के राज्य सचिव अमित शाह ने कहा कि लगभग दो दशक से बिहार पर बीजेपी जेडीयू की सरकार लूट और झूठ की सरकार साबित हुई है। न्याय और विकास की नारा देने वाली सरकार ने आज हत्या लूट, रेप हो रहा है।

## सितारा योजना-2023 विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम: ट्रांसजेंडर्स के न्याय पर समाकलन

समस्तीपुर. समस्तीपुर में बिहार राज्य लीगल सेवा प्राधिकार को देखते हुए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समीर कुमार प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश-सहअध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, चंदा लाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा शहर के बहादुरपुर स्थित राजिया किन्नर के आवासीय प्रांगण में ट्रांसजेंडर्स व्यक्ति का समाकलन, पुनर्वास और उनके न्याय तक पहुंच सितारा योजना-2023 विषय पर विधिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राज किशोर राय, पैनल अधिवक्ता, मो. वारिस अली, PLV, समस्तीपुर, गोपाल सिंह , बाल संरक्षण पदाधिकारी, सौरभ तिवारी,समाजिक कार्यकर्ता , जिला बाल संरक्षक इकाई ने कुछ विषय पर विस्तार से चर्चा की। किन्नरों को समाज के मुख्यधारा में लाने के लिए उनका ID कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

## 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन, कलश यात्रा निकली:जमुई में 301 कन्या और महिलाओं ने उठाया कलश

जमुई. जमुई जिले के बरहट प्रखंड के मलयपुर पंचायत के टेंगहारा गांव में रविवार से नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर गाजे बाजे के साथ शोभा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 301 कुमारी कन्या एवं महिला श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा हनुमान मंदिर के यज्ञ स्थल से निकलकर बरहट,तमकुलिया गांव का भ्रमण करते हुए कुम्हरवा नदी घाट पहुंचा। जहां बनारस से आए विद्वान पंडित के द्वारा पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर कलश में जल भरकर श्रद्धालु जय श्री राम, जय माता दी,जय हनुमान का नारा लगाते हुए पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंचे।

## आम बगीचे में फंदे से लटकी मिली युवक की लाश

मोतिहारी. मोतिहारी में दोस्त के साथ घूमने से पिता ने मना किया तो नाराज होकर बेटे ने घर छोड़ दिया। दो दिन पहले लापता हो गया। वहीं, तीसरे दिन शनिवार को घर से महज 300 मीटर की दूरी पर आम के बगीचे में फंदे से लटका शव मिला है। घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना केसरिया थाना क्षेत्र की दरमाहा पंचायत के कटहरिया वार्ड-7 की है। मृतक की पहचान कटहरिया गांव निवासी मोहन दास के 23 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई है। मृतक दीपक के पिता मोहन दास ने बताया कि शुक्रवार को दोस्त के साथ घूमने के लिए बेटे को डांट लगाई थी, दिन भर अपने दोस्त के साथ इधर उधर घूमा करता था।

# भागलपुर में मां दुर्गा, राम दरबार, राधा-कृष्ण की मूर्ति तोड़ी:लाठी-डंडा लेकर भीड़ ने थाना घेरा, 3 घंटे जाम रही सड़क; एक आरोपी गिरफ्तार



भागलपुर. भागलपुर के सन्हौला शिव शक्ति मंदिर में तोड़फोड़ के बाद जमकर हंगामा हुआ। असामाजिक तत्वों ने मंदिर में राम-लक्ष्मण, माता सीता, राधा- कृष्णा और मां दुर्गा की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसके बाद लोगों में काफी आक्रोश देखा गया। लोगों ने थाना परिसर में घुसकर जमकर हंगामा किया। लाठी-डंडे के साथ लोग सड़क पर उतर आए। सन्हौला से झारखंड को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग को थाना के पास जाम कर दिया। घटना सन्हौला थाना क्षेत्र के तालाब स्थित दुर्गा मंदिर की है। स्थानीय लोग दोषी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। इधर लोगों की भीड़ को देखते हुए मौके पर भारी फोर्स तैनात की गई। पुलिस-प्रशासन के समझाने पर करीब 3 घंटे बाद लोगों ने प्रदर्शन खत्म कर दिया है।

### दोषियों की गिरफ्तारी की मांग

प्रतिमा क्षतिग्रस्त की सूचना पर इलाके के सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ इक्कट्ठा हो गई। आक्रोशित लोगों का मांग है कि इस घटना में शामिल सभी अपराधियों को गिरफ्तार किया जाए। अपराधियों की जब तक गिरफ्तारी नहीं होती है तब तक हम लोग प्रदर्शन करते रहेंगे। आक्रोशित लोग लाठी-डंडे लेकर सड़क पर उतर रहे हैं। भारी संख्या में पुलिस बल, स्पेशल फोर्स और कई थानेदार मौके पर पहुंच गए हैं। लोगों को समझाने की कोशिश कर रहे। पुलिस ने बताया इस मामले में मूर्ति खंडित करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक की जा रही है। इलाके में फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

### एक आरोपी गिरफ्तार, मानसिक रूप से विक्षिप्त

पुलिस-प्रशासन के समझाने के बाद लोगों ने जाम खत्म कर दिया है। जिसकी गिरफ्तारी हुई है, वह विक्षिप्त युवक है। जिसे पुलिस अपने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। गिरफ्तारी के बाद भी लोग प्रदर्शन कर रहे थे क्योंकि लोगों का कहना था कि एक आदमी ऐसा नहीं कर सकता है। लोगों का आरोप है कि 10 लाख से अधिक के जेवरात की चोरी हुई है। फिलहाल मामले को सुलझा लिया गया है।

रविवार की सुबह करीब 7 बजे पुजारी मंदिर पहुंचे थे तो देखा कि 6 मूर्तियां टूटी हुई थी। पुजारी ने ग्रामीणों को सूचना दी। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंचे और थाना गेट के सामने विरोध जताना शुरू कर दिया, तीन घंटे तक सड़क जाम किया। जिसके बाद पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले एक विक्षिप्त को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा कि 10 लाख के जेवर चोरी हुए हैं, पर पुलिस पुष्टि नहीं कर रही। पुजारी ने बताया कि एक व्यक्ति मंदिर में घुसा था। प्रशासन मंदिर के पास लगे सीसीटीवी फुटेज को देखेगा। दूसरे संदिग्ध की भूमिका नजर आएगी तो उसकी पहचान की जाएगी। थाना परिसर में स्थानीय लोगों और पूजा समिति से बातचीत के दौरान कुछ बाहरी लोगों ने पत्थरबाजी करने की कोशिश की। वहीं एसडीपीओ ने कहा कि गोली चलने की घटना निराधार है। स्थिति शांतिपूर्ण है। घटनास्थल पर अनुमंडल पदाधिकारी कहलगांव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कहलगांव, स्थानीय थानाध्यक्ष,अंचल निरीक्षक मौजूद हैं। स्थिति शांतिपूर्ण है। जिला प्रशासन ने अफवाह पर ध्यान नहीं देने और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

## लोग बोले- मैडम के कहने पर ड्राइवर ने गाड़ी चढ़ाई:सारण में उत्पाद विभाग की गाड़ी ने दो शराब तस्करों को कुचला, एक की मौत



हाजीपुर (वैशाली). सारण में उत्पाद विभाग की गाड़ी ने दो शराब तस्करों को कुचल दिया। इस घटना में एक शराब तस्कर की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे की हालत गंभीर है, उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सोनपुर के दुधैला बाईपास चौक के पास भिनक टोला की है। हादसे के बाद मौके से उत्पाद विभाग के पुलिस अधिकारी स्कॉर्पियो को गड्ढे में छोड़कर फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक स्कॉर्पियो से उत्पाद विभाग की टीम बाइक सवार शराब तस्करों का पीछा कर रही थी। गाड़ी में बैठी महिला पुलिस कर्मी ने स्पीड बढ़ाने को कहा और चालक ने गाड़ी तेज कर दी। इसके बाद बाइक सवार तस्कर उत्पाद विभाग की गाड़ी की चपेट में आ गए। स्थानीय निवासी रंजन कुमार का आरोप है कि घटना के बाद पुलिस वालों ने गाड़ी बैक कर लाश पर चढ़ाई। वहीं, घटना के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क गया और उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया।

हंगामे के बाद सोनपुर थाना के पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों को समझाकर मामले को शांत कराया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान बाबुरबानी गांव निवासी सुरेश राय के बेटे सुजीत कुमार के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिवार वाले घटनास्थल पर पहुंच गए।

### मैडम के कहने पर ड्राइवर ने गाड़ी चढ़ाई- स्थानीय

स्थानीय इंद्रजीत राय ने बताया कि सुजीत समेत 2 लोग बाइक से घास लेने जा रहे थे। इतने में एक्साइज की गाड़ी ने उनको कुचल दिया। प्रशासन की गाड़ी स्पीड में थी। उसमें एक मैडम बैठी थीं। बाढ़ आने से सब दह गया है इसलिए ये लोग घास लेकर आ रहे थे। सुजीत शादीशुदा था, उसके परिवार का क्या होगा। हम लोग दोषी पुलिसवालों के खिलाफ सजा देने की मांग करते हैं। सारण एसपी डॉ कुमार आशीष ने बताया कि मृतक शराब डिलिवरी एजेंट था। उसे पकड़ने के लिए उत्पाद विभाग के अधिकारी स्कॉर्पियो से पीछा कर रहे थे। तभी स्कॉर्पियो के चपेट में आ गए, जिसमें से युवक की मौत हुई है। वहीं, सोनपुर थाना अध्यक्ष राजनंदन ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को दे दिया गया है। परिजनों का लिखित रूप से आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन प्राप्त होते ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

सीवान-सारण, गोपालगंज में जहरीली शराब से 51 लोगों की मौत बीते दिनों बिहार के तीन जिलों में जहरीली शराब से 51 लोगों की मौत हो गई। इसमें सबसे ज्यादा सीवान में 39 से ज्यादा लोगों की जान गई थी। वहीं सारण में 12 लोगों की मौत हुई। गोपालगंज में दो लोगों की शराब से मौत हुई।

## उपचुनाव की 4 सीटों में 3 पर राजद लड़ेगी: तरारी से माले को टिकट; एनडीए में 2 सीट बीजेपी के पास; मांझी की बहू भी मैदान में



पटना. बिहार में 4 सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव को लेकर NDA और महागठबंधन ने अपने-अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। महागठबंधन में तीन सीटों पर आरजेडी और 1 सीट पर सीपाआई माले चुनाव लड़ेगी। इमामगंज, बेलागंज और रामगढ़ से राजद के उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। जबकि तरारी सीट सीपीआई माले के खाते में है। वहीं, उपचुनाव के लिए NDA से बीजेपी दो सीटों तरारी और रामगढ़ से चुनाव लड़ेगी। जबकि बेलागंज से JDU उम्मीदवार मनोरमा देवी को टिकट मिला है। वहीं इमामगंज से जीतन राम मांझी की बहू दीया मांझी मैदान में हैं।

इमामगंज से आरजेडी के रौशन कुमार मांझी उर्फ राजेश मांझी, बेलागंज से विश्वनाथ कुमार सिंह, रामगढ़ से अजित कुमार सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। जबकि, तरारी सीट सीपीआई माले के खाते में है। यहां से राजू यादव चुनाव लड़ेंगे। अजित कुमार सिंह आरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के पुत्र और बक्सर सांसद सुधाकर सिंह के भाई है। विश्वनाथ सिंह जहानाबाद से आरजेडी सांसद सुरेंद्र यादव के पुत्र है। प्रदेश आरजेडी कार्यालय में महागठबंधन के प्रत्याशियों का ऐलान किया गया है। बिहार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि हमलोग चारों सीट पर चुनाव जीतेंगे। झारखंड में सीट शेयरिंग को लेकर तेजस्वी यादव नाराज है, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि कहीं कोई नाराजगी नहीं है। हमलोग एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे।

## महिला से धोखाधड़ी मामले में युवक अरेस्ट: मुजफ्फरपुर के स्कूल परिसर में कार्यक्रम के दौरान कार्रवाई

मुजफ्फरपुर. मुजफ्फरपुर में रविवार की दोपहर को सावण पांडे नाम के व्यक्ति को जनसभा स्थल से गिरफ्तार किया गया है। सरकारी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। गिरफ्तारी से मौके पर उपस्थित लोगों में अफरा-तफरी की स्थिति हो गई। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई में जुट गई है। दरअसल, सदर थाना क्षेत्र की एक महिला ने सावन पांडे पर रुपया लेकर फ्लैट नहीं देने का आरोप लगाया था। साथ ही धोखाधड़ी का FIR दर्ज कराया। पुलिस ने मामले की जांच की। इसमें मामला सत्य पाया गया है। पुलिस ने कोर्ट से वारंट लेकर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार सावण पांडे पहले जन सुराज से जुड़े थे। इसके बाद उन्होंने जन सुराज का साथ छोड़ दिया और अब वे 2025 के विधान सभा चुनाव लड़ने की तैयारी में थे।

बता दें कि थाना क्षेत्र के मधुबनी गांव के सरकारी स्कूल के परिसर से सावन पांडे की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें पुलिस कर्मी पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार किया। लोगों को लेकर इसको लेकर चर्चा होने लगी है।

सदर थाना प्रभारी अश्मित कुमार ने बताया कि सावन पांडे को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ महिला चन्दना कुमारी ने धोखाधड़ी का मामले दर्ज करवाया। इसमें उन्होंने पुलिस को बताया कि सावन पांडे से एक फ्लैट बुक करवाया। फिर फ्लैट को किसी दूसरे व्यक्ति को दे दिया। पुलिस की जांच में मामला सत्य पाया गया। न्यायालय से पुलिस को वारंट मिला है। इसी को लेकर आज गिरफ्तारी की गई है।

## जमुई में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता, बच्चों ने दिखाया हुनर:ललित कला एकेडमी ने किया कार्यक्रम का आयोजन, लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य



जमुई. जमुई में रविवार को प्रयाग संगीत समिति की ओर से संबंध ललित कला एकेडमी द्वारा जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में गायन, भजन, गजल, ड्राइंग ओर पेंटिंग के प्रतिभागियों ने भागीदारी की। गायन, भजन, गजल, ड्राइंग और पेंटिंग के क्षेत्र में सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा को दिखाया। जिले भर से दर्जनो छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिले में कला के क्षेत्र में पेंटिंग और गायन में प्रतिभा को बढ़ाने और उन्हें आगे लाने के लिए आयोजित प्रतियोगिता को लेकर लोगो मे उत्साह दिखा। प्रतिभागियों ने लोकगीत गाने के अलावा पेंटिंग कर अपनी प्रतिभा भी दिखाया। इसमें विभिन्न स्कूलों के छात्राओं ने कागज पर अपना कल्पनाशक्ति से विभिन्न चित्र चित्रण किया गया। इसमें ऐतिहासिक किरदार, प्रकृति चित्रण और समकालीन विषयों पर चित्र बनाए गए। इस प्रतियोगिता में सफल एक से तीन तक के बच्चों को पुरस्कृत ओर पुरस्कार दिया जाएगा, साथ ही सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया जाएगा

### बच्चों के मन में जागरूकता का उद्देश्य

ललिता कला एकेडमी प्राचार्य आभा कुमारी ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता अयोजित करने के माध्यम से बच्चों में जागरूकता और कम्पटीशन की भावना आए। कुछ नया सीखने का भावना गए। प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को दिए गए प्राइज से अन्य बच्चों में यह जिज्ञासा जगे कि हम भी करेंगे और मेहनत करके आगे बढ़ सकते हैं। ललित कला अकादमी में बच्चों को ग्रेजुएट तक की डिग्री दी जाती है। बच्चों को गायन वादन,पेंटिंग सहित बहुत कुछ सिखाया जाता है। हमारे यहां के बहुत सारे बच्चे सफल होकर आज अच्छी नौकरी भी कर रहे हैं। कई बच्चे TR1 बीएससी के माध्यम से शामिल हुए हैं और नौकरी भी कर रहे हैं। बीपीएससी TR4 के करीब 12 बच्चे के डांस और म्यूजिकल में आने की संभावना है।

## पटना में तेज रफ्तार कार ने 7 लोगों को रौंदा:5 की हालत गंभीर



पटना. पटना में कोतवाली थाना क्षेत्र के वीरचंद पटेल पथ मार्ग पर भीषण सड़क हादसा हुआ है। तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने डिवाइडर के पास सो रहे 3 रिक्शा चालक समेत 7 लोगों को रौंद दिया। जिसमें से 5 की हालत गंभीर है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। आनन-फानन में सभी को गार्नियर अस्पताल में भर्ती कराया है। क्षतिग्रस्त गाड़ी को ट्रैफिक पुलिस ने जब्त कर लिया है। जानकारी के मुताबिक कार आर ब्लॉक के साइड से आ रही थी। इस टर्निंग के पास सबसे पहले बाइक सवार जितेंद्र कुमार को टक्कर मारी। फिर डिवाइडर के पास सो रहे रिक्शा चालकों को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गई। घायल की पहचान रिक्शा चालक नाथो दास, चंदेश्वर पासवान, विनय हेंब्रम और बटोरन साहनी (समस्तीपुर), मोहम्मद इदरीस (दुल्हीन बाजार), राजेश कुमार गुप्ता(पटना), जितेंद्र कुमार(रूपसपुर) के तौर पर हुई है। घायल राजेश कुमार गुप्ता के पैर की हड्डी टूट गई है, इस वजह से उन्हें बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों ने LNJP अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं, बटोरन दास ने बताया कि पटना में पिछले 20 वर्षों से रिक्शा चला रहे हैं। आज दोपहर के समय डिवाइडर के पास रिक्शा लगाकर सो रहा था। इस बीच ओवर स्पीड गाड़ी ने रौंद दिया।

गाड़ी( BR01BT6575 ) रिटायर्ड प्रोफेसर की है। पुलिस ने चालक गौरव कुमार को हिरासत में लिया है। चालक ने बताया कि कंकड़बाग से कपड़ा लेने के लिए मजार गली के पास जा रहा था।

## पटना में नाबालिग छात्र सेक्सटॉर्शन का शिकार:वीडियो कॉल पर लड़की से बात करना पड़ा भारी, डर से ट्यूशन फीस के 14 हजार रुपए भेजे

पटना. पटना में नाबालिग छात्र से सेक्सटॉर्शन के नाम पर 14 हजार रुपए की ठगी हुई है। अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर शातिर ने छात्र को निशाना बनाया है। डर से छात्र ने ट्यूशन फीस शातिर को भेज दिया। इस संबंध में पीड़ित ने लिखित आवेदन देकर साइबर थाने में मामला दर्ज कराया है।

### अश्लील वीडियो भेजकर रुपए मांगे

पीड़ित ने बताया कि मुसलपुर हाट इलाके में एक लॉज में रहकर नीट परीक्षा की तैयार करता हूं। 1 अक्टूबर को इस नंबर 8826372624 से एक वीडियो कॉल आया था। कॉल रिसीव करते ही एक लड़की अश्लील हरकत करने लगी। अपने कपड़े भी उतार दिए। इस दौरान उसने स्क्रीन रिकॉर्ड कर लिया। कॉल डिस्कनेक्ट होते ही मुझे वही वीडियो भेजा। लड़की ने कहा कि मुझे पैसे भेजो, नहीं तो वीडियो वायरल कर दूंगी। जिसके बाद मैंने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया। फिर 2 अक्टूबर को 7738018258 से कॉल आया। फोन करने वाले ने कहा कि मैं तीस हजारी कोर्ट से बात कर रहा हूं। आपका अश्लील वीडियो आया है। आप पर केस होने जा रहा है। अपने पिता को लेकर कल कोर्ट आ जाइए। इतना सुनते ही मैं काफी डर गया। मैंने कहा कि मुझे माफ कर दीजिए, आगे से ऐसा नहीं होगा। सामने वाले ने कहा कि इसके लिए आपको 40 हजार रुपए भेजना होगा। तब जाकर केस मैनेज होगा। इस पर मैंने कहा कि इतना पैसा मेरे पास नहीं है। इसके बाद उसने कहा कि बहुत लोगों को मैनेज करना होगा। कम से कम 30 हजार तो देना ही होगा, नहीं तो केस दर्ज होगा। पीड़ित ने आगे कहा कि 3 अक्टूबर को घर से ट्यूशन फीस के लिए 14 हजार रुपए आया था। मैंने डर से उस पैसे को यूपीआई के माध्यम से शातिर को भेज दिया। ट्यूशन फीस जमा नहीं करने पर मैंने क्लास जाना बंद कर दिया। टीचर ने घर पर कॉल करके परिजनों से क्लास नहीं आने का कारण पूछा। जिसके बाद मामले का खुलासा हुआ। साइबर थानाध्यक्ष राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने नाबालिग के आवेदन पर सेक्सटॉर्शन का मामला दर्ज किया गया है। जिस नंबर से कॉल आया था, उसे खंगाला जा रहा है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# शराब के धंधेबाज को राजद का सपोर्ट:डिप्टी सीएम विजय सिन्हा बोले-हम चाहते हैं नशा मुक्त हो समाज



मुजफ्फरपुर. प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा मुजफ्फरपुर पहुंचे। यहां वो सरैया के अजीतपुर में समाजसेवी साहिबजादों अजीत सिंह की स्मृति समागम कार्यक्रम में शामिल हुए। विजय सिन्हा ने साहिबजादों के स्मारक निर्माण का शिलान्यास किया है। राज्य में गोपालगंज, छपरा और सीवान में जहरीली शराब से मौत हुई है। इसको लेकर डिप्टी सीएम ने कहा कि कई जिलों में बीते दिनों शराब से दर्जनों मौत हुई है। जहरीली शराब से मौत में सबसे बड़ा हाथ राजद का है। हम चाहते हैं कि समाज नशा मुक्त बने।

### राजद से जुड़े है शराब माफिया

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शराब माफिया ज्यादातर राजद से जुड़े हुए है। जब राजद की सरकार थी, तब ऐसे माफिया को सत्ता से संरक्षण प्राप्त था। राजद ने तो गोपालगंज में एक शराब माफिया को अपना उम्मीदवार भी बना लिया था। शराबबंदी को खत्म करने से शराब से मौत बंद नहीं होगी। जब-तक गलत तरीके के लोग ऐसा करेंगे, ऐसा होगा। शराब के धंधे में राजद का हाथ है। हम चाहते हैं कि समाज नशा मुक्त बनें। सामाजिक जागरूकता बढ़े। विजय सिन्हा ने कहा है कि एक-एक चीज पर सरकार की नजर है। मॉनिटरिंग की जा रही है। सजा भी होगी। सरकार के एक्शन से राजस्व में बढ़ोतरी हुई है। कानून का और एनडीए सरकार का असर दिखाई पड़ रहा है। डिप्टी सीएम ने कहा कि शराबबंदी हट जाने से जहरीली शराब से मौत नहीं रुकेगी। शराबबंदी जरूरी हैं। जो भी नशा का कारोबार है, सब बंद होना चाहिए। शराबबंदी अकेले सीएम नीतीश ने कुमार नहीं किया था। सभी पार्टी के कहने पर शराब बंद किया गया था। विजय सिन्हा ने विधानसभा उप चुनाव को लेकर कहा कि हम चारों सीट पर जीत हासिल करेंगे।

### स्मारक का किया शिलान्यास

तख्त श्री हरि मंदिर जी, पटना साहिब के तत्वाधान में मुजफ्फरपुर के सरैया प्रखंड के अजीतपुर हाई स्कूल के मैदान में कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुजफ्फरपुर के प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने साहिबजादे अजीत सिंह की स्मृति समागम कार्यक्रम को संबोधित किया। इसके बाद पत्रकारों को जानकारी देते हुए उन्होंने साहिबजादों का स्मारक का शिलान्यास और उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के हिंदू स्वाभिमान यात्रा पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि अपने सनातन और संस्कृति पर गर्व करने का धर्मनिरपेक्षता पर चोट नहीं है जब-तक हिंदू और सनातन धर्म है। तभी तक दूसरा धर्म भारत में सुरक्षित है।

## मेटा के बाद अब नोकिया ने की 2000 कर्मचारियों की छंटनी

मुंबई (ईएमएस)। मेटा के बाद अब नोकिया ने भी ग्रेटर चीन क्षेत्र में लगभग 2000 कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। यह संख्या कंपनी के कुल वर्कफोर्स का करीब पांचवां हिस्सा है और इसका उद्देश्य लागत में कटौती करना है। एक रिपोर्ट के मुताबिक नोकिया यूरोप में भी 350 कर्मचारियों को निकालने की योजना बना रही है। नोकिया के बीजिंग और शंघाई के साथ-साथ हांगकांग और ताइवान में कई ऑफिस हैं, जो कंपनी के ग्रेटर चीन क्षेत्र का हिस्सा हैं और जहां से यह चाइना मोबाइल जैसे क्लाइंट्स को सेवाएं देती है। नोकिया ने पहले ही घोषणा की थी कि वह 2026 तक 80 करोड़ यूरो से लेकर 1.2 अरब यूरो के बीच बचत करने के लिए 14,000 नौकरियों में कटौती करेगी। यह छंटनी उसी योजना का हिस्सा है। नोकिया के प्रवक्ता ने पुष्टि की है कि यूरोप में 350 कर्मचारियों की छंटनी को लेकर कंसल्टेशन शुरू हो गया है लेकिन ग्रेटर चीन में हुई छंटनी पर कोई टिप्पणी नहीं की। कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार दिसंबर 2023 तक नोकिया के पास ग्रेटर चीन में 10,400 और यूरोप में 37,400 कर्मचारी थे। जब नोकिया ने पिछले साल नौकरी में कटौती की घोषणा की थी, तो उसके कुल कर्मचारी 86,000 के आसपास थे। कंपनी का लक्ष्य 2026 तक इस संख्या को घटाकर 72,000 से 77,000 के बीच करना है। वर्तमान में नोकिया के पास लगभग 78,500 कर्मचारी हैं। नोकिया के लिए कभी चीन दूसरा सबसे बड़ा बाजार हुआ करता था लेकिन 2019 से पश्चिमी देशों द्वारा हुवावै पर लगाए गए प्रतिबंधों के बाद, नोकिया और एरिक्सन के लिए चीनी टेलिकॉम ऑपरेटर्स की ओर से कॉन्ट्रैक्ट्स में कमी आ गई। 2019 में नोकिया की शुद्ध बिक्री का 27 फीसदी हिस्सा ग्रेटर चीन से आया था लेकिन हाल की तिमाही में यह योगदान 6 फीसदी से भी कम रह गया है।

## श्रीलंका ने गिरफ्तार 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेजा

नई दिल्ली,(ईएमएस)। श्रीलंका ने मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया है। दोनों देशों के मछुआरों को एक-दूसरे के जलक्षेत्र में अनजाने में प्रवेश करने के कारण अक्सर गिरफ्तार किया जाता रहा है। भारतीय उच्चायोग ने एक पोस्ट में कहा कि 17 भारतीय मछुआरों को वापस भेज दिया गया है और वे तमिलनाडु, भारत के लिए रवाना हो गए हैं। मछुआरों का मुद्दा द्विपक्षीय संबंधों में एक विवादास्पद विषय रहा है। श्रीलंका नौसेना की आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक इस साल देश की नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए गए भारतीयों की संख्या बढ़कर 413 हो गई है जबकि 55 नौकाएं जब्त की गई हैं।

## श्रीकांत शिंदे के गर्भगृह जाने के विवाद मामले में मंदिर प्रशासन ने अधिकारी को हटाया

उज्जैन,(ईएमएस)। मध्यप्रदेश के धार्मिक स्थल उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर प्रशासन ने महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे के पुत्र श्रीकांत शिंदे के मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश को लेकर उठे विवाद के बाद एक अधिकारी को हटा दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक महाराष्ट्र के कल्याण के लोकसभा सदस्य श्रीकांत शिंदे को विगत दिवस बाबा महाकाल के गर्भगृह में प्रवेश की अनुमति दी गई थी, जबकि ऐसा करना प्रतिबंधित है। विपक्षी कांग्रेस ने इस मुद्दे पर मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार की आलोचना की थी। मंदिर प्रशासक ने बताया कि दर्शन व्यवस्था के प्रभारी विनोद चौकसे को कथित लापरवाही के कारण उनके पद से हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि तीन सुरक्षाकर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और कड़े निर्देश जारी किये हैं ताकि फिर ऐसा न हो।

## ब्रिक्स सम्मेलन 22 और 23 अक्टूबर को कजान में , रूस और यूक्रेन युद्ध खत्म कराने में भारत निभा रहा अहम भूमिका

नई दिल्ली,(ईएमएस)। रूस-यूक्रेन युद्ध के ढाई साल बाद अब इसके थमने के संकेत दिखाई देने लगे हैं। युद्ध ने वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट और आर्थिक समस्याओं को जन्म दिया है, लेकिन हाल के महीनों में युद्ध के समापन की दिशा में कुछ अहम कदम उठाए गए हैं। भारत के पीएम नरेंद्र मोदी की सक्रिय भूमिका के कारण इस प्रक्रिया में युद्ध थमने के आसार नजर आ रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने रूस और यूक्रेन दोनों देशों के नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं और युद्ध खत्म करने का प्रयास भी किया है। पीएम मोदी के बतौर दूत राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भी रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की। पीएम मोदी के अगले सप्ताह कजान में होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन में उनकी भागीदारी इस प्रक्रिया में और तेज ला सकती है। रूस और यूक्रेन ने हाल ही में युद्धबंदियों की रिहाई पर समझौता किया है, जिससे दोनों देशों के बीच बातचीत के संकेत मिलते हैं। दोनों देशों ने 90-90 युद्धबंदियों को रिहा किया, जिससे लोगों में उम्मीद है कि युद्ध जल्द खत्म जाएगा। इसके अलावा, रूस ने यह भी कहा है कि युद्ध खत्म करने के लिए सऊदी अरब एक उपयुक्त स्थान है और बैक डोर से बातचीत की शुरुआत तुर्की की मदद से हुई है। ब्रिक्स देशों के सम्मेलन का आयोजन 22 से 23 अक्टूबर तक रूस के कजान शहर में होने जा रहा है। इस सम्मेलन में पीएम मोदी की भागीदारी से युद्ध के समाधान की दिशा में नई पहल हो सकती है। रूस और अन्य वैश्विक नेताओं के साथ बातचीत से युद्ध को खत्म करने के प्रयासों को बल मिल सकता है। रूस-यूक्रेन युद्ध के समापन के संकेत बढ़ रहे हैं और भारत की भूमिका इस दिशा में अहम हो सकती है। बातचीत के दौर और युद्धबंदी के समझौतों से उम्मीद जताई जा रही है कि युद्ध जल्द खत्म हो सकता है।

## नौसेना कैप्टन ने 58 साल लड़ी घर वापस लेने की लड़ाई, मिला मालिकाना हक

देहरादून,(ईएमएस)। नैनीताल ने नौसेना के कैप्टन को 58 साल बाद अपने घर का मालिकाना हक मिल गया है। यह मामला 1960 में शुरू हुआ था, जब मृदुल शाह को रोज बैंक कॉटेज विरासत में मिला था। उस समय उन्होंने इस कॉटेज को रिटायर्ड वायुसेना अधिकारी की पत्नी नीलम सिंह के परिवार को 100 रुपए महीने से किराए पर दे दिया था। नीलम के परिवार ने लंबे समय तक इस मकान पर कब्जा जमाए रखा। 2016 में मृदुल शाह ने किरायेदार से मकान खाली करने को कहा था, क्योंकि वह 23 साल की सेवा के बाद अपने परिवार के लिए एक स्थायी घर तलाश कर रहे थे लेकिन नीलम सिंह का परिवार मकान खाली करने को तैयार नहीं था, जिसके बाद मृदुल शाह ने सिविल कोर्ट का दरवजा खटखटाया। 2017 में उन्होंने सिविल कोर्ट में केस जीत लिया, लेकिन नीलम सिंह ने फैसले को नैनीताल सैशन कोर्ट में चुनौती दे दी। इस मामले में मृदुल शाह के वकील ने कोर्ट को बताया कि 1966 में रोज बैंक कॉटेज को हरपाल सिंह रहने के लिए किराए पर दिया था। हरपाल सिंह की मौत के बाद उनकी पत्नी और बेटी नीलम वहीं रहने लगीं। मृदुल शाह ने कोर्ट में बताया कि उनके पास इस संपत्ति के अलावा कोई और घर नहीं है और उन्हें अपने परिवार के साथ रहने के लिए इस घर की जरूरत है। किराएदार नीलम ने याचिका में तर्क दिया कि नौसेना अपने कर्मियों के लिए आवासीय सुविधाएं प्रदान करती है और उनके परिवार को संपत्ति पर रहने की ज्यादा जरूरत है।

# महाराष्ट्र भाजपा ने 99 कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी कीः डिप्टी सीएम फडणवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम, प्रदेश अध्यक्ष बावनकुले से लड़ेंगे



**मुंबईः** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को बीजेपी ने 99 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की। इनमें 6 सीटें एसटी और 4 सीटें एससी के लिए हैं। वहीं, 13 सीटों पर महिलाओं को टिकट दिया गया है। लिस्ट में कई नए चेहरों को भी मौका मिला है। इनमें 11 ऐसे हैं जो पहली बार बीजेपी के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम से चुनाव लड़ेंगे। महाराष्ट्र बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को कामठी सीट से टिकट दिया गया है। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चव्हाण की बेटी श्रीजया चव्हाण को भोकर और पूर्व केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे के बेटे संतोष दानवे को भोकरदन सीट से टिकट मिला है।

विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को कोलाबा से और नितेश राणे को कंकावली से टिकट मिला है। नार्वेकर शिवसेना और एनसीपी विधायकों की सदस्यता खत्म नहीं करने को लेकर विपक्ष के निशाने पर रहे हैं। नितेश राणे मुस्लिम विरोधी बयानों को लेकर अभी विवादों में हैं।

महाराष्ट्र की सभी 288 विधानसभा सीटों पर सिंगल फेज में 20 नवंबर को वोटिंग होगी। चुनाव नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। 20 नवंबर को ही नांदेड़ लोकसभा सीट पर भी उपचुनाव होगा। इसके प्रत्याशी का ऐलान अभी नहीं हुआ है।

### महाराष्ट्र में सिंगल फेज में 20 नवंबर को चुनाव, 23 नवंबर को रिजल्ट

महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को 2024 को खत्म हो रहा है। महाराष्ट्र में महायुति यानी शिवसेना, भाजपा और एनसीपी अजित पवार गुट की सरकार है। एंटी इनकम्बेंसी और 6 बड़ी पार्टियों के बीच बंटने वाले वोट को साधना पार्टी के लिए बड़ी चुनौती होगी।

2024 लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की 48 सीटों में इंडिया गठबंधन को 30 और एनडीए को 17 सीटें मिलीं।। इनमें भारतीय जनता पार्टी को 9, शिवसेना को 7 और एनसीपी को सिर्फ 1 सीट मिली। भाजपा को 23 सीटों का नुकसान हुआ। 2019 लोकसभा चुनाव से एनडीए को 41 सीटें मिली थीं। 2014 में यह आंकड़ा 42 था। यानी आधे से भी कम।

2024 लोकसभा चुनाव के हिसाब से भाजपा 60 सीटों के आसपास सिमट जाएगी। विपक्षी गठबंधन के एक सर्वे में राज्य की 288 सीटों पर एमवीए यानी महाविकास अघाड़ी को 160 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया है। भाजपा के लिए मराठा आंदोलन सबसे बड़ी चुनौती है। इसके अलावा शिवसेना और एनसीपी में तोड़फोड़ के बाद उद्धव ठाकरे और शरद पवार के साथ लोगों की सिम्पैथी है।

### महाराष्ट्र 2019 विधानसभा चुनाव समीकरण

- आचार संहिता लगी- 21 सितंबर 2019 वोटिंग- 21 अक्टूबर 2019 राउंड- सिंगल वोटिंग परसेंट- 61.4%
- 2019 में बीजेपी-शिवसेना गठबंधन था। बीजेपी ने 105 सीटें और शिवसेना ने 56 सीटें जीती। गठबंधन से एनसीपी को 54 और कांग्रेस को 44 सीटें मिलीं थी। भाजपा-शिवसेना आसानी से सत्ता में आ जाती, पर मनमुटाव के कारण गठबंधन टूट।
- 23 नवंबर 2019 को फड़नवीस ने मुख्यमंत्री और अजीत पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। ये सुबह-सुबह की शपथ थी। पर बहुमत परीक्षण से पहले 26 नवंबर 2019 को दोनों ने इस्तीफा दे दिया। 28 नवंबर 2019 को शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस की महा विकास अघाड़ी सत्ता में आई। इसके बाद शिवसेना और एनसीपी में बगावत हुई और 4 दल बने। लोकसभा चुनाव में शरद और उद्धव को बढ़त मिली। इन्हीं सब पृष्ठभूमि में विधानसभा चुनाव होगा।

# दिल्ली में सीआरपीएफ स्कूल के पास ब्लास्टः फोरेंसिक एक्सपर्ट बोले- क्रूड बम जैसा मटेरियल



**नई दिल्लीः** दिल्ली में रोहिणी सेक्टर 14 के प्रशांत विहार इलाके में रविवार सुबह करीब 7:30 बजे सीआरपीएफ स्कूल के पास धमाका हुआ। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। लेकिन सीआरपीएफ स्कूल की दीवार, आस-पास की दुकानें और कुछ कारों को नुकसान पहुंचा है। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी और नेशनल सिक्योरिटी गार्ड) की टीम जांच के लिए पहुंची है। मामले को लेकर गृह मंत्रालय ने दिल्ली पुलिस से रिपोर्ट मांगी है।

इसके अलावा जांच के लिए बम निरोधक दस्ता, फोरेंसिक टीम, क्राइम ब्रांच और स्पेशल सेल के साथ-साथ फायर ब्रिगेड के अधिकारी भी पहुंचे है। फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी टीम के सूत्रों के मुताबिक, शुरुआती जांच में क्रूड बम जैसा मटेरियल मिला है। हालांकि, पूरी रिपोर्ट मिलने के बाद ही आधिकारिक जानकारी मिल पाएगी। पुलिस ने बताया कि सीआरपीएफ स्कूल के पास धमाके का CCTV फुटेज भी सामने आया है। इसको लेकर भी जांच की जा रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि राजधानी में कानून-व्यवस्था भाजपा की केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन वह अपना 99% समय चुनी हुई सरकार के काम को रोकने में लगाती है।

### पुलिस को पीसीआर कॉल पर धमाके की जानकारी मिली

पुलिस अधिकारियों ने बताया, "रविवार सुबह 07:47 बजे, एक पीसीआर कॉल आया। कॉलर ने बताया कि रोहिणी के सेक्टर 14 में सीआरपीएफ स्कूल के पास बहुत शोर के साथ एक ब्लास्ट हुआ है। इसके बाद एसएचओ और स्टाफ मौके पर पहुंचे। आस-पास की दुकानों के शीशे और दुकान के पास खड़ी एक कार भी क्षतिग्रस्त हुई है। विस्फोट की आवाज सुनकर लोग अपने घरों और दुकानों से बाहर निकल आए। घटनास्थल के करीब चश्मे की दुकान चलाने वाले सुमित ने कहा, "मेरी दुकान की खिड़की के शीशे टूट गए। मेरी दुकान के अंदर का सारा सामान जमीन पर गिर गया। यह बहुत तेज धमाका था। स्थानीय राकेश गुप्ता ने कहा, "सुबह करीब 7.30 बजे हमने बहुत तेज आवाज सुनी। हमें लगा कि पास में ही कोई एलपीजी सिलेंडर फट गया है। कई दुकानों के शीशे टूट गए हैं।

### सीएम आतिशी बोलीं- चरमराती सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुली

दिल्ली की सीएम आतिशी ने इस ब्लास्ट के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने X पोस्ट में लिखा- बम ब्लास्ट की घटना दिल्ली की चरमराती सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल रही है। दिल्ली में लॉ एंड ऑर्डर की जिम्मेदारी भाजपा की केंद्र सरकार के पास है। लेकिन भाजपा अपना ये काम छोड़कर सारा समय दिल्ली की चुनी हुई सरकार के कामों को रोकने में लगाती है। उन्होंने लिखा कि यही कारण है आज दिल्ली में 1990 के दशक के मुंबई अंडरवर्ल्ड के दौर जैसा हाल हो गया है। शहर में सरेआम गोलियां चल रही है, गैंगस्टर वसूली कर रहे हैं और अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। भाजपा के पास ना काम करने की नीयत है ना काबिलियत।

# 13 राज्यों में वित्तीय घाटा कम होने की संभावना

मुंबई,(ईएमएस)। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) द्वारा जारी स्टेट ऑफ स्टेट्स रिपोर्ट में भारत के 21 राज्यों की वित्तीय स्थिति का विस्तृत विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में 13 राज्यों में वित्तीय घाटा कम होने की संभावना है, जबकि 8 राज्यों में यह बढ़ सकता है, जिससे राज्यों की वित्तीय सेहत और खर्च की नीतियों पर चिंता बढ़ गई है।

पंजाब और राजस्थान जैसे राज्यों ने अपने वित्तीय घाटे को कम करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वहीं, गुजरात और मध्य प्रदेश जैसे राज्य इस वर्ष अपने घाटे को बढ़ा सकते हैं। मध्य प्रदेश में वित्तीय घाटा राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के 4.1फीसदी तक पहुंच चुका है, जो गंभीर चिंता का विषय है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि हिमाचल प्रदेश में वित्तीय घाटा 1प्रतिशत से अधिक घटने का अनुमान है।

**यूपी का कर्ज जीडीपी सबसे अधिक** : एनएसई के अध्ययन से पता चला है कि 15 बड़े राज्यों में उत्तर प्रदेश का कर्ज जीडीपी के 47.6फीसदी के बराबर है, जो सबसे अधिक है। इसके बाद तमिलनाडु (44.3फीसदी), कर्नाटक (44.2फीसदी) और पंजाब (42.1फीसदी) का कर्ज भी 40फीसदी से ऊपर है। तेलंगाना में कर्ज जीडीपी का सिर्फ 13.9फीसदी है, जो सबसे कम है। बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल और झारखंड ने अपने घाटे में कमी लाने के लिए कई सुधारात्मक उपाय किए हैं। हालांकि, मध्य प्रदेश ने सुधार के बावजूद अपने घाटे को बढ़ाया है, जिससे केंद्रीय सरकार के लिए वित्तीय संतुलन बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

### मुफ्त योजनाओं की आलोचना

रिपोर्ट में राज्यों द्वारा अपनाई गई मुफ्त योजनाओं और ओल्ड पेंशन स्कीम की आलोचना की गई है, जो वित्तीय स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही हैं। खासकर पंजाब और हिमाचल प्रदेश में इन योजनाओं के कारण वित्तीय घाटा बढ़ने का खतरा है।

# बम की धमकी, आज 20 फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंगः 7 दिन में 90 विमानों में बम की धमकियां



**नई दिल्ली/मुंबईः** देश में यात्री विमानों को मिल रही धमकी का सिलसिला लगातार जारी है। रविवार को 20 से ज्यादा फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया की छह-छह विमान शामिल हैं। एक दिन पहले शनिवार को 30 से ज्यादा विमानों को धमकी मिली थी। इसके चलते सैकड़ों यात्री घंटों परेशान हुए। पिछले एक हफ्ते में 90 से ज्यादा विमानों को बम की धमकी मिल चुकी है। बाद में ये सभी झूठी साबित हुईं। इन धमकियों की वजह से अब तक 200 करोड़ रुपए तक का नुकसान हो चुका है।

गृह मंत्रालय ने इस संबंध में सिविल एविएशन मिनिस्ट्री और ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी से डिटेल रिपोर्ट मांगी है। सीआईएसएफ, एनआईए और आईबी को भी रिपोर्ट देने को कहा गया है। वहीं, केंद्र ने शनिवार को डीजीसीए चीफ विक्रम देव दत्त को पद से हटाते हुए कोयला मंत्रालय में सचिव बना दिया। इस बदलाव को धमकी वाले मामलों से जोड़कर देखा जा रहा है।

वहीं, शनिवार को एक साथ 30 धमकियां मिलने के बाद विमान कंपनियों के बड़े अधिकारियों ने ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के अफसरों से मुलाकात की। ब्यूरो के डायरेक्टर जनरल जुल्फिकार हसन ने उन्हें भरोसा दिलाया कि भारतीय आकाश पूरी तरह सुरक्षित है। विमान में बम होने की सूचना मिलने पर फ्लाइट को अपने निर्धारित एयरपोर्ट के बजाय नजदीकी हवाई अड्डे पर उतारा जाता है। इससे ईंधन की खपत तो ज्यादा होती ही है, विमान की दोबारा जांच करने, यात्रियों को होटलों में ठहराने और उन्हें उनके मंजिल तक पहुंचाने के लिए व्यवस्था करनी पड़ती है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, इन सब पर करीब 3 करोड़ रुपए तक खर्च हो जाते हैं। इस हफ्ते विस्तारा, एअर इंडिया, इंडिगो, अकासा, स्पाइसजेट, स्टार एयर और अलायंस एयर की 70 से ज्यादा घरेलू व अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को धमकी मिल चुकी है। धमकियों की वजह से अब तक 200 करोड़ तक का नुकसान हो चुका है।

## बीआरएस नेता को अवैध रूप से बनाए फार्महाउस खोने का सता रहा डर : सीएम रेड्डी

हैदराबाद, (ईएमएस)। तेलंगाना सीएम ए रेवंत रेड्डी ने बीआरएस के नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिनमें उन्होंने कहा है कि वे हाल ही में गठित हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति संरक्षण एजेंसी (हाइड्रा) का विरोध इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उन्हें अपने अवैध रूप से बनाए फार्महाउस खोने का डर सता रहा है। रेवंत रेड्डी ने कहा कि यह एजेंसी सरकारी जमीनों और जल निकायों पर अवैध कब्जा कर बनाए गए ढांचों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। सीएम रेड्डी ने साफ कहा कि जिन लोगों ने सरकारी अनुमति से संपत्तियों का निर्माण किया है, उन्हें डरने की कोई जरुरत नहीं। उन्होंने बीआरएस के वरिष्ठ नेताओं, के.टी. रामा राव और टी. हरीश राव पर तंज कसते हुए कहा कि क्या वे अपने फार्महाउस की वैधता की जांच को तैयार हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक तथ्य-अन्वेषण समिति गठित करने का प्रस्ताव भी दिया, जो इन फार्महाउसों की वैधता की जांच करेगी। रेड्डी ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर गलत अफवाह फैला रहे हैं, ताकि राज्य की प्रगति और रियल एस्टेट को नुकसान पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा था अगर आपके फार्महाउस या संपत्तियां वैध हैं और आपने सरकारी आदेशों का उल्लंघन नहीं किया है, तो फिर डरने की ज़रूरत नहीं।

## जिस विकास तिवारी को ढूंढ रही एफबीआई, एक साल से वह परिवार से नहीं मिला

रेवाड़ी,(ईएमएस)। भारत और कनाडा विवाद के बीच रेवाड़ी के निवासी विकास यादव का नाम इस समय चर्चा में है। अमेरिका की सुरक्षा एजेंसी एफबीआई उसे ढूंढ रही है। एफबीआई ने कहा है कि विकास यादव भारत में सरकारी कर्मचारी था और उसे आतंकी और अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में मोस्ट वांटेड सूची में रखा गया है और उसकी तलाश की जा रही है। वहीं भारत सरकार ने कह कि उसे वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया था और तिहाड़ जेल में बंद था, लेकिन रिहाई के बाद से वह गायब है।

वहीं इन खबरों के बीच विकास यादव की मां ने मीडिया के सामने अपना दुखड़ा सुनाया और कहा कि वह पिछले एक साल से अपने बेटे से नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि उन्हें विकास पर लगे आरोपों की जानकारी नहीं है। उनका कहना था कि विकास आखिरी बार पिछले साल हरियाणा के रेवाड़ी स्थित अपने घर आया था जब उसकी बेटी का जन्म हुआ था, उसके बाद से वह कभी संपर्क में नहीं आया।

रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी न्याय विभाग के दस्तावेजों में विकास यादव को गुरपतवंत सिंह पन्नू मामले में सीसी-1 यानी सह-साजिशकर्ता के रूप में नामजद किया गया था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने उसे 18 दिसंबर 2023 को जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार किया था। कुछ सप्ताह बाद जमानत मिलने पर उसे 22 अप्रैल 2024 को तिहाड़ जेल से रिहा कर दिया था। दिल्ली पुलिस की चार्जशीट में उसका जन्म स्थान प्राणपुरा बताया गया है, जो अमेरिकी दस्तावेजों में भी उल्लेखित है। वहीं विकास यादव की मां और भाई का कहना है कि वे महीनों से विकास से संपर्क में नहीं हैं। आखिरी बार वह घर आया था, लेकिन इसके बाद उनका कोई संपर्क नहीं हुआ।

# आप बोली-भाजपा यूपी से यमुना में गंदा पानी छोड़ रहीः बीजेपी ने कहा- 1 हजार करोड़ प्रदूषण टैक्स कलेक्ट किया था, उसका क्या हुआ

**नई दिल्लीः** दिल्ली में रविवार सुबह लगातार तीसरे दिन यमुना नदी में जहरीला झाग देखने को मिला। आप ने एक स्टेटमेंट जारी करते हुए कहा- भाजपा यूपी से यमुना में गंदा पानी छोड़ रही है, जिसके कारण दिल्ली में पानी में झाग बन रहा है। एक तरफ दिल्ली में आप वॉर लेवल पर प्रदूषण से निपटने में लगी है। वहीं, दूसरी तरफ भाजपा गंदी राजनीति कर रही है। इसके जवाब में ईस्ट दिल्ली से भाजपा सांसद हर्ष मल्होत्रा ने कहा- आप सरकार ने 1 हजार करोड़ रुपए प्रदूषण के टैक्स के रूप में कलेक्ट किए थे। आतिशी को बताना चाहिए कि उस फंड का क्या हुआ।

जब यमुना का पानी दिल्ली में आता है, तब इसका ऑक्सीजन लेवल 9 रहता है। जब दिल्ली से निकलता है तब ऑक्सीजन लेवल 0 हो जाता है। दिल्ली में अलग-अलग ड्रेनेज पॉइंट पर मौजूद ड्रेनेज प्लांट काम नहीं कर रहे।



### भाजपा के 3 आरोप

- अरविंद केजरीवाल सरकार ने यमुना की सफाई को लेकर सिर्फ झूठ और भ्रम फैलाया है। उपराज्यपाल ने यमुना की सफाई के लिए कदम उठाए तो केजरीवाल सरकार ने उन्हें रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।
- केजरीवाल ने कहा था कि वे 2025 तक यमुना नदी पूरी तरह से साफ कर दी जाएगी। जब लोग यमुना नदी के पानी में छठ पूजा का त्योहार मनाएंगे, तो उन्हें किन बीमारियों का सामना करना पड़ेगा?
- यमुना की सफाई के लिए आए सारे पैसे विज्ञापनों पर खर्च कर दिए। यमुना नदी की सफाई हमेशा से आप के लिए एक राजनीतिक मुद्दा रहा है, प्राथमिकता नहीं। जहरीली राजनीति दिल्ली में जहरीली हवा और पानी का कारण है।

### आप का जवाब- प्रदूषण के लिए यूपी- हरियाणा जिम्मेदार

आप नेता रीना गुप्ता ने भाजपा के आरोपों को जवाब देते हुए कहा- जल प्रदूषण और वायु प्रदूषण के मुद्दे प्रशासनिक सीमाओं को पार कर जाते हैं। हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं में 30 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 70 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में 30 प्रतिशत की कमी देखी गई है। दिल्ली के लगभग 300 किलोमीटर के दायरे में एक एयरशेड है। सुप्रीम कोर्ट ने कई बार कहा है कि इस मुद्दे को हल करने के लिए सभी राज्य सरकारों को मिलकर काम करने की जरूरत है। हालांकि, केवल दिल्ली और पंजाब में आप सरकारें ही इससे सक्रिय रूप से निपट रही हैं।

दिल्ली में यमुना नदी में झाग को लेकर दिल्ली जल बोर्ड ने 18 अक्टूबर को मीटिंग की थी। इसमें छठ पूजा के दौरान झाग न रहे, इसे लेकर चर्चा की गई। दरअसल, हर साल ओखला के कालिंदी कुंज में बैराज पर छठ पूजा के दौरान नदी में डुबकी लगाने के लिए सैकड़ों भक्त आते हैं।

बैठक में भाग लेने वाले एक अधिकारी ने कहा कि किया कि छठ पूजा से पहले और उसके दौरान ओखला बैराज के डाउनस्ट्रीम में पोर्टेबल एंटी-सर्फेक्टेंट स्प्रिंकलर लगाया जाएगा। वहीं कालिंदी कुंज में नदी और नालों के तल को साफ करने का काम किया जाएगा। दिवाली में यमुना में झाग के अलावा हवा प्रदूषण भी देखने को मिल रहा है। रविवार सुबह दिल्ली के वातारवरण में धुंध की परत छाई नजर आई। अक्षरधाम मंदिर और आसपास के इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स 353 और आनंद विहार में 454 दर्ज किया गया, जिसे केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार 'बहुत खराब' श्रेणी में रखा गया है।

## वैश्विक जलचक्र असंतुलन से जुड़ी चुनौतियां की गंभीरता

असंतुलित जलचक्र के कारण समूची दुनिया के समुख पानी एक बड़ी गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण समस्या बन रही है। पृथ्वी के चारों ओर पानी के घूमने की प्रणाली को जल-चक्र कहा जाता है, जीवन को संचालित करने के लिए जिसका सुचारु होना आवश्यक होता है। पूरी दुनिया में पीने के पानी की भारी समस्या है और उसके अधिक विकराल होने की संभावनाओं की चेतावनी लम्बे समय से दिये जाने के बावजूद हम नहीं चेत रहे हैं। पानी के दुरुपयोग, जल संसाधनों के कुप्रबंधन, बदलते जलवायु, भूमि के बढ़ते उपयोग और वन क्षेत्रों में कटौती ने समूचे जल-चक्र को असंतुलित कर दिया है। कहते हैं कि पानी की असल अहमियत वही शख्स समझता है, जो तपते रेगिस्तान में एक बूंद पानी की खोज के लिए मीलों भटका हो। वह शख्स पानी की कीमत क्या जाने, जो नदी के किनारे रहता है। भारत के कई राज्यों में पीने के पानी की भारी समस्या है और उसके अधिक विकराल होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। नीति आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट में अगले ही साल 21 शहरों में भूजल खत्म होने की आशंका व्यक्त करते हुए एक बार फिर चेताया है।

नीति आयोग की रिपोर्ट बड़े खतरे का संकेत दे रही है। अब जलचक्र के असंतुलित होने का असर भारत पर भी पड़ना निश्चित है। इसलिये भारत में जल-समस्या जीवन-संकट बन सकती है। भारत में पुराने जमाने में तालाब, बावड़ी और नलकूप थे, तो आजादी के बाद बांध और नहरें बनाईं। वक्त के बदलने के साथ-साथ सोच भी बदली, अति भोगवाद, सुविधावाद बढ़ा तो प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति उपेक्षा भी घनघोर होती गयी। संयम का सूत्र छूट गया। आधुनिक सभ्यता की सबसे बड़ी मुश्किल यही है कि वह प्रकृति में निहित संदेश को हम सुन नहीं पा रहे हैं। जलसंकट पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। समय-समय पर प्रकृति चेतावनियां देती है पर आधुनिकता के कोलाहल में हम बहरा गये हैं। आज देश का कोना-कोना जल समस्या से ग्रस्त है। वर्ष 2018 में कर्नाटक ने अभूतपूर्व बाढ़ देखी थी, किंतु अब 2019 में उसके 176 में से 156 तालुके सूखाग्रस्त घोषित हो चुके हैं। महाराष्ट्र, बिहार, उत्तरप्रदेश, झारखंड, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ भयंकर जल समस्या का सामना कर रहे हैं।

विश्लेषकों द्वारा तृतीय विश्वयुद्ध की आशंका पानी के लिए व्यक्त की जाती रही है। निकट भविष्य में पानी का प्रयोग अस्त्र रूप में भी संभावित है। कुछ समय पहले पाकिस्तान से तनाव हो जाने पर भारत द्वारा सिंधु नदी के प्रवाह को रोक कर पानी की उपलब्धता बाधित करने की चेतावनी दी गई थी। जबकि देश में ही पानी की अनुपलब्धता की समस्या पूरे राष्ट्र में पिछले 10-15 साल से चल रही है। इसके मूल में नियमित रूप से वर्षा का न होना तथा सूखा पड़ते रहना तथा सरकार की गलत नीतियां भी हैं। पानी की उपलब्धता की स्थिति को देखते हुए यह लगने लगा है कि विश्वयुद्ध हो या न हो, पर हर गली- मोहल्ले में, शहर -शहर में, गांव- गांव में पानी के लिए 10-15 वर्ष में ही युद्ध होंगे और भाईचारे के साथ रह रहे पड़ोसी पानी के लिए आपस में लड़ेंगे।

भारत सहित दुनिया के अधिकांश देश जल-समस्या से पीड़ित है। पृथ्वी पर तीन अरब लोग पहले से जल संकट का सामना कर रहे हैं। अब जल-चक्र असंतुलन से न जाने और कितने लोग संकट में आ जाएंगे। बड़ी चिंता यह भी कि इससे दुनिया की जीडीपी को आठ से पंद्रह प्रतिशत तक नुकसान हो जाएगा। दरअसल, प्रकृति की उपेक्षा के साथ-साथ सिर्फ अपना लाभ देखने की दुष्प्रवृत्ति ही इस स्थिति के लिए जिम्मेदार है। जल की बर्बादी, वन क्षेत्रों का खात्मा, पेड़-पौधों का लगातार काटना, ओजोन परत को नुकसान, ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु संकट और इन सब के कारण अंततः जीव-जंतुओं के अस्तित्व पर ही आती आंच के रूप में इसके दुष्परिणाम सामने है। एक तथ्य यह भी है कि इन दुष्परिणामों की चिंता तो खूब होती रही है, लेकिन सरकारें एवं आमजन इस समस्या के प्रति उतना गंभीर नहीं है, जितनी अपेक्षा है। देश के जो क्षेत्र जल संकट की भयावह स्थिति का सामना कर रहे हैं, उन क्षेत्रों में एक घड़े पानी की कीमत व्यक्ति या मनुष्य के जीवन से अधिक है। वहां गर्मी में तो महिलाएं प्रातःकाल से ही जल की व्यवस्था में जुट जाती हैं।

बदलते जलवायु परिवर्तन का आलम यह है कि देश में जहां सूखा पड़ता था, अब वहां बाढ़ आ रही है। चरम जलवायु घटनाओं का स्वरूप बदल रहा है। जल चक्र पर भी इसका असर पड़ रहा है। बीते समय में चरम घटनाओं और प्राकृतिक आपदाओं में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इन्हीं घटनाओं से होने वाले नुकसान को कम करने और इसका मुकाबला करने के लिए मोदी सरकार ने मिशन मौसम शुरू किया है। 'मिशन मौसम' के तहत सरकार टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके मौसम की भविष्यवाणी को बेहतर बनाने का काम करेगी। हर साल चक्रवात, बाढ़, सूखा और हीटवेव जैसे जलवायु परिवर्तन से उपजी आपदाओं के चलते करीब 10,000 लोगों की मौत हो जाती है। 'मिशन मौसम' की अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मौसम की सटीक भविष्यवाणी से इनमें से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। सरकार ने 'मिशन मौसम' के लिए 2,000 करोड़ रुपए का बजट रखा है। इतना ही नहीं ये सरकार को आपदा के आने से पहले तैयार होने और उसके बाद जनजीवन को जल्द से जल्द सुचारु करने में भी मदद करेगा। मिशन "मौसम प्रबंधन" तकनीकों का पता लगाएगा और इसमें कृत्रिम रूप से बादलों को विकसित करने के लिए एक प्रयोगशाला बनाना, रडार की संख्या में 150 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि करना और नए उपग्रह, सुपर कंप्यूटर और बहुत कुछ जोड़ना शामिल है। भारतीय मौसम वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि अगले पांच सालों में उनके पास इतनी विशेषज्ञता होगी कि वे न केवल बारिश को बढ़ा सकेंगे बल्कि कुछ क्षेत्रों में ओलों और बिजली के साथ-साथ इसे भी रोक सकेंगे।

अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जलचक्र के असंतुलित होने से उत्पन्न समस्याओं को लेकर भी आवाज बुलंद होती रही हैं, पर जैसे हालात बनते जा रहे हैं इन चिंताओं का असर ढाक के तीन पात जैसा ही है। इससे भी गंभीर बात यह कि जल-चक्र बिगड़ने से दुनिया का आधा खाद्य उत्पादन ही खतरे में आ गया है। तब उन देशों का क्या होगा, जो पहले से खाद्यान्न संकट को झेल रहे हैं। जाहिर है, संकट में शामिल देशों की सूची बढ़ती ही जाएगी। कहना न होगा कि अब भी नहीं संभले और विकास का वैकल्पिक रास्ता नहीं खोजा, तो भयावह स्थिति को कोई नहीं रोक सकता। जलचक्र के असंतुलन की स्थिति का आकलन कोरी कल्पना पर आधारित नहीं है। विशेषज्ञों के समूह 'ग्लोबल कमीशन ऑन द इकोनॉमिक्स ऑफ वॉटर' ने तथ्यों और परिस्थितियों के गहन वैज्ञानिक अनुसंधानों और विश्लेषणों के माध्यम से भयावह हालात की ओर आगाह किया है। हालात चिंताजनक इसलिए हुए हैं क्योंकि सभी संसाधनों के क्षरण की गति बेतहाशा बढ़ गई है। समस्या न केवल वैश्विक है बल्कि एक-दूसरे से जुड़ी हुई है, इसलिए वैश्विक स्तर के प्रयासों से ही जल-चक्र के असंतुलन से उत्पन्न परिस्थितियों के समाधान की राह तलाशनी होगी। नीति आयोग के एक ताजा सर्वे के अनुसार भारत में 60 करोड़ आबादी भीषण जल संकट का सामना कर रही है। अपर्याप्त और प्रदूषित जल के उपभोग से भारत में हर साल 2 लाख लोगों की मौत हो जाती है। यूनिसेफ द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार भारत में दिल्ली और मुंबई जैसे महानगर जिस प्रकार पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं, उससे लगता है कि 2030 तक भारत के 21 महानगरों का जल पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा और वहां पानी अन्य शहरों से लाकर उपलब्ध कराना होगा। जल से जुड़ी चुनौतियां एवं जलचक्र के असंतुलित होने की स्थितियों को स्वीकार कर हम भारतीयों को संकल्पित होना होगा इन चुनौतियों एवं समस्याओं से जूझने के लिये।

## मुंबई में लौट आया है संगठित अपराधों का दौर?

> कुछ मामलों में राजनेता खुद भूमि सौदों और बिल्डरों से करीब से जुड़े हुए हैं जैसा कि बाबा सिद्दीकी कथित तौर पर करते थे या राजनेता खुद बिल्डर हैं, जैसे कि उपनगरीय मुंबई के भारतीय जनता पार्टी के पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा। लोढ़ा और उनका रियल एस्टेट व्यवसाय समूह शायद अकेले ही अपने दबदबे के लिए और मुंबई को नया आकार देने, कीमतों को बढ़ाने, इसे अमीरों के लिए मुफीद बनाने तथा औसत या गरीब निवासियों के प्रति विरोधपूर्ण रवैये के लिए स्पष्ट रूप से जाने जाते हैं। बाबा सिद्दीकी बांद्रा पश्चिम से विधायक चुने गए थे जो कभी 'उपनगरों की रानी' कहलाता था। बिल्डर इसे एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में देखते हैं और बिल्डरों के बढ़ते दबाव के कारण अब बांद्रा का आकर्षण कम हो रहा है।

एक समय था जब मुंबई में दिन-दहाड़े गोलीबारी होती थी, गैंगस्टर खुले आम घूमते थे और शहर की सड़कों पर अपने दुश्मनों को अपनी मर्जी से उड़ा देते थे। दशहरे की रात (12 अक्टूबर) को बांद्रा के टोनी उपनगर में महाराष्ट्र के विवादास्पद पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद लगता है कि कुछ ऐसा ही माहौल वापस आ गया है। सिद्दीकी बॉलीवुड सितारों के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों के लिए मशहूर थे। 66 वर्षीय सिद्दीकी को कार में आए हत्यारों ने गोली मारी। हत्यारों के मुंह रूमालों से ढंके हुए थे। अपने लक्ष्य पर करीब से गोली चलाने के बाद वे भाग निकले। पुलिस ने इस वारदात को कॉन्ट्रैक्ट किलर की करतूत बताया है। संगठित अपराध शैली में की गई यह हत्या राजनेता-बिल्डर-अंडरवर्ल्ड गठजोड़ की शक्ति, पहुंच और कानून-व्यवस्था की अवमानना का संकेत देती है, जो भारत के सबसे मशहूर शहर मुंबई के अपराध मुक्त होने के दावे को चुनौती दे रही है। सिद्दीकी अपनी ग्लैमरस इफ्तार पार्टियों के लिए प्रसिद्ध थे जिनमें बॉलीवुड सितारे शामिल होते थे। वे विशेष रूप से सलमान खान और संजय दत्त जैसे फिल्मी सितारों के साथ अपनी नजदीकियों के लिए जाने जाते थे। सिद्दीकी की हैसियत सिर्फ एक पूर्व विधायक, एक पूर्व मंत्री या बांद्रा पश्चिम उपनगर के प्रतिनिधि से कहीं अधिक थी। वे उस इलाके से थे जहां बॉलीवुड फिल्मी सितारों में से कुछ सबसे बड़े लोगों के घर हैं। 2013 की एक तस्वीर में कांग्रेस पार्टी के तत्कालीन सदस्य बाबा सिद्दीकी सुपरस्टार सलमान खान और 'किंग खान कहे जाने वाले शाहरुख खान के गलों में हाथ डाले दिखाई दे रहे हैं।

कांग्रेस पार्टी के लंबे समय से सदस्य, पूर्व मंत्री और सिनेस्टार व दिवंगत सांसद सुनील दत्त के सर्वाधिक करीबी सहयोगी रहे सिद्दीकी ने अपने खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की जांच के मद्देनजर इस साल की शुरुआत में पार्टी छोड़ दी थी और फिलहाल भाजपा के साथ महाराष्ट्र में सत्ता में भागीदार अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। उसके बाद ईडी का मामला कभी आगे नहीं बढ़ा। इन अर्थों में जिस व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की गई, वह सत्तारूढ़ पार्टी का कार्यकर्ता था, जिसकी हत्या उस समय हुई जब सभी राजनीतिक दल महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए जी-जान से जुटे हैं। उल्लेखनीय है कि बाबा सिद्दीकी को एक पखवाड़े पहले जान से मारने की धमकी मिली थी जिसके बाद उन्हें 'वाईÓ श्रेणी की राज्य सुरक्षा प्रदान की गई थी। इन सबके बावजूद हिटमैन अपना काम कर गुजरे। सरकारी कहानी यह है कि यह हत्या लॉरेंस बिश्नोई के नेतृत्व वाले गिरोह की करतूत है। हत्या का कारण सिद्दीकी की सलमान खान के साथ कथित नजदीकी को बताया जा रहा है। सलमान खान पर आरोप है कि उसने 1998 में कथित तौर पर एक काले हिरण का शिकार किया था जिसे बिश्नोई समुदाय पवित्र व पूजनीय मानता है। इसी वर्ष अप्रैल में सलमान खान के घर पर गोलियां चलाई गई थीं। इस सिलसिले में गिरफ्तार आरोपियों में से एक अनुज थापन के बारे में कहा जाता है कि उसने पुलिस हिरासत में आत्महत्या कर ली जिसने उस मामले में एक नया मोड़ दे दिया। अब सलमान खान के सभी दोस्त और सहयोगी बिश्नोई गिरोह के निशाने पर हैं, लेकिन सिद्दीकी की हत्या के बाद घटनाक्रम में इतनी तेजी के साथ बदलाव हो रहे हैं जिसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यह कम महत्वपूर्ण नहीं है कि बिश्नोई इस समय गुजरात में हिरासत में हैं। इसके अलावा पुलिस ने सिद्दीकी मामले में उसी रात आनन-फानन में दो गिरफ्तारियां कीं और इस समय तक एक और आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तार किया गया तीसरा व्यक्ति उस व्यक्ति का भाई है जिसने बिश्नोई गिरोह के गुर्गे के रूप में हत्या में शामिल होने का दावा किया था। क्या मामला इतना सरल हो सकता है जितना कि बताया जा रहा है? बाबा सिद्दीकी को जमीन और रियल एस्टेट कनेक्शन के लिए भी जाना जाता था जिसने मुंबई में बिल्डरों की भूमिका को उजागर करते हुए शहर का पूरा परिदृश्य बदल दिया और कई मायनों में शहर की तरक्की के साथ मुंबई को कांक्रीट का बदसूरत जंगल बनाने में भी योगदान दिया है। कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण कई इमारतें अधूरी छोड़ दी गईं। रियल एस्टेट में निवेश करने वाले अधिकांश लोगों ने देखा है कि उनके निवेश को आकर्षक रिटर्न नहीं मिलता हैं जैसा किसी समय आवासीय परियोजनाओं में मिलता था। इसके बावजूद मुंबई में भूमि का आकर्षण और रिटर्न देने की इसकी क्षमता हमेशा की तरह आकर्षक है जिसने मुंबई को भारत का सबसे समृद्ध शहर बनाए रखा है। इसके अलावा बाजार की बदलती परिस्थितियों ने बिल्डरों और परियोजनाओं पर भी दबाव डाला है जिनमें से कई की पूरा करने की प्रतिबद्धता हो सकती है पर मुंबई में आवास के लिए विकसित बाजार में व्यवहार्य से कम रिटर्न हो सकते थे।

कुछ मामलों में राजनेता खुद भूमि सौदों और बिल्डरों से करीब से जुड़े हुए हैं जैसा कि बाबा सिद्दीकी कथित तौर पर करते थे या राजनेता खुद बिल्डर हैं, जैसे कि उपनगरीय मुंबई के भारतीय जनता पार्टी के पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा। लोढ़ा और उनका रियल एस्टेट व्यवसाय समूह शायद अकेले ही अपने दबदबे के लिए और मुंबई को नया आकार देने, कीमतों को बढ़ाने, इसे अमीरों के लिए मुफीद बनाने तथा औसत या गरीब निवासियों के प्रति विरोधपूर्ण रवैये के लिए स्पष्ट रूप से जाने जाते हैं। बाबा सिद्दीकी बांद्रा पश्चिम से विधायक चुने गए थे जो कभी 'उपनगरों की रानीÓ कहलाता था। बिल्डर इसे एक प्रमुख क्षेत्र के रूप में देखते हैं और बिल्डरों के बढ़ते दबाव के कारण अब बांद्रा का आकर्षण कम हो रहा है। पूर्व में बहुत सामान्य लोग बांद्रा पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते थे जिसका एक उदाहरण सदानंद वर्दे हैं जो 1970 के दशक में शिक्षा मंत्री थे। वर्दे समाजवादी विचारधारा के थे एवं बांद्रा के नेशनल कॉलेज में अर्थशास्त्र के व्याख्याता थे। एक अन्य प्रतिनिधि सलीम जकारिया एक उपनगर में स्कूल शिक्षक थे जो राज्य के शिक्षा मंत्री भी बने। बांद्रा से ताल्लुक रखने वाले एक और शख्स रामदास नायक थे जो मोदी-शाह नेतृत्व से पहले के दिनों से मुंबई भाजपा के नेता थे। अगस्त 1994 में दाऊद इब्राहिम गिरोह के सदस्यों ने एके 47 राइफल से गोलियों की बौछार कर नायक और उनके अंगरक्षक की हत्या कर दी थी।

## हिजबुल्लाह का याह्या सिनवार मौत पर एक्शन

> साथियों बात अगर हम युद्ध के माहौल में 16 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 23-25 अक्टूबर 2024 की करें तो, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले भारत के पीएम के इज़राइल व फिलिस्तीन और रूस व यूक्रेन जंग रुकवाने के लिए किए गए प्रयास के कारण एक बार फिर ग्लोबल लीडर साबित हुए हैं। ब्रिक्स सम्मेलन से पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने के लिएभारतीय पीएम के प्रयासों की सराहना की है। इससे पीएम की यह छवि और पुख्ता हुई है। पुतिन ने इज़राइल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष को समाप्त करने के लिए भारत की भूमिका को महत्वपूर्ण माना है।

किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर दुनियाँ दो खेमों में बंट चुकी है। इन देशों में अप्रत्यक्ष रूप से प्रॉक्सी वॉर शुरू है,इस बीच भारत कनाडा का टेंशन भी बड़ा हुआ है, वहीं इस बिगड़ते माहौल व युद्ध के बीच 19 अक्टूबर 2024 को देर शाम इजरायल के प्रधानमंत्री के घर ड्रोन हमले की जानकारी डिजिटल मीडिया पर आग की तरह फैली जिसे देर रात्रि इजरायली पीएमओ कार्यालय व आईडीएफ ने भी कंफर्म किया व किसी जनहानि से इनकार किया। उधर इस कठिन माहौल क़े बीच रूस के कज़ान में 23 -25 अक्टूबर 2024 सेब्रिक्स देशों का 16वाँ शिखर सम्मेलन शुरू हो रहा है जिसकी तैयारियां जोर-जोर से की गई है। भारतीय पीएम भी 22-23 अक्टूबर 2024 को इस महासम्मेलन में शामिल होंगे, जिसमें संभावित वैश्विक जंग यानें वैश्विक युद्ध क़े दोनों आधार रूस-यूक्रेन व हमास-इजरायल युद्ध को रोकने के उपचार में भारतीय पीएम फिर ग्लोबल लीडर साबित हो सकते हैं।परंतु अभी नए घटनाक्रमों के चलते इस बारे में कहा नहीं जा सकता। चूँकि इजरायली पीएम के घर पर ड्रोन हमले से इसराइल एफडीआई के सुरक्षा घेरे में सेंघ से दुनियाँ हैरान है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे हिजबुल्लाह का याह्या सिनवर मौत पर एक्शन इजरायली पीएम के घर ड्रोन हमला रिएक्शन, तीसरे विश्व युद्ध का टेंशन।

साथियों बात अगर हम इजरायली पीएम के घर ड्रोन हमले की करें तो,लेबनानी गुट हिजबुल्लाह की ओर से शनिवार को निजी आवास पर ड्रोन हमले की कोशिश के बाद इजरायली पीएम बेंजामिन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि इस ड्रोन अटैक के पीछे ईरान के एजेंट हिजबुल्लाह का मकसद उनको मारना था।उन्होंने दावा किया कि उनके साथ-साथ उनकी पत्नी की भी हत्या इस ड्रोन अटैक के जरिए करने की साजिश थी। उन्होंने इस अटैक के लिए ईरान के प्रॉक्सी और एजेंट्स को जिम्मेदार कहा है।ईरान पर लगाया हमले का आरोप,याह्या सिनवार की मौत और ड्रोन हमले ने इस युद्ध में एक नया मोड़ दिया है। इजरायल अब हामास और उससे जुड़े ईरानी एजेंटों से संघर्ष को बढ़ाता हुआ नजर आ रहा है।मसलन, इजरायली अधिकारी ने दावा किया कि हमले ईरान के इशारे पर किए गए थे, लेकिन इसके लिए इजरायल ने कोई सबूत पेश नहीं किया है।पीएम ऑफिस से आए एक बयान के मुताबिक, ईरान ने नेतन्याहू को निशाना बनाने की कोशिश की थी। यह घटना कासेरिया में हुई,जो अपने शानदार विला और रोमन सभ्यता के अवशेषों के लिए मशहूर है।इडीएफ ने बताया कि ड्रोन लेबनान से लॉन्च किए गए थे और इस हमले के कारणों की जांच की जा रही है। ईरान की तरफ से फिलहाल इजरायल के आरोपों पर कुछ प्रतिक्रिया समने नहीं आई है।कहा जा रहा है कि ड्रोन हमले के बीच लोगों को कोई वार्निंग नहीं मिली। मसलन, इजरायल का सुरक्षा कवच (वार्निंग सिस्टम) आमतौर पर किसी भी हमले को भांप लेता है और साइरन के जरिए लोगों की चेतावनी मिलती है। हालांकि, नेतन्याहू के आवास को निशाना बनाने वाले ड्रोन्स का पता नहीं चला।

साथियों बात अगर हम दुनियाँ के अलग-अलग गुटों में बटें होने व भारत की भूमिका की करें तो, इस समय अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य जटिल भी होता जा रहा है। दुनियाँ अलग अलग इलाकों में कई तरह से बंटी नजर आती है। जहां यूक्रेन के खिलाफ अमेरिक़ा पूरी दुनियाँ को रूस को लामबंद कर रहा है, और भारत रूस का साथ छोड़ने के लिए तैयार नहीं है, वहीं हमारा देश कई मामलों में चीन के खिलाफ अमेरिका का साथ देता दिखता है, तो फिर रूस, भारत, चीन, ब्राजील और साउथ अफ्रीका जैसे देशों का संगठन कुछ अजीब सा ही लगता है।पिछले कुछ समय से दुनियाँ में हलचल और युद्ध का संकट ज्यादा दिखाई दे रहा है, ऐसे में भारत की वैश्विक मंच पर भूमिका भी और भी संवेदनशील हो चली है। ऐसे में भारत और रूस, सहित कई विकासशील देशों का आपस में एक सहयोग संगठन में है जिसे ब्रिक्स कहते हैं।आगामी 22 अक्टूबर भारतीय पीएम रूस के शहर कजान में इसी के सम्मेलन में भाग लेने के लिए जा रहे हैं। भारत के पीएम अपनी वैश्विक भूमिकाओं के कारण ग्लोबल लीडर साबित हुए हैं। वे दुनियाँ के हर मंच पर अपनी काबिलियत का लोहा मनवा रहे हैं। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले उनकी ये भूमिका उन्हें दुनियाँ के अन्य नेताओं से अलग करती है।

साथियों बात अगर हम युद्ध के माहौल में 16 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 23-25 अक्टूबर 2024 की करें तो, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले भारत के पीएम के इज़राइल व फिलिस्तीन और रूस व यूक्रेन जंग रुकवाने के लिए किए गए प्रयास के कारण एक बार फिर ग्लोबल लीडर साबित हुए हैं। ब्रिक्स सम्मेलन से पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने के लिएभारतीय पीएम के प्रयासों की सराहना की है। इससे पीएम की यह छवि और पुख्ता हुई है। पुतिन ने इज़राइल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष को समाप्त करने के लिए भारत की भूमिका को महत्वपूर्ण माना है। भारत ने हमेशा दोनों पक्षों के बीच बातचीत और शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की है।भारत सरकार ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह मुद्दा उठाया है, साथ ही भारत ने हमेशा संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और दो-राज्य समाधान के सिद्धांत का समर्थन किया है। भारत की भूमिका में मध्यस्थता, कूटनीतिक संवाद, और मानवता के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना शामिल है। हालांकि, स्थिति जटिल है और पीएम की भूमिका सीमित होती है, लेकिन भारत का यह प्रयास वैश्विक स्तर पर शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। ब्रिक्स सम्मेलन में फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास की भागीदारी एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। यह न केवल फिलिस्तीन के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी आवाज़ उठाने का अवसर है, बल्कि यह ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग और एकजुटता को भी दर्शाता है। इस भागीदारी के माध्यम से, अब्बास फिलिस्तीनी मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और वैश्विक समर्थन प्राप्त करने का प्रयास करेंगे। इस प्रकार के सम्मेलनों में शामिल होकर, वे फिलिस्तीन के संघर्ष और स्थिति को दुनिया के सामने लाने की कोशिश करते हैं, जिससे कि अन्य देश और अंतरराष्ट्रीय संगठन फिलिस्तीन के अधिकारों और स्वतंत्रता के समर्थन में आगे आ सकें ब्रिक्स जैसे मंचों पर उनकी भागीदारी अंतरराष्ट्रीय संबंधों में एक नया दृष्टिकोण और संवाद का निर्माण कर सकती है।

## अब अपनी बंद नहीं, खुली आंखों से देखेगी इंसाफ की देवी

निखिल भट्ट

देश के मुख्य न्याय मूर्ति श्री डी वाई चंद्रचूड़ ने न्याय के क्षेत्र में एक अनोखी पहल की जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट की लाइब्रेरी में लगी न्याय की देवी की प्रतिमा की आंखों से पट्टी हटा कर उनके हाथ में तलवार की जगह संविधान की किताब थमा दी गई है जबकि पहले इस प्रतिमा के एक हाथ में तराजू तो दूसरे हाथ में तलवार थी और आंखों में पट्टी बंधी हुई थी ये यह अनोखा परिवर्तन बहुत लंबे वक्त के बाद किया गया है जो अपने आप में कानून की देवी की एक अलग व्याख्या करता है ।

कानून अंधा होता है इसका तात्पर्य यह था कि उसकी निगाह में अमीर, गरीब, बलवान, कमजोर, पीड़ित और अत्याचारी सब एक जैसे हैं क्योंकि जब वह अपनी आंखों में पट्टी बांधे हुए थी तो उसके सामने यह सच नहीं आता था कि उसके सामने न्याय की मांग करने वाला कौन है इसलिए वो इनमें भेदभाव ना करते हुए न्याय प्रदान करती थी

कानून अंधा होता है ये ना केवल एक कहावत बन गई थी बल्कि इस पर फिल्में भी बनी है इसके साथ-साथ इस न्याय की देवी के एक हाथ में तराजू थी जो इस बात को प्रतिबिंबित करती थी कि उसके तराजू में कोई पासंग नहीं है वह वह दोनों पक्षों को बराबरी से सुनती है और फिर अपनी तराजू पर उसको तौल कर पर न्याय का प्रदर्शन करती है दूसरे हाथ में तलवार शक्ति का भी प्रदर्शन करती थी। तलवार वीरों का हथियार आदिकाल से हिंदू संस्कृति का एक अंग रहा है इस तलवार का अर्थ यह भी था कि न्यायालय जो भी निर्णय देता है उसका सम्मान संबंधित लोगों को करना चाहिए और ऐसा नहीं होता है तो वह तलवार की धार जैसा नुकीला निर्णय भी दे सकता है ।

अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही इस परिपाटी को बदलने का ना तो किसी ने सोचा था और ना ही इस पर किसी ने कोई पहल की थी लेकिन अपने कठोर निर्णयों के लिए मशहूर देश के मुख्य न्यायाधीश मूर्ति श्री डी वाई चंद्रचूड़ ने जो पहल की है उसने न्याय, और न्याय करने वालों को एक नई दिशा देने का प्रयास किया है

इस नई पहल के तहत इंसाफ की देवी की आंखों से पट्टी इसलिए हटा दी गई है कि वह अपनी खुली आंखों से सब कुछ देख सके, किसी अंधे की तरह टटोलकर किसी चीज का निर्णय न कर सके, अपनी जीवंत आंखों के माध्यम से हर मुकदमे को देखे समझे और फिर उस पर अपना निर्णय दें। आंखों पर से पट्टी हटाने के पीछे शायद यह कारण भी उनके दिलों दिमाग में रहा होगा कि कानून अगर अंधा माना जाएगा तो उसके निर्णय पर भी उंगली उठाई जा सकती है। इंसाफ की देवी के हाथ से तलवार हटाकर उनके हाथ में संविधान देना इस बात को भी रेखांकित करेगा कि कानून संविधान से बंधा हुआ है जो संविधान भारत के लिए लिखा गया है उसी के तहत कानून अपना काम करेगा। किसी भी देश का संविधान उस देश की आत्मा होता है भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में संविधान हर नागरिक, को हर संस्था को अलग-अलग अधिकार देता है जो एक सफल लोकतांत्रिक देश के लिए आवश्यक होता है। तलवार की बजाय न्याय की देवी के हाथ में संविधान देना इसी लोकतांत्रिक परिपाटी का एक सबसे सफल और सुखद अध्याय माना जाएगा ।

पिछले दिनों बहुत से ऐसे कानूनों में परिवर्तन किया गया जो अंग्रेजों के जमाने के थे उन्हें एक नई परिभाषा दी गई, धाराओं में बदलाव किया गया जो कहीं ना कहीं कानून को सरल और आम आदमी के लिए बेहतर न्याय के लिए उठाया गया कदम था अब देश के मुख्य न्यायमूर्ति ने न्याय की देवी को एक अलग प्रतिमूर्ति के रूप में दर्शाने की कोशिश की है वह निसंदेह भारत की कानून व्यवस्था, उसके प्रति सोच लोगों को मिलने वाले न्याय के प्रति एक सुखद दृष्टिकोण साबित होगा।

# सर्दियों में बढ़ जाती हैं यूरिक एसिड की समस्या, इन तरीकों से करें कंट्रोल

**यूरिक एसिड कार्बनिक पदार्थ होता है जो शरीर में बहुत कम मात्रा में पाया जाता है. इसकी जितनी मात्रा बनती है उसे किडनी द्वारा फिल्टर कर शरीर से बाहर निकाल दिया जाता है लेकिन अगर यह जरूरत से ज्यादा बनने लगे तो कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है. ठंड का मौसम आते ही गठिया का दर्द परेशान करने लगता है. ऐसे में अगर खानपान के प्रति भी लापरवाही की जाए तो ये समस्या दोगुना हो सकती है.**

### यूरिक एसिड से हो सकती है ये समस्याएं

जो आगे चलकर अर्थराइटिस, गाउट, हार्ट और किडनी संबंधी रोगों का कारण बन जाता है. यूरिक एसिड के क्रिस्टल्स यूरिन नली में जमा हो जाते हैं, जिससे किडनी स्टोन की समस्या हो सकती है.

### यूरिक एसिड के मरीजों को करना चाहिए इन सब चीजों से परहेज

सर्दियों में ताजी फूलगोभी, पत्तागोभी, मशरूम की सब्जी सभी को पसंद आती है. लेकिन यूरिक एसिड के मरीजों को इन चीजों को नहीं खाना चाहिए. इसमें प्यूरीन की ज्यादा मात्रा होने से समस्या बढ़ सकती है.



### दही का सेवन करें बंद

दही का सेवन करने से हम अपनी हड्डियों



को मजबूत बना सकते हैं परंतु यह यूरिक एसिड की समस्या को बढ़ा सकती है. इसमें मौजूद ट्रांस फैट हमारे शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है.

### ब्रसेल्स और स्प्राउट्स के सेवन से बचें

ब्रसेल्स और स्प्राउट्स के सेवन से बचना चाहिए. क्योंकि इन खाद्य पदार्थों में प्यूरीन की काफी मात्रा होती है, जिसके कारण जोड़ों में दर्द और सूजन की समस्या बढ़ सकती है.

### कोल्ड ड्रिंक का ना करें प्रयोग

यूरिक एसिड को कम करना बहुत आवश्यक है. अगर इसे कम नहीं किया गया तो उम्र बढ़ने के साथ-साथ यह आपको बहुत तकलीफ दे सकता है. आपकी हड्डियां कमजोर हो जाएंगी. इसलिए आप हाई शुगर वाले ड्रिंक्स, शहद आदि का सेवन न करें.

### इन चीजों का करें यूरिक एसिड लेवल कम करने में प्रयोग

### सर्दियों में करें नारियल पानी

नारियल पानी का रोजाना सेवन करने से शरीर को कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं. ये बढ़े यूरिक एसिड लेवल को कम करने में भी सहायक माना जाता है.

### अपनी डाइट में सेब को सेब शामिल

अपनी डाइट में सेब को शामिल करें. इनमें मैलिक एसिड होता है, जो रक्त प्रवाह में यूरिक एसिड को बेअसर करते हैं. इसलिए रोजाना एक सेब जरूर खायें.

### यूरिक एसिड कंट्रोल करने में चेरी का करें उपयोग

एक्सपर्ट्स के मुताबिक चेरी में इन्फ्लेमेटरी है गुण होते हैं जो यूरिक एसिड की मात्रा को तो कंट्रोल रखते हैं. साथ ही सूजन और दर्द से निजात दिलाने में कारगर है.



# सर्दी के मौसम में स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है बथुआ

**ठंड का मौसम वास्तव में आपकी सेहत के लिए बेहद अच्छा माना जाता है। दरअसल, इस मौसम में आपको कई तरह की हरी पत्तेदार सब्जियां खाने का मौका मिलता है और यह तो हम सभी जानते हैं कि हरी सब्जियां सेहत के लिए कितनी लाभकारी हैं। इन हरी पत्तेदार सब्जियों में एक है बथुआ। सर्दियों में लोग अक्सर बथुआ को कभी रायता तो कभी परांठे के रूप में खाते हैं। लेकिन अगर आपने अभी तक इसे अपनी डाइट में शामिल नहीं किया है तो चलिए आज हम आपको इससे मिलने वाले बेमिसाल फायदों के बारे में बताते हैं–**

### अमीनो एसिड्स से भरपूर

डायटीशियन के अनुसार, बथुआ के पत्तों में अमीनो एसिड की उच्च मात्रा पाई जाती है। अमीनो एसिड्स शरीर के लिए बेहद जरूरी माने जाते हैं, क्योंकि यह कोशिका निर्माण और कोशिका की मरम्मत के लिए आवश्यक हैं।

### कम कैलोरी

हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर आप हेल्थ कॉन्शियस हैं, तब भी आप बथुआ का सेवन बेहद आसानी से कर सकते हैं। दरअसल, अन्य सभी हरी सब्जियों की तरह, बथुआ में कैलोरी काफी कम पाई जाती है। 100 ग्राम बथुआ से आपको लगभग 43 कैलोरी की मिलती है।



### फाइबर में उच्च

आमतौर पर हम फाइबर की महत्ता को शरीर के लिए समझ नहीं पाते, लेकिन यह आपके लिए बेहद जरूरी है। दरअसल, यह आपको लंबे समय तक फुल रखता है, जिसके कारण आप ओवर ईटिंग से बच जाते हैं। साथ ही फाइबर पाचन तंत्र के लिए भी बेहद लाभदायक माना जाता है। बथुआ में भी फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। ऐसे में आपको इसका सेवन जरूर करना चाहिए।

### मिलते हैं माइक्रोन्यूटिएंट्स

बथुआ में कैल्शियम, पोटेशियम, मैग्नीशियम और विटामिन ए, सी और बी 6 से भरपूर होता है। ये सभी सूक्ष्म पोषक तत्व आपके शरीर की कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से कार्य करने में मदद करते हैं।

### लिवर के लिए लाभदायक

अगर आप बथुआ को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं तो इससे आपके लिवर को भी काफी लाभ प्राप्त होता है। इसका अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि इसे ब्लड प्यूरिफायर के रूप में जाना जाता है। यह आपके लिवर को टॉक्सिन्स से बचाने में आपकी मदद करेगा।

# इन चीजों को खाने से दूर होगी विटामिन ई की कमी




शरीर के लिए विटामिन ई उतना ही आवश्यक है, जितना कि अन्य पोषक तत्व। विटामिन ई वसा में घुलनशील एक विटामिन है। इसकी मुख्य भूमिका एक एंटीऑक्सिडेंट के रूप में कार्य करना है। इतना ही नहीं, यह इम्युन सिस्टम को भी बेहतर बनाता है और दिल की धमनियों में थक्के बनने से रोकता है। लेकिन जब आप पर्याप्त मात्रा में विटामिन ई नहीं लेते तो इससे आपको कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं शुरू हो जाती हैं।

### एवोकैडो

एवोकाडो कई पोषक तत्वों का एक समृद्ध स्रोत है, जैसे पोटेशियम, ओमेगा –3 एस, और विटामिन सी और विटामिन के। आधा एवोकाडो भी आपके विटामिन ई की दैनिक आवश्यकता का 20 प्रतिशत तक होता है। वैसे आम और कीवी में भी विटामिन ई होता है, लेकिन एवोकाडो में विटामिन ई की मात्रा अधिक पाई जाती है।




### सूरजमुखी के बीज

डायटीशियन के अनुसार, सूरजमुखी के बीज में विटामिन ई के अलावा मैग्नीशियम, कॉपर, विटामिन बी1, सेलेनियम और फाइबर मिलता है। ऐसे में आप इसे अपने ब्रेकफास्ट में बेहद आसानी से शामिल कर सकते हैं।

### पीनट बटर

मूंगफली और उसकी मदद से बनने वाले मक्खन में विटामिन ई प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। महज दो टेबलस्पून पीनट बटर के सेवन से आप अपने शरीर के विटामिन ई की दैनिक आवश्यकता का 18 प्रतिशत प्राप्त कर सकते हैं।

### बादाम

आपको शायद पता ना हो लेकिन बादाम भी आपके शरीर में विटामिन ई की कमी को पूरा करने में मदद करते हैं। करीबन एक औंस बादाम से आपको 7.3 मिलीग्राम विटामिन ई प्राप्त होता है। वैसे बादाम के सेवन से आपको अन्य भी कई लाभ प्राप्त होते हैं। जैसे याददाश्त का तेज होना, मोटापा और हृदय रोग के जोखिम का कम होना आदि।

### पाइन नट

हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि बादाम की तरह ही पाइन नट्स में भी विटामिन ई पाया जाता है। दो टेबलस्पून पाइन नट से आपको करीबन 3 मिलीग्राम विटामिन ई प्राप्त होता है।

# डायबिटीज़ को रखना है सही तो सर्दियों में खाएं यह इम्युनिटी बूस्टर फल

**अगर हम खाने पीने की बात करें तो साल का सबसे पसंदीदा समय सर्दियों का मौसम होता है। सर्द मौसम में अक्सर लोग धूप में बैठकर मौसमी खाद्य पदार्थों का आनंद लेते हैं। चाय की गर्म प्याली, मूंगफली, गाजर का हलवा और संतरे जैसे कुछ ऐसे खाद्य पदार्थ हैं जिन्हें हम सर्दियों के मौसम में अक्सर खाना पसंद करते हैं। लेकिन यदि आप मधुमेह से पीड़ित हैं, तो आपको इनका आनंद लेने से बचना चाहिए।**

मधुमेह से पीड़ित लोगों को अपने खानपान को लेकर थोड़ा सतर्क रहना चाहिए। किसी भी भोजन को पूरी तरह से टालने का सबसे अच्छा विकल्प यह है कि उसे मॉडरेशन में लिया जाए। तो, अब सवाल ये उठता है कि क्या मधुमेह रोगी सर्दियों के दिनों में संतरे जैसे रसदार फलों का आनंद ले सकते हैं? जी हाँ, ले सकते हैं। मधुमेह रोगियों को ऐसे खाद्य पदार्थ खाने की सलाह दी जाती है जो फाइबर से भरपूर हों और उनमें मध्यम ग्लाइसेमिक इंडेक्स हो। संतरे फाइबर से भरे हुए होते हैं और इसकी जीआई सीमा 40-50 के बीच होती है। साथ ही, फल में प्राकृतिक शुगर होती है, जो कि मधुमेह रोगियों के लिए पूरी तरह से सुरक्षित है।

यहाँ हम आपको कुछ स्वादिष्ट और पौष्टिक सर्दियों के फल के बारे में बताने जा रहें है, जिन्हें आप ब्लड शुगर नियंत्रण करने और वज़न घटाने में सहायता करने के लिए अपने डायबिटिक डाइट में शामिल कर सकते हैं।



### संतरा

संतरे जैसे खट्टे फलों में विटामिन सी पोषक तत्व की एक बड़ी मात्रा पायी जाती है, जो एक शक्तिशाली एंटीऑक्सिडेंट है। ऑरेंज फाइबर से भरपूर होता है, जो रक्तचाप व संबंधी समस्याओं के उनके अधिकतम स्तर तक पहुंचने से रोक सकता है।

### नाशपाती

नाशपाती में एक प्रभावशाली कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है, जो इस बात का माप है कि शरीर के भोजन में कार्बोहाइड्रेट को ग्लूकोज में कैसे परिवर्तित करता है। यह कहा जाता है कि नाशपाती की त्वचा में बहुत ज्यादा पोषक तत्व होते हैं और विशेष रूप से उच्च ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में फ़ायदेमंद होते हैं। तो, बिना छीले ही इसका स्वाद लें।



### अमरूद

इस फल में एक बढ़िया पोषण तत्व होता है। इसमें उच्च मात्रा में पोटेशियम और कम मात्रा में सोडियम होता है। यह फाइबर और विटामिन सी से भरा हुआ होता है और इसमें कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है। यह सर्दियों में मधुमेह आहार के लिए सबसे उपयुक्त फल है।

### कीवी

यह हरा फ़ल आश्चर्य एंटीबायोटिक गुणों से भरपूर होता है और एंटी-इन्फ्लैमटॉरी गुणों से भरा हुआ होता है। यह डाइटरी फाइबर से भी भरपूर होता है, जिससे यह आपकी डाइट को परफेक्ट करता है।

### सेब

इस फल में एक विशेष प्रकार का एंटीऑक्सिडेंट होता है, जिसे एंथोसायनिन कहा जाता है, जो ब्लड शुगर को नियमित करके और शरीर के मेटाबॉलिज़्म को संतुलित करके इसके स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है।

### अंगूर

अंगूर सर्दियों का एक ऐसा फल है जो ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में फायदेमंद साबित होता है। फल में रेसवेराट्रॉल नामक फाइटोकेमिकल होता है, जो इंसुलिन रिलीज करने की शरीर की क्षमता को बेहतर बनाने में मदद करता है।

# इजराइल का शहरी इलाके में हमला, 73 नागरिकों की मौत, 100 से ज्यादा घायल



गाजा,(ईएमएस)। उत्तरी गाजा के बेत लाहिया शहर में इजराइली हमले में कम से कम 73 फिलिस्तीनी नागरिक मारे गए और 100 से ज्यादा घायल हो गए है, जबकि कई लापता हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली हवाई हमलों ने एक बहुमंजिला इमारत को निशाना बनाया, जिससे आसपास के कई घरों को भी नुकसान पहुंचा। यह हमला एक भीड़भाड़ वाले रिहायशी इलाके में किया गया, जहां महिलाएं और बच्चे इसका शिकार बने।

हमले में इमारतें ढह गईं और मलबे के नीचे कई लोग दब गए। बेत लाहिया में स्थित अस्पताल के निदेशक ने कहा कि घायलों का इलाज करने के लिए जरुरी संसाधनों की कमी थी और मलबे में दबे कई लोगों को बचाया नहीं जा सका। उन्होंने इजराइली के इस हमले को नरसंहार और जातीय सफाए का युद्ध करार दिया है।

इस बीच, इजराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा कि हमास गाजा में हताहतों के आंकड़े बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। आईडीएफ ने दावा किया कि वह हमास लड़कों को लक्ष्य बनाकर हमले कर रहे हैं और निर्दोष लोगों को नुकसान पहुंचाने से बचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे घटना की जांच कर रहे हैं। इजराइल द्वारा बेत लाहिया में स्थित इंडोनेशियाई अस्पताल पर भी बमबारी की गई। इजराइली टैंक अस्पताल को घेरकर उसकी ऊपरी मंजिलों पर हमला कर रहे थे, जहां 40 से ज्यादा मरीज और कर्मचारी थे। इस हमले में अस्पताल की बिजली गुल हो गई और उसकी संरचना को गंभीर नुकसान पहुंचा है। यह हमला एक ऐसे समय में हुआ है जब गाजा पट्टी में हिंसा और मानवीय संकट गहराया हुआ है और फिलिस्तीनी नागरिकों के लिए बचाव की कोशिशें और चिकित्सा सहायता की जरूरत बढ़ गई है।

### हमास-हिजबुल्लाह जंग में इजराइल को भी हुआ जानी नुकसान, जारी की लिस्ट

इजराइल ने 7 अक्टूबर से गाजा में चल रहे संघर्ष में मारे गए 747 सैनिकों, अधिकारियों और रिजर्विस्टों के नाम प्रकाशित किए हैं। इनमें से कई स्थानीय सुरक्षा अधिकारी भी शामिल हैं, जो आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में मारे गए हैं। गाजा पट्टी की सीमा पर हमास और हिजबुल्लाह हमलों के दौरान मारे गए जबकि 355 से ज्यादा लोग हमास द्वारा संचालित इलाकों में जमीनी हमलों और सीमा पर ऑपरेशनों के में मारे गए। पुलिस ने 58 अधिकारियों की सूची जारी की है, जिन्होंने गाजा सीमा पर लड़कों के साथ लड़ते हुए अपनी जान गंवाई। 7 अक्टूबर को हमास ने इजराइल पर हमला किया था, जिसमें इजराइल के 1200 लोग मारे गए थे, जिसके बाद हमास के लड़कों ने शहरों में घुसपैठ की, सैन्य ठिकानों पर हमले किए, सड़कों और घरों में नागरिकों को गोली मारी और पूरे देश में हजारों रॉकेट दागे। उन्होंने 251 नागरिकों और सैनिकों को अगवा कर बंधक बना लिया था। इसके बाद, लेबनान के हिजबुल्लाह और अन्य समूहों ने उत्तरी इजराइल पर हमले किए, जिसमें 26 सैनिक और एक स्थानीय सुरक्षा अधिकारी मारे गए। इन हमलों में 17 सैनिक जमीन पर जमीनी अभियानों में मारे गए हैं।

वेस्ट बैंक और इजराइल में भी लड़ाकों के हमले में दस सैनिक मारे गए। इसके अलावा, इराक से किए गए ड्रोन हमले में दो सैनिक मारे गए। युद्ध के दौरान कुछ अन्य घटनाएं भी हुईं, जिनमें एक सैनिक फ्रेंडली फायरिंग में मारा गया, एक सैनिक लेबनान सीमा पर गोला-बारूद की खराबी के कारण मारा गया, और दो सैनिक उत्तरी इजराइल में एक टैंक दुर्घटना में मारे गए। यह संघर्ष इजराइल और हमास के बीच बढ़ते तनाव और संघर्ष की गंभीरता को दर्शाता है।

### हमास चीफ सिनवार का नया वीडियो आया सामने

इजराइल ने हमास चीफ याह्या सिनवार से जुड़ा एक नया वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में सिनवार गाजा की एक सुरंग में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ जाते हुए दिखाई दे रहा है। इजराइल डिफेंस फोर्सेस (आईडीएफ) ने इस वीडियो को लेकर दावा किया है, कि यह वीडियो 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हमास द्वारा किए गए हमले से एक दिन पहले, 6 अक्टूबर की रात का है।

इस नए वीडियो में सिनवार को परिवार के साथ एक बंकर में जाते देखा जा सकता है, जहाँ वे अपने लिए जरूरी सामान लेकर जा रहे थे। आईडीएफ ने इस सुरंग को बाद में ढूंढ निकाला था। आईडीएफ प्रवक्ता डेनियल हगारी ने बताया कि यह सुरंग दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में सिनवार के घर के नीचे बनाई गई थी। यहां बताते चलें कि सिनवार 16 अक्टूबर को इजराइल के रूटीन ऑपरेशन में मारा गया था। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने 17 अक्टूबर को सिनवार की मौत की पुष्टि की थी। हमास के नए चीफ बनाए गए नेता खलील अल हय्या भी 18 अक्टूबर को सिनवार की मौत की पुष्टि कर चुके हैं। इन सब से हटकर सिनवार की ही मौत हुई इसकी पुष्टि के लिए डीएनए टेस्ट भी किया गया था।

### भड़के पीएम नेतन्याहू बोले- ईरान ने मुझे और मेरी पत्नी को मारने की कोशिश कर गलती कर दी

इजरायली पीएम बेंजामिन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इस ड्रोन अटैक के पीछे ईरान के एजेंट हिजबुल्लाह का मकसद उनको मारना था। नेतन्याहू ने दावा किया कि उनके साथ-साथ उनकी पत्नी की भी हत्या इस ड्रोन अटैक के जरिए करने की साजिश थी। उन्होंने इस अटैक के लिए ईरान के प्रॉक्सी और एजेंट्स को जिम्मेदार कहा है। रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू ने कहा, ईरान के एजेंट्स ने आज मेरी और मेरी पत्नी सारा की हत्या करने की कोशिश की है। ऐसा करके उन्होंने एक भारी गलती की है। यह हमला मुझे युद्ध जारी रखने से नहीं रोकेगा। मैं साफ करना चाहत हूं कि जो कोई भी इजरायलियों को नुकसान पहुंचाएगा, उसे उसकी भारी कीमत चुकानी होगी।बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान समर्थित हिजबुल्लाह और हमास पर हमले जारी रखने की बात भी दोहराई है। उन्होंने कहा, हम आतंकवादियों को खत्म करना जारी रखेंगे, हम गाजा से अपने बंधकों को वापस लाएंगे और उत्तर में भी अपने निवासियों को वापस भेजेंगे। इजरायल को जीत मिलने तक हम अपनी लड़ाई को जारी रखेंगे।हिजबुल्लाह ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के निजी आवास को निशाना बनाकर ड्रोन हमला किया। हाइफा के सीजेरिया इलाके में शनिवार सुबह विस्फोट की आवाज सुनी गई, यहां नेतन्याहू का निजी आवास है। ड्रोन से जिस इमारत को निशाना बनाया गया, वह नेतन्याहू के घर का ही हिस्सा है। हिजबुल्लाह की ओर से दो और ड्रोन भी लॉन्च किए गए, जिन्हें रोक दिया गया।

### नेतन्याहू के आवास पर हमले के बाद इजरायल ने हिजबुल्लाह के ठिकानों पर बरसाए बम

शनिवार सुबह लेबनान से भेजे गए एक ड्रोन ने इजरायल के सीजेरिया शहर में प्रधानमंत्री नेतन्याहू के निजी आवास को निशाना बनाया था। इजरायल ने बताया कि ड्रोन हमले के समय इजरायली प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी घर पर नहीं थे। हमले के बाद नेतन्याहू ने कहा था कि ईरान के एजेंट हिजबुल्लाह का मकसद उन्हें और उनकी पत्नी को मारना था। उन्होंने कहा कि हिजबुल्लाह ने उन्हें और उनकी पत्नी को मारने की कोशिश करके बड़ी गलती की है।



सेंट थॉमस एंग्लिकन चर्च, सिडनी, ऑस्ट्रेलिया में रविवार को ब्रिटेन के राजा चार्ल्स और रानी कैमिला सिडनी के एंग्लिकन आर्कबिशप, रेवरेंड कनिष्क राफेल के साथ चलते हुए।

# ट्रूडो के कनाडा में भारत के खिलाफ खालिस्तानियों को खुली छूट!

ओट्टावा (ईएमएस)। भारत की लगातार मांग के बावजूद कनाडा की जस्टिन ट्रूडो की सरकार खालिस्तान अलगाववादियों पर लगाम नहीं लगा रही है। बल्कि ऐसा लगता है कि कनाडा में खालिस्तानियों को भारत विरोधी काम करने की छूट दे रखी है। अब खालिस्तान समर्थक अलगाववादियों ने वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के सामने प्रदर्शन किया है, जहां खुलेआम भारतीय तिरंगे का अपमान किया गया। खालिस्तानी अलगाववादियों की इन गतिविधियों के चलते कनाडा में भारतीय राजनयिकों के लिए लगातार खतरा पैदा हो रहा है। हाल ही में खालिस्तान समर्थक प्रदर्शनकारी वैंकूवर में भारतीय कांसुलेट के सामने जमा हो गए। इस दौरान खालिस्तान समर्थकों ने भारत के प्रधानमंत्री का पुतला ले रखा था। कांसुलेट के सामने ही तिरंगे का अपमान किया गया। इस दौरान पीएम मोदी और भारत के खिलाफ नारेबाजी की गई। खालिस्तानी प्रदर्शनकारियों ने ट्रूडो सरकार से पूरे कनाडा में भारतीय कांसुलेट को बंद करने की मांग की। ये प्रदर्शन ऐसे समय में हुए हैं, जब कनाडा और भारत के रिश्ते बेहद तनाव भरे दौर से गुजर रहे हैं। कनाडा ने भारत के शीर्ष राजनयिकों पर गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने का बेबुनियाद आरोप लगाया था, जिसका भारत ने कड़ा विरोध किया था। 14 अक्टूबर को भारत ने अपने छह राजनयिकों को भारत वापस बुला लिया था। इसके साथ ही कनाडा के छह राजनयिकों को भारत छोड़ने का आदेश दिया गया था। इस बीच कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा कि उनके देश में बाकी बचे भारतीय राजनयिक भी नोटिस पर हैं। जोली ने कहा कि उनकी सरकार ऐसे किसी भी राजनयिक को बर्दाश्त नहीं करेगी जो विएना संधि का उल्लंघन करेगा। जोली से जब पूछा गया कि क्या दूसरे राजनयिकों पर भी कार्रवाई की जा सकती है? इस पर उन्होंने कहा कि वे साफतौर से नोटिस पर हैं। इनमें से 6 को निष्कासित किया गया है, जिनमें ओटावा में तैनात उच्चायुक्त भी शामिल हैं। दूसरे अधिकारी टोरंटो और वैंकूवर से हैं।

# पुतिन का ब्रिक्स देशों से आग्रह, राष्ट्रीय डिजिटल मुद्राओं का इस्तेमाल बढ़ाएं



मॉस्को,(ईएमएस)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी डॉलर के वैश्विक वर्चस्व को चुनौती देने के लिए ब्रिक्स देशों से अपील की है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स देशों को पश्चिमी प्रतिबंधों से मुक्त एक सीमा-पार भुगतान प्रणाली की संभावनाओं की तलाश करनी चाहिए। पुतिन का यह बयान रूस द्वारा पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों के बाद आया है, जब रूस को वैश्विक वित्तीय सिस्टम से बाहर करने की कोशिश की गई थी।

पुतिन ने ब्रिक्स देशों से आग्रह किया कि वे राष्ट्रीय डिजिटल मुद्राओं का इस्तेमाल बढ़ाएं और निवेश परियोजनाओं के वित्तपोषण में इनका प्रयोग करें। उन्होंने साफ कहा कि अभी ब्रिक्स मुद्रा बनाने का समय नहीं है। उनका कहना था कि इस पर विचार करने के लिए पर्याप्त समय नहीं है, लेकिन समूह इसके इस्तेमाल की संभावना पर काम कर रहा है।

रूस द्वारा आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले पुतिन ने कहा कि उनका देश ब्रिक्स देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है ताकि एक ऐसी भुगतान प्रणाली तैयार की जा सके, जो अमेरिका और पश्चिमी देशों के नियंत्रण से मुक्त हो। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिक्स देशों के केंद्रीय बैंक एक दूसरे से जुड़े वाणिज्यिक बैंकों का नेटवर्क स्थापित करने पर काम कर रहे हैं। पुतिन के मुताबिक ब्रिक्स देशों को सतर्क रहकर और धीरे-धीरे अपने कदम बढ़ाने चाहिए, ताकि एक मजबूत और सुरक्षित वैश्विक भुगतान प्रणाली बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि अगर जल्दबाजी की गई, तो यूरोपीय संघ में मुद्रा लागू करने के दौरान जैसी समस्याएं आई थीं, उससे भी बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

ब्रिक्स देशों की अर्थव्यवस्थाओं के विविध स्वरूप के कारण पुतिन ने सतर्क रुख अपनाने की सलाह दी। उनका मानना है कि राष्ट्रीय मुद्राओं का इस्तेमाल बढ़ाना और एक सुरक्षित भुगतान प्रणाली का निर्माण ब्रिक्स के भविष्य के लिए अहम कदम हो सकता है। इस शिखर सम्मेलन में भारत के पीएम नरेंद्र मोदी 22 से 23 अक्टूबर को रूस के जाने वाले हैं, जिसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और यूएई भी शामिल होंगे।



कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया के बर्नबी में मेट्रोटाउन शॉपिंग मॉल में कद्दू पाई खाने की प्रतियोगिता के दौरान प्रतिस्पर्धा करते लोग। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को अपने हाथों का उपयोग किए बिना 5 मिनट में 2 पाउंड की पाई को जितना संभव हो सके उतना खत्म करना था।

# हादसे के बाद जापान का बंद हुआ संयंत्र फिर होगा चालू, बिजली का होगा निर्माण

टोक्यो,(ईएमएस)। फुकुशिमा परमाणु संयंत्र हादसे के बाद जापान पर ऊर्जा संकट छा गया था। दुर्घटना के बाद जापान ने परमाणु ऊर्जा के विकल्प पर फिर विचार किया था, लेकिन अब 13 साल बाद स्थिति बदल गई है। जापान का काशीवाजाकी कारिवा परमाणु संयंत्र फिर से काम करने के लिए तैयार है। यह विकास न केवल जापान के ऊर्जा संकट से निपटने के दृष्टिकोण को दर्शाता है, बल्कि भारत जैसे देशों के लिए भी एक सीख है।

बता दें 2011 में फुकुशिमा में आई सुनामी के कारण परमाणु संयंत्र के रिएक्टर पिघल गए थे, जिससे रेडियोधर्मी तत्वों का प्रसार हुआ था। इस हादसे के बाद जापान ने परमाणु ऊर्जा की सुरक्षा और पर्यावरणीय प्रभावों को लेकर कई सवाल उठाए थे और अपने परमाणु संयंत्रों को बंद कर दिया था। अब जापान ने अपनी ऊर्जा नीति में सुधार के साथ परमाणु ऊर्जा का उपयोग फिर से शुरू कर दिया है। काशीवाजाकी कारिवा, जो दुनिया का सबसे बड़ा उन्नत बॉयलिंग वाटर रिएक्टर है, अब नए सुरक्षा उपायों और तकनीकी सुधारों के साथ फिर से काम करने के लिए तैयार है। काशीवाजाकी कारिवा संयंत्र में अब एक 15 मीटर ऊंची दीवार बनाई गई है जो सुनामी जैसी आपदाओं से सुरक्षा प्रदान करेगी। संयंत्र के डिप्टी सुप्रिंटेंडेंट मसाकी दाइतो का कहना है कि फुकुशिमा जैसे हादसों से बचने के लिए जरूरी सुधार किए गए हैं। नई बैकअप पॉवर सप्लाई और उच्च गुणवत्ता वाले वेंटिलेशन सिस्टम को जोड़ने से रेडियोधर्मी कणों की संभावना को 99.9 फीसदी तक घटाया गया है। 2011 के बाद जापान के परमाणु संयंत्र बंद हो गए थे, और देश को जीवाश्म ईंधन, सौर ऊर्जा और प्राकृतिक गैस पर निर्भर रहना पड़ा था। इसने जापान की ऊर्जा लागत को बढ़ा दिया था, जिससे करीब 42 अरब रुपए रोजाना खर्च होने लगे थे। इस संकट के बाद, जापान ने अपने परमाणु संयंत्रों की उम्र 60 साल तक बढ़ाने का फैसला लिया और 2030 तक परमाणु ऊर्जा से 20 से 22 फीसदी बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है। भारत के लिए यह एक सीख है। जापान ने अपनी ऊर्जा नीति को सुधारते हुए परमाणु ऊर्जा की वापसी को संभव बनाया है। भारत को भी अपने ऊर्जा संकट से निपटने के लिए परमाणु ऊर्जा का सुरक्षित और प्रभावी तरीके से उपयोग करने पर विचार करना चाहिए, ताकि उसकी ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके और जलवायु परिवर्तन के लक्ष्यों को भी पूरा किया जा सके। जापान का परमाणु ऊर्जा की ओर फिर से लौटना, इसके पहले के हादसों के बावजूद, ऊर्जा नीति और पर्यावरणीय सुरक्षा के संतुलन का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# ब्रिक्स सदस्यता के लिए लगी होड़, पीएम मोदी के रुख पर रहेगी दुनिया की नजर

### - रूस के कजान में 22 से 24 अक्टूबर के बीच में होगा ब्रिक्स सम्मेलन

कजान (ईएमएस)। रूस के कजान शहर में 22 से 24 अक्टूबर के बीच में ब्रिक्स सम्मेलन होने जा रहा है। इस सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पीएम मोदी भी रूस जा रहे हैं। पीएम मोदी के अलावा दुनियाभर के करीब 40 और बड़े नेता भी ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंच रहे हैं। ब्रिक्स का यह सम्मेलन ऐसे समय पर होने जा रहा है जब दुनिया में बहुत अस्थिरता का माहौल है। संघर्ष और संकट बढ़ रहे हैं। इससे दुनिया में अंतरराष्ट्रीय सिस्टम में बदलाव की मांग तेजी पकड़ रही है। यही वजह है कि दुनिया के करीब 40 देश ब्रिक्स में शामिल होने की मांग कर रहे हैं। इनमें भारत के कई पड़ोसी देश जिनमें पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका शामिल हैं, मांग कर रहे हैं कि उन्हें ब्रिक्स की सदस्यता दी जाए। ब्रिक्स की बैठक से पहले पुतिन ने पीएम मोदी के बयान को दोहराया और कहा कि ब्रिक्स एक पश्चिमी विरोधी समूह नहीं है लेकिन आने वाले समय में यह संगठन वैश्विक आर्थिक विकास को आगे बढ़ाएगा। इस बैठक में दुनिया की नजर पीएम मोदी और जिनपिंग पर रहेगी। माना जा रहा है कि करीब 4 साल के बाद पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति के बीच मुलाकात हो सकती है। हालांकि अभी इसको लेकर कुछ तय नहीं है। दोनों देशों के बीच कई दौर की बातचीत हुई है, सीमा विवाद को हल करने की दिशा में कुछ प्रगति होती दिख रही है। ब्रिक्स के इस शिखर सम्मेलन में 10 नए सदस्य देशों को शामिल किया जाना है। प्रमुख दावेदारों में तुर्की भी शामिल है। भारत ब्रिक्स के उन 5 देशों में शामिल है जिन्होंने ब्रिक्स की स्थापना की है। ब्रिक्स की स्थापना भारत, चीन, रूस, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील ने की थी। इस शिखर सम्मेलन में ये देश गंभीर वार्ता करेंगे ताकि उनके मित्र देश इस समूह में शामिल हो सकें। रूस ने नए सदस्य देशों के लिए शर्त रखी है कि वे ब्रिक्स के सदस्य देशों के साथ अच्छे संबंध रखते हो, नए सदस्य देश ब्रिक्स के सदस्य देश के खिलाफ प्रतिबंधों का समर्थन नहीं करते हों। साथ ही ब्रिक्स के सदस्य देश वैश्विक संस्थाओं जैसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विस्तार का समर्थन करते हों। भारत ने रूस के इन शर्तों का सपोर्ट किया है लेकिन उसने नए सदस्य का सपोर्ट करने से पहले अपने भी बेंचमार्क तय किए हैं। भारत ने साफ कहा है कि वह तभी ब्रिक्स में किसी नए सदस्य देश का समर्थन करेगा जब उसका भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण व्यवहार नहीं होगा। भारत ने अपने इस मानदंड से पाकिस्तान की दावेदारी का खुलकर विरोध कर दिया है। वहीं पाकिस्तान के सदस्यता के आवेदन को चीन का खुलकर समर्थन मिला हुआ है। पाकिस्तान के दुश्मनी को छोड़ भी दें तो भारत को लगता है कि जिन्ना के देश के ब्रिक्स में शामिल होने से इस वैश्विक समूह को कोई फायदा नहीं होगा। तुर्की ने कश्मीर का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में नहीं उठाया है, जिससे उसकी सदस्यता के दावे पर भारत सकारात्मक रुख अपना सकता है। भारत को यह भी लगता है कि ब्रिक्स का चरित्र है कि वह उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं का समूह है और इसे बरकरार रखा जाना चाहिए। भारत का कहना है कि ब्रिक्स को ऐसा मंच नहीं बनाना चाहिए जहां पर पड़ोसियों के बीच भूराजनीतिक विवाद रखे जाएं। विश्लेषकों का कहना है कि भारत ब्रिक्स को पश्चिम विरोधी मंच नहीं बनने देगा। पीएम मोदी इस सम्मेलन में ब्रिक्स को वैश्विक जन कल्याण और शांति तथा सद्भाव के लिए ताकत बनाना चाहते हैं। भारत ब्रिक्स में गुट निरपेक्ष देशों के साथ गठजोड़ बनाएगा। खासकर उन देशों के साथ जिनका पश्चिमी देशों के साथ अच्छा संबंध है।

## अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव में गर्भपात बना प्रमुख मुद्दा, ट्रंप और हैरिस दे रहे तर्क



वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सियासी तेज हो गई है और इस बार गर्भपात एक प्रमुख मुद्दा बन गया है। 2011 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 'रो बनाम वेड' फैसले को पलटने के बाद कई राज्यों ने गर्भपात को बैन कर दिया है। इसके परिणामस्वरूप, यह मुद्दा महिलाओं के अधिकारों और स्वास्थ्य के संदर्भ में चुनावों में चर्चा का मुख्य मुद्दा बन गया है।

कमला हैरिस जो डेमोक्रेट्स की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी हैं उन्होंने अपने अभियान में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। उनका कहना है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को प्रभावित किया, जिससे कई राज्यों में गर्भपात पर बैन लगा है। हैरिस का दावा है कि अगर ट्रंप दोबारा सत्ता में आए तो वह गर्भपात पर संघीय बैन लगा देंगे। इस दावे से वह महिलाओं को अपने पक्ष में करने का प्रयास कर रही हैं, जो अमेरिका की आधी से ज्यादा आबादी हैं।

यह एक संवेदनशील विषय है इसके विपरीत, ट्रंप के समर्थक भी सक्रिय हैं। कई महिलाएं और पुरुष, जिन्होंने ट्रंप का समर्थन किया है, वह मानते हैं कि वह अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए सबसे बेहतर विकल्प हैं। उनकी राय में ट्रंप की विचारधारा देश के लिए उपयुक्त है। अमेरिका में चुनावी रणभूमि अब एक बार फिर महिलाओं, आर्थिक मुद्दों और स्वास्थ्य के बीच बंटी गई है। गर्भपात के मुद्दे पर महिला मतदाताओं का समर्थन जीतने की जद्दोजहद में दोनों प्रमुख दल अपनी ओर से तर्क पेश कर रहे हैं।

## जॉर्जिया में नाव टकराने से ढहा फेरी प्लेटफॉर्म, सात की मौत, कई लापता

न्यूयॉर्क,(ईएमएस)। अमेरिकी राज्य जॉर्जिया के सैपेलो द्वीप पर छोटे यात्री जहाज प्लेटफॉर्म के ढहने से बड़ा हादसा हो गया है जिसमें कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के हवाले से बताया कि शनिवार को एक नाव से टकराने के बाद घाट पर स्थित एक गैंगवे यानी प्रवेश करने वाला प्लेटफॉर्म ढह गया। इस दौरान वहां जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए लोग पानी में गिर गए जिसकी उनकी मौत हो गई और कई लापता हैं।

जॉर्जिया प्राकृतिक संसाधन विभाग के प्रवक्ता के मुताबिक कई लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया और कई लोग लातपा बताए जा रहे हैं। जॉर्जिया के गवर्नर ने एक्स पर जानकारी दी कि कि वह और उनका परिवार सपेलो द्वीप पर हुई त्रासदी से दुखी हैं। राज्य और स्थानीय बचाव दल घटना पर मौजूद है और लोगों को तलाश करने का काम जारी है। उन्होंने शहर के लोगों से अनुरोध किया है कि वह उन लोगों के लिए प्रार्थना करें जो खो गए हैं, जो अभी भी खतरे में हैं, उनके परिवारों के लिए भी प्रार्थना करें। गवर्नर ने खोज, बचाव और रिकवरी में सहायता के लिए राज्य संसाधन भेजे हैं। इस हृदय विदारक क्षति के बाद मदद के लिए आगे आने वाले सभी लोगों का धन्यवाद। बता दें कि जॉर्जिया के मैकिन्टोश काउंटी में स्थित राज्य संरक्षित अवरोधक द्वीप सैपेलो द्वीप तक केवल नाव द्वारा ही पहुंचा जा सकता है।

## यूक्रेन ने कहा- रुस में उत्तर कोरियाई सैनिक की तैनाती डराने जैसी

कीव,(ईएमएस)। यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा है कि एक वीडियो में कथित रूप से दर्जनों उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूसी सैन्य वर्दी एवं उपकरण लेने के लिए कतार में खड़े दिखाया गया है। अधिकारी ने कहा कि इसका उद्देश्य यूक्रेनी सेना को डराना है और युद्ध के मैदान में एक अन्य देश के प्रवेश के साथ एक नया अध्याय जोड़ना है। वीडियो की पुष्टि यूक्रेन के 'सामरिक संचार और सूचना सुरक्षा केंद्र' द्वारा की गई है। इस वीडियो में उत्तर कोरियाई सैनिक रूसी सैनिकों से बैग, कपड़े और अन्य परिधान लेने के लिए कतार में खड़े नजर आ रहे हैं। इस वीडियो की हम पुष्टि नहीं करते हैं।

## फुटबॉल मैच के बाद गोलीबारी, 3 की मौत, 8 घायल

मिसिसिपी,(ईएमएस)। मध्य मिसिसिपी में दो लोगों ने सैकड़ों लोगों के एक समूह पर गोलीबारी कर दी, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और आठ घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि ये लोग खेल समाप्त होने के कई घंटे बाद स्कूल की घरेलू फुटबॉल जीत का जश्न मना रहे थे। गोलीबारी की घटना समारोह में मौजूद कुछ लोगों के बीच झगड़े के बाद हुई। रिपार्ट में बताया गया है कि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि झगड़े की शुरुआत कैसे हुई। करीब 200 से 300 लोग जश्न मना रहे थे और गोलीबारी की आवाज सुनकर भागने लगे। दो मृतकों की उम्र 19 साल बताई गई है और तीसरे की उम्र 25 साल थी। घायलों को अस्पतालों में भरती कराया गया है।

## ईरान हमेशा फिलिस्तीन की आजादी के लिए लड़ रहे लड़ाकों के साथ खड़ा है, खामेनेई ने सिनवार को बताया शहीद, हमास इजराइल से डरेगा नहीं लड़ता रहेगा

तेहरान,(ईएमएस)। गाजा में इजराइली हमले में हमास प्रमुख याह्या सिनवार की मौत पर ईरान के अयातुल्लाह अली खामेनेई ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने कहा है कि सिनवार के बाद भी हमास इजराइल से डरेगा नहीं वह लड़ता रहेगा और प्रतिरोध की धुरी भी मजबूती से काम करती रहेगी। खामेनेई ने ऐलान किया है कि ईरान हमेशा फिलिस्तीन की आजादी के लिए लड़ रहे लड़ाकों के साथ खड़ा है और अपनी तरफ से हमास को समर्थन देता रहेगा।

सिनवार की गुरुवार को इजराइल के साथ लड़ते हुए मौत हो गई थी। ईरान ने इस हमले के लिए इजराइल को चेतावनी दी है और याह्या सिनवार की मौत को एक शहीद का दर्जा दिया है। खामेनेई ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा- हमास जिंदा था, जिंदा है और हमेशा जिंदा रहेगा। याह्या सिनवार की मौत प्रतिरोध की धुरी के लिए दुख लेकर आई है लेकिन उनकी मौत के बाद भी ये लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। इससे पहले भी शेख अहमद यासीन, फतही शकाकी, रंतिसी और इस्माइल हनिया के मौत के बावजूद से लड़ाई आगे बढ़ी और अब भी ये मोर्चा रुकने वाला नहीं है। ये लड़ाई लगातार और बिना रुके जारी रहेगी। हमास इजराइल से डरने वाला नहीं है।

खामेनेई ने आगे कहा कि मैं भाई याह्या सिनवार की शहादत पर उनके परिवार और साथियों से संवेदना व्यक्त करता हूं, साथ ही इस लड़ाई के लिए अपनी जिंदगी समर्पित लोगों को बधाई भी देता हूं। कमांडर याह्या सिनवार एक ऐसे इंसान थे, जो अपनी पूरी जिंदगी लड़ते रहे और आखिरी दम तक दुश्मन का मुकाबला करते करते शहीद हो गए। याह्या को शहादत से कम कुछ कबूल हो भी नहीं सकता था। आखिर में याह्या अपने शहीद साथियों के साथ शामिल हो गए हैं।

खामेनेई ने ऐलान किया है कि ईरान हमेशा फिलिस्तीन की आजादी के लिए लड़ रहे लड़ाकों के साथ खड़ा है और अपनी तरफ से हमास को समर्थन देता रहेगा। खामेनेई के इस बयान के बाद माना जा रहा है कि वह हमास और हिजबुल्लाह को फिर से मजबूत करने कड़ा कदम उठा सकता है। हालांकि ये मदद किस तरह से होगी, इस पर ईरान ने कोई इशारा नहीं किया है।

याह्या सिनवार लंबे समय से गाजा में हमास का चेहरा था। इस्माइल हानिया की मौत के बाद याह्या हमास का सर्वेसर्वा था। बीते साल अक्टूबर में लड़ाई शुरू होने के बाद से याह्या लगातार इजराइल पर हमले कर रहा था। याह्या की मौत को हमास के लिए झटका है लेकिन फिलिस्तीनी गुट ने ऐलान किया है कि उसकी इजराइल के खिलाफ लड़ाई नहीं रुकेगी, वह अपनी जंग जारी रखेगा।

# आलू को उबालने के सेफ तरीके





## कुकर में उबालने का तरीका

आलू को अच्छे से धोकर प्रेशर कुकर में डाल दें। अब कुकर में पानी डालें। पानी आलू को ढकने के लिए पर्याप्त होना चाहिए। बहुत अधिक या बहुत कम पानी न डालें। कुकर को ढक्कन से ढककर तेज आंच पर रखें। एक सीटी आने के बाद आंच को मध्यम कर दें। 6 मिनट और पकाएं और आंच बंद कर दें। प्रेशर को अपने आप निकलने दें।अब उबले हुए आलू को निकाल लें, छिलका हटा दें और अपनी जरूरत के हिसाब से इस्तेमाल करें।

## माइक्रोवेव में उबालने का तरीका

सारी गंदगी हटाने के लिए आलू को धो लें। एक कांटा लें और हर आलू को कम से कम 6-7 बार चुभा लें। सभी कटे हुए आलू को एक प्लेट में रख लें। प्लेट को माइक्रोवेव में 2 मिनट 30 सेकेंड के लिए स्लाइड करें। यदि आप अपने आलू को नरम पसंद करते हैं, तो 30 सेकंड के लिए और माइक्रोवेव करें। आलू को माइक्रोवेव से लें और ठंडा होने दें। अब आलू को छीलकर अपनी पसंद के अनुसार इस्तेमाल करें।

## माइक्रोवेव में उबालने का तरीका

चार आलू लें और उन्हें बहते पानी के नीचे साफ करें। अब कांटे की मदद से इन्हें अच्छी तरह से काट लें। एक माइक्रोवेव-सेफ बाउल लें और उसमें 1.5 कप पानी डालें। आलू को प्याले में रखें और प्याले को माइक्रोवेव में रख दें। 8 मिनट के लिए टाइमर सेट करें। 8 मिनट बाद प्याले को माइक्रोवेव से निकाल लें और उबले हुए आलू को निकाल लें। एक बार जब आलू थोड़े ठंडे हो जाए, तो उसका छिलका हटा दें और यह इस्तेमाल करने के लिए रेडी है।

## कड़ाही में उबालने का तरीका

एक कड़ाही में आधा पानी भरकर तेज आंच पर रख दें। पानी में उबाल आने दें और आंच को मध्यम कर दें। अब दो आलू लें और उन्हें छील लें। छिले हुए आलू को धोकर उबलते पानी के बर्तन में डाल दें। बर्तन को ढक्कन से न ढकें और आलू को लगभग 15-20 मिनट तक उबलने दें। आलू अच्छी तरह पके हैं या नहीं, यह देखने के लिए आलू को कांटे से काट लें। उबले हुए आलू को पतीले से निकालें और अपनी मनपसंद रेसिपी में इस्तेमाल करें।

# बालों में उपयोग करें रोज़हिप ऑयल



रोज़हिप ऑयल कई सारे गुणों से भरपूर होता है, जो बालों के साथ त्वचा को भी फायदा पहुंचा सकता है। यह स्कैल्प को हील करने का काम करता है। साथ ही इसमें एंटी-इंफ्लामेटरी, एंटी-फंगल और एंटी-माइक्रोबियल गुण भी पाए जाते हैं।नेटिव अमेरिकन्स और मिस्र में इस तेल का इस्तेमाल डैंड्रफ, स्कैल्प में खुजली और रूखेपन के लिए सदियों से होता आया है। यह बालों के झड़ने को रोकने के साथ उन्हें मज़बूती देता है।

**1. नारियल तेल के साथ रोज़हिप ऑयल** : बालों की ग्रोथ और स्कैल्प की हेल्थ को बढ़ाने के लिए आप नारियल तेल में रोज़हिप ऑयल मिलाकर बालों में मसाज कर सकते हैं।
**तेल मिक्सचर**: दोनों तेलों की सामान मात्रा लें। नारियल तेल को हल्का सा गर्म कर लें। फिर दोनों ऑयल्स को मिला दें। जब यह तैयार हो जाए, तो बालो की जड़ों पर इसे रूई की मदद से लगाएं। इससे स्कैल्प पर अच्छी तरह मसाज करें और 20 से 30 मिनट बाद धो लें। फिर हल्के शैम्पू से धो लें।

**2. रोज़हिप ऑयल, बादाम का तेल, आंवला तेल और कैस्टर ऑयल** : इन सभी तेलों को मिलाकर स्कैल्प की मसाज करेंगे, तो आपके बालों की ग्रोथ में फायदा पहुंचेगा।
**तेल मिक्सचर**: इन सभी तेलों की बराबर मात्रा लें।अब इसे मिलाकर स्कैल्प की मसाज करें।20 मिनट तक इस तेल को लगा रहने दें और फिर शैम्पू से धो लें।

**3. रोज़हिप ऑयल और आर्गन ऑयल** :आर्गन ऑयल को लिक्विड गोल्ड किसी वजह से ही कहा जाता है। यह आपको बालों को हेल्दी, शाइनी और मज़बूत बनाता है। रोज़हिप ऑयल को आर्गन ऑयल के साथ मिलाकर लगाने से बालों का झड़ना रुकता है क्योंकि इन दोनों में ही विटामिन-ई की अच्छी मात्रा होती है।
**तेल मिक्सचर**: इन दोनों तेलों की बराबर मात्रा लें और मिक्स कर लें।तेल को लगाकर आधे घंटे के लिए छोड़ दें। माइल शैम्पू से इसे धो लें।

**4. रोज़हिप ऑयल के साथ जोजोबा ऑयल** :जोजोबा ऑयल के साथ रोज़हिप ऑयल को मिलाकर बालों में लगाएं। इससे आपके बालों को पाषण और नमी मिलेगी। इसलिए अगर आपके बाल बेजान और नाजुक हैं, तो इस तेल के मिश्रण को ज़रूर लगाएं।
**तेल मिक्सचर**: रोज़हिप और जोजोबा ऑयल की बराबर मात्रा लें।अब इससे स्कैल्प की मसाज करें। फिर 30 मिनट बाद बालों को धो लें।

# बच्चों के लिए जरूरी है आयोडीन

**कोशिकाओं के विकास के लिए थायरॉइड हार्मोन की आवश्यकता होती है। शरीर की मैटाबोलिक दर बढ़ाने और प्रोटीन के मैटाबोलिज्म यानी चयापचय में इनकी प्रमुख भूमिका होती है। वे लंबी हड्डियों के विकास को तय करते हैं और मस्तिष्क के विकास के लिए जरूरी हैं।**




दुनियाभर के थायरॉइड रोगियों में 21 प्रतिशत अकेले भारत से हैं। पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में थायरॉयड विकार अधिक होते हैं। 4.2 करोड़ भारतीयों में थायरॉइड हार्मोन का स्तर असामान्य है। अध्ययन में थायरॉइड विकार के मामले महिलाओं में 26 प्रतिशत और पुरुषों में महज 24 प्रतिशत मिले हैं।मानव शरीर के समुचित विकास के लिए आयोडीन एक आवश्यक पोषक तत्व है। एक सामान्य व्यक्ति को रोजना औसतन 150 माइक्रोग्राम आयोडीन की जरूरत होती है। सामान्य महिलाओं की तुलना में गर्भवती महिलाओं को आयोडीन की ज्यादा जरूरत रहती है, क्योंकि आयोडीन की कमी का दुष्प्रभाव गर्भवती महिलाओं और उनके बच्चों दोनों पर ही पड़ता है।

आयोडीन थायरॉइड ग्रंथि में एकत्रित होती है और यह थायरोक्सिन (टी 3) तथा ट्राइआयोडोथारोनिन (टी 4) थायरॉइड हार्मोन्स के उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण है। कोशिकाओं के विकास के लिए थायरॉइड हार्मोन की आवश्यकता होती है। शरीर की मैटाबोलिक दर बढ़ाने और प्रोटीन के मैटाबोलिज्म यानी चयापचय में इनकी प्रमुख भूमिका होती है। वे लंबी हड्डियों के विकास को तय करते हैं और मस्तिष्क के विकास के लिए जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि थायरॉइड हार्मोन कोशिकाओं में वसा और कार्बोहाइड्रेट की मेटाबोलिज्म से सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं। यदि गर्भवती महिलाओं के आहार में आयोडीन की कमी रह जाए तो शिशुओं व मां में थायरॉइड बढ़ जाता है। हाइपोथायरॉयडिज्म और दिमागी कमजोरी पैदा हो सकती है। जब थायरॉयड ग्रंथि में बहुत ज्यादा हार्मोन का उत्पादन होने लगता है तो हाइपरथायरॉयडिज्म हो जाता है और जब इसका उत्पादन कम होता है, तब हाइपोथायरॉयडिज्म की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। थाइरॉइड के अन्य सामान्य विकार हैं- हाशिमोटोज डिजीज, ग्रेव्ज डिजीज, गोइटर तथा थायरॉइड नोडल्यूस। गर्भधारण की योजना बना रही महिलाओं को यह तय करना चाहिए कि गर्भवती होने से पहले ही उनके आहार में पर्याप्त मात्रा में आयोडीन शामिल रहे। गर्भावस्था और स्तनपान के समय आयेडीन की जरूरत बढ़ जाती है, ताकि पर्याप्त थायरॉइड हार्मोन बनते रहें, जो बच्चे के मस्तिष्क के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पूरी करने के लिए स्वस्थ और विविधतापूर्ण आहार की जरूरत होती है।



## आयोडीन के कुछ अच्छे स्रोत

**पनीर** : डेयरी उत्पादों में यह आयोडीन का सबसे समृद्ध स्रोत है।
**अंडे** : अंडे के योक में आयोडीन होता है.
**दूध** : अध्ययन से पता चलता है कि 250 मिलीलीटर दूध में लगभग 150 माइक्रोग्राम आयोडीन होता है।
**दही** : एक कप दही में करीब 70 माइक्रोग्राम आयोडीन होता है, यानी दैनिक जरूरत की करीब आधी मात्रा। यह पेट के लिए भी अच्छा है और कैल्शियम व प्रोटीन से भरपूर है। इन खाद्य पदार्थों के अलावा आयोडीन के कुछ अन्य अच्छे स्रोत हैं- केले, स्ट्रॉबेरी, हरी पत्तेदार सब्जियां, प्याज और मीठे आलू, अनाज, नट्स और मूंगफली, जौ वगैरह।

# इस विधि से करें खजूर की खेती, कम समय में मिलेगी बेहतरीन पैदावार!

**भारत के कई राज्यों में खजूर की खेती की जाती है, जिससे किसान अच्छा खासा मुनाफा कमा रहे हैं. राजस्थान, तमिलनाडु, केरल और गुजरात के अधिकतर किसान खजूर की खेती करते हैं. बता दें, खजूर कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है और मार्केट में इनकी सालभर मांग रहती है. खजूर खराब नहीं होता है और इसके फल को सुखाकर छुहारा बनाया जाता है. इसके अलावा, खजूर का अनेक प्रकार की चीजें को तैयार करने में भी इस्तेमाल किया जाता है, जैसे- जूस, जैम, चटनी, अचार और बेकरी प्रोडक्ट्स.**





## उपयुक्त जलवायु

खजूर की खेती के लिए शुष्क जलवायु को सबसे उपयुक्त माना जाता है. इसकी फसल को कम बारिश की आवश्यकता होती है, इसलिए सूखे मरुस्थलीय इलाकों में खजूर का सबसे अधिक उत्पादन किया जाता है. इसके पौधों को ठीक तरह से विकसित होने के लिए भरपूर प्रकाश की आवश्यकता होती है. वहीं, इसके पौधें को तेज सर्दी नुकसान पहुंचा सकती है. इसके पौधें के लिए 30 डिग्री तापमान और फल को पकाने के लिए 45 डिग्री तापमान की आवश्यकता होती है. खजूर के एक पौधे की ऊंचाई लगभग 25 मीटर तक हो सकती है.

## उपयुक्त मिट्टी

खजूर की खेती के लिए रेतीली और भुरभुरी मिट्टी को उपयुक्त माना जाता है. इसके खेत की मिट्टी उचित जल निकासी वाली होनी चाहिए. किसान खजूर की खेती 2 से 3 मीटर तक कठोर पथरीली भूमि पर नहीं कर सकते हैं. इसकी खेती के लिए मिट्टी का पीएच लेवल 7 से 8 के बीच होना आवश्यक होता है. जल निकासी की अच्छी तरह से व्यवस्था करें. क्योंकि खजूर के पौधे पानी को सहन नहीं कर पाते हैं. यदि खेत में ज्यादा समय तक पानी का ठहराव होगा तो पौधों को नुकसान पहुंच सकता है. इसके बाद एक- एक मीटर की दूरी पर गड्ढे खोद लें और उसमें 25 से 30 किलो गोबर डाल कर मिट्टी में मिला दें.

## खजूर की उन्नत किस्में

खजूर की किस्मों को नर और मादा प्रजाति में विभाजित किया गया है. इसकी बरही किस्म सबसे अधिक पैदावार देने के लिए पहचानी जाती है. इस किस्म का पौधा काफी तेजी से बढ़ता है लेकिन इसमें फल देरी से पकते हैं. इसके एक पौधे से लगभग 70 से 100 किलो तक फलों का उत्पादन होता है. इसके फलों का आकार अंडाकार और रंग पीला होता है. खजूर की मादा प्रजाति में आने वाली किस्मों में बरही, खुनेजी, हिल्लावी, जामली, खदरावी और मेडजूल शामिल है. वहीं, खजूर की नर किस्म केवल फूल आते हैं, इसमें फल नहीं लगते. खजूर की नर किस्मों में धनामी, मदसरीमेल शामिल है.

## इस विधि से लगाएं पौधा



किसानों को खजूर के पौधों की रोपाई के लिए एक मीटर की दूरी पर खेत में गड्ढे तैयार करने चाहिए. इनमें आपको उपयुक्त मात्रा में गोबर की खाद को मिट्टी के साथ मिलकार डाल देना चाहिए. आपको खजूर के पौधें किसी नर्सरी से खरीद लेने चाहिए और इन्हें गड्ढों में लगा देना चाहिए. आप एक एकड़ खेत में लगभग खजूर के 70 पौधें लगा सकते हैं. रोपाई से करीब 3 वर्ष के बाद इसका पौधा पैदावार देना शुरू कर देता है.

## खजूर के पौधें की सिंचाई

आपकी जानकारी के लिए बता दें, खजूर के पौधें को कम सिंचाई की आवश्यकता होती है. गर्मी के मौसम में आपको इसके पौधे को एक महीने में 15 से 20 दिन ही पानी देना चाहिए. वहीं सर्दियों में केवल एक बार ही सिंचाई इसके पौधे के लिए उपयुक्त होती है.

## मोटी होगी कमाई

खजूर की खेती करने के लिए आपको अधिक खर्च करने की आवश्यकता नहीं होती है. इसका एक पेड़ 70 से 100 किलो तक की पैदावार दे सकता है. यदि आप इसकी एक एकड़ में खेती करते हैं, तो एक बार में 5 हजार किलो तक उपज प्राप्त कर सकते हैं. भारतीय बाजारों में खजूर की अधिक मांग रहती है, जिससे इन्हें महंगे दाम पर बेचा जाता है. किसान एक बार इसकी फसल लगाकर 5 साल तक लगभग 3 से 4 लाख रुपये की कमाई आसानी से कर सकते हैं.

## फलों को पकने से लिए 45 डिग्री टेंपरेचर बेहतर होता है

अब आप उन गड्ढों में खजूर के पौधों की रोपाई कर सकते हैं. ऐसे खजूर के पौधों के लिए 30 डिग्री तापमान अच्छा माना गया है. 30 डिग्री तापमान में पोधे तेजी से बढ़ते हैं. वहीं, खजूर के फलों के पकने से लिए 45 डिग्री टेंपरेचर बेहतर होता है. यानी जितनी अधिक गर्मी पड़ेगी, खजूर के फल उतनी जल्द पक सकेंगे.

## 5 हजार किलो खजूर बेचकर लाखों रुपये की कमाई कर सकते हैं

खास बात है कि गर्मी के मौसम में ही खजूर की रोपाई करना अच्छा रहेगा. आप एक एकड़ में 70 के करीब खजूर के पौधे लगा सकते हैं. 3 साल बाद पौधों पर खजूर के फल आने शुरू हो जाएंगे. इसके एक पेड़ से 70 से 100 किलो तक खजूर के फल का प्रोडक्शन हो सकता है. एक बार की फसल में आप 5 हजार किलो तक खजूर बेच सकते हैं. मार्केट में खजूर 200 रुपये से लेकर 1000 रुपये किलो बिकता है. ऐसे में आप 5 हजार किलो खजूर बेचकर लाखों रुपये की कमाई कर सकते हैं.

## कौन सा खजूर सबसे अच्छा होता है?

मेजडूल खजूर को अक्सर सबसे अच्छा माना जाता है क्योंकि इसका स्वाद बहुत मीठा होता है और इसका गूदा मुलायम और रसीला होता है. इसे 'खजूर का राजा' भी कहा जाता है. मेजडूल खजूर विटामिन्स, मिनरल्स, और फाइबर से भरपूर होता है, जो इसे ना केवल एक स्वादिष्ट बनता है बल्कि यह बहुत ही फायदेमंद होता है.

## इस खजूर का है धार्मिक महत्व

अजवा खजूर का नाम इस्लामिक दुनिया में खास महत्व रखता है क्योंकि इसे बहुत पवित्र माना जाता है. यह सिर्फ एक फल नहीं, बल्कि एक धार्मिक प्रतीक भी है जिसे बहुत सम्मान दिया जाता है. अजवा खजूर को खाने के कई फायदे हैं जो हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं. यह खजूर शरीर को बीमारियों से लड़ने की शक्ति देता है, जिससे हम अधिक स्वस्थ रह सकते हैं. इसमें ऐसे तत्व होते हैं जो हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं. साथ ही, अजवा खजूर पाचन को भी सुधारता है. अगर आपको पेट से जुड़ी समस्याएं हों, तो अजवा खजूर खाने से बहुत फायदा हो सकता है.

# न्यूज़ीलैंड के खिलाफ भारत की शर्मनाक हार, सीरीज में 1-0 से पिछड़े




बेंगलुरु (ईएमएस)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए पहले टेस्ट मैच में भारतीय क्रिकेट टीम को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। पांचवें दिन, न्यूजीलैंड ने 107 रन के लक्ष्य को दो विकेट गवांते हुए आसानी से हासिल कर लिया और भारत को 1-0 से पीछे कर दिया। इस जीत ने न्यूजीलैंड को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में बढ़त दिलाई है। मैच के पहले दिन बारिश के कारण खेल नहीं हो सका। दूसरे दिन, भारतीय टीम ने बल्लेबाजी करने का फैसला लिया, लेकिन उनकी शुरुआत बेहद खराब रही। भारतीय बल्लेबाजों ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया और पूरी टीम केवल 46 रन पर ऑल आउट हो गई। इस पारी में ऋषभ पंत ने सबसे ज्यादा 20 रन बनाए, जबकि पांच बल्लेबाज बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। यह भारत के लिए एक निराशाजनक प्रदर्शन था, जिससे उनकी स्थिति कमजोर हो गई।

### न्यूजीलैंड का मजबूत प्रदर्शन

भारत के कमजोर प्रदर्शन के बाद, न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में 180 रन बनाए। डेवोन कॉन्वे ने 91 रनों की शानदार पारी खेली। तीसरे दिन, रचिन रवींद्र और डेरिल मिचेल ने पारी की शुरुआत की। रवींद्र ने 157 गेंदों पर 134 रन बनाकर मैच को पूरी तरह से न्यूजीलैंड की ओर मोड़ दिया। इसके अलावा, टिम साउदी ने भी 65 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। इस प्रकार, न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में कुल 402 रन बनाए।

### भारत की संघर्षशील दूसरी पारी

भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन का प्रयास किया। रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने अच्छी शुरुआत दी, जहां रोहित ने 52 और यशस्वी ने 35 रन बनाएं। विराट कोहली ने भी अर्धशतक बनाया और टीम का स्कोर 231 तक पहुंचाया। चौथे दिन, सरफराज खान ने 150 रन की पारी खेली, जबकि ऋषभ पंत 99 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने अपनी दूसरी पारी में कुल 462 रन बनाए, जिससे न्यूजीलैंड के सामने 107 रनों का लक्ष्य रखा। 107 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर टॉम लैथम और डेवोन कॉन्वे कुछ खास नहीं कर सके। टॉम लैथम बगैर खाता खोले पवेलियन लौट गए। वे बुमराह के शिकार बने, उसके बाद डेवोन कॉन्वे भी सस्ते में बुमराह के शिकार बने। उन्होंने 17 रन बनाए। उसके बाद विल यंग और रचिन रवींद्र ने न्यूजीलैंड के लिए मोर्चा संभाला और टीम को जीत दिलाई। विल यंग ने 48 और रचिन रवींद्र ने 39 रन बनाए और वे नाबाद रहे। इस तरह, न्यूजीलैंड ने 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। भारतीय टीम को अब अगले मैच में वापसी करने की चुनौती होगी।

### 99 रन बनने के बाद पंत ने नहीं की विकेटकीपिंग, कहीं चिन्ता का विषय तो नहीं

भारत और न्यूजीलैंड के बीच बेंगलुरु में खेली जा रही टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने शानदार वापसी की थी पर टीम को हार का सामना करना पड़ा। पहली पारी में महज 46 रन पर ऑलआउट होने के बाद भारत ने दूसरी पारी में 462 रन बनाए थे और न्यूजीलैंड को 107 रन का लक्ष्य दिया था। जिसे न्यूजीलैंड की टीम ने दो विकेट गवांकर आसानी से मैच जीत लिया। टीम इंडिया की जबरदस्त वापसी में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की अहम भूमिका रही, जिन्होंने शानदार 99 रन बनाए और टीम इंडिया को मुश्किल से उबारने की कोशिश की थी। ऋषभ पंत ने सरफराज का बखूबी साथ दिया और दोनों ने चौथे विकेट के लिए 177 रन की साझेदारी की थी। ऋषभ पंत ने अपनी पारी में कई मुश्किल शॉट खेले, लेकिन शतक से सिर्फ एक रन दूर रह गए और 99 रन पर आउट हो गए। पंत के खेल ने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाया, हालांकि उन्हें कई बार शॉट लगाते हुए चोट के कारण मुश्किलों का सामना करना पड़ा। पहली पारी में विकेटकीपिंग करते समय उन्हें घुटने में चोट आई थी, जिसके बाद उन्होंने फिजियो से इलाज भी कराया। इसी वजह से वह दूसरी पारी में विकेटकीपिंग करने नहीं आए और उनकी जगह ध्रुव जुरेल ने यह जिम्मेदारी संभाली। अब सवाल यह उठ रहा है कि एक्सीडेंट के बाद वापसी कर रहें पंत की यह चोट कितनी गंभीर हैं। जिसके चलते वे दूसरी पारी में विकेट कीपिंग के लिए मैदान में नहीं आए। या फिर टीम मेनेजमेंट ने उन्हें इस चोट को देखते हुए आराम दिया हैं।

### मैं बचपन से ही सपना देख रहा था इस शतक का : सरफराज

खेले जा रहे न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में युवा बल्लेबाज सरफराज खान ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक जड़कर न केवल भारतीय टीम को मुश्किल हालात से बाहर निकालने की कोशिश किया हैं, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि वह महज स्थानापन्न खिलाड़ी नहीं हैं। शुभमन गिल की चोट के कारण अंतिम एकादश में शामिल हुए सरफराज ने शानदार 150 रन बनाए और ऋषभ पंत (99) के साथ मिलकर 177 रनों की अहम साझेदारी की। उनकी इस पारी ने भारत को पहली पारी में 356 रन से पिछड़ने के बावजूद मैच में बनाए रखा और न्यूजीलैंड के सामने 107 रन का लक्ष्य रखा। सरफराज खान के लिए यह शतक खास था क्योंकि यह उनके बचपन का सपना था। उनके पिता नौशाद का भी सपना था कि उनका बेटा टेस्ट क्रिकेट में बड़ा स्कोर बनाए। मैच के बाद सरफराज ने संवाददाता सम्मेलन में अपने पिता का जिक्र करते हुए कहा, मैं अपने पिता से अक्सर बात करता हूं क्योंकि वह मुझे हर समय प्रेरित करते रहते हैं। भारत के लिए खेलते हुए यह मेरा पहला शतक था, और यह मेरे लिए बहुत खास है। सरफराज जानते हैं कि भारतीय टीम के मध्यक्रम में जगह बनाना आसान नहीं है, लेकिन उन्होंने कहा कि वह भविष्य के बारे में ज्यादा नहीं सोचते। मैं अब केवल वर्तमान में जीना चाहता हूं, उन्होंने कहा, यह बताते हुए कि भविष्य की चिंता करने से उनका वर्तमान प्रभावित हो सकता है। सरफराज ने अपनी पारी के दौरान न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों की शॉर्ट पिच गेंदों पर बेहतरीन ऑफ साइड खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने 150 रन में से 83 रन ऑफ साइड में बनाए। उन्होंने कहा, मैं ऊंची उठती गेंदों को खेलना पसंद करता हूं। मुंबई में उछाल भरी पिचों पर मैं नियमित रूप से अभ्यास करता हूं, जिससे मुझे ऐसी गेंदों को खेलने में आसानी होती है। सरफराज ने ऋषभ पंत के साथ चौथे विकेट के लिए 177 रन जोड़े। पंत, जो अपनी चोट से उबर रहे थे, शुरुआत में लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे थे।

## फिट होने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं जेवियर

एडिलेड (ईएमएस) ऑस्ट्रेलिया के 25 वर्षीय उभरते तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट पूरी तरह से फिट होने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। सितंबर में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच के दौरान बार्टलेट को साइड स्ट्रेन की समस्या हुई थी, जब वह इंग्लैंड की धरती पर अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे थे। उन्होंने मात्र के 3.4 ओवर ही गेंदबाजी किया था। चोट के कारण वह टी20 सीरीज के बाकी मैच और उसके बाद पांच मैचों वाली वनडे सीरीज से बाहर हो गए। बार्टलेट के लिए, यह निराशाजनक क्षण था, जिन्होंने फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे में लगातार 4 विकेट चटकाए थे। चोट और उसके ठीक होने के बारे में बताते हुए बार्टलेट ने कहा, मुझे उस साइड स्ट्रेन से उबरने में लगभग 5 सप्ताह हो गए हैं। मैं अब पूरी तरह से तैयार हूं, इसलिए यह वास्तव में आकार लेने लगा है। मैंने पहले कभी ऐसा नहीं किया है... यह वास्तव में निराशाजनक था। पाकिस्तान के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की एकदिवसीय टीम में जगह बनाने से चूकने के बावजूद बार्टलेट को इसके बाद होने वाली टी20 श्रृंखला में वापसी की उम्मीद है। सिडनी, होबार्ट और ब्रिस्बेन में होने वाले मैचों के साथ बार्टलेट की नजरें 14 नवंबर को गाबा में होने वाले पहले टी20 पर टिकी हैं। एक ऐसा स्थान जहां उन्होंने ब्रिस्बेन हीट के लिए खेलते हुए एक प्रभावशाली रिकॉर्ड बनाया है।
बार्टलेट ने कहा, यह कुछ ऐसा है जिसका आप बचपन में सपना देखते हैं, ऑस्ट्रेलिया के लिए अपने घरेलू मैदान पर खेलने की कोशिश करना। इसलिए अगर ऐसा अवसर आता है, तो यह एक बहुत अच्छा पल होगा। बार्टलेट ने गाबा में शानदार प्रदर्शन किया है, हीट के लिए सिर्फ 13 मैचों में 20 विकेट लिए हैं, औसतन हर 13 गेंदों पर एक विकेट। ऑस्ट्रेलिया के लिए अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलना उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा जिससे उन्हें अपनी रिकवरी के लिए प्रेरणा मिलेगी। राष्ट्रीय टीम में वापसी करने से पहले बार्टलेट को क्वींसलैंड के लिए आगामी शेफील्ड शील्ड और एक दिवसीय मैचों में खेलने की उम्मीद है ताकि वह मैच फिटनेस हासिल कर सकें।
चुनौतियों के बावजूद बार्टलेट भविष्य पर ध्यान केंद्रित करते हैं और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी बढ़त जारी रखने के लिए दृढ़ हैं। उन्होंने कहा, मेरी एक नजर पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज़ पर है। बता दें कि उभरते तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड दौरे पर साइड स्ट्रेन के बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए अंतरराष्ट्रीय वापसी की उम्मीद कर रहे हैं।

## रोहित शर्मा ने आईपीएल 2025 के लिए फैन के सवाल का मजेदार जवाब दिया

नई दिल्ली (ईएमएस)। इस समय भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में व्यस्त हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर उनका नाम आईपीएल 2025 से जुड़ी खबरों में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस बीच रोहित का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और फैंस इसका जमकर आनंद ले रहे हैं। जब से यह खबरें आई थीं कि रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस के बजाय किसी और टीम के लिए आईपीएल खेल सकते हैं। इस बीच, ड्रेसिंग रूम में एक फैन ने रोहित से सवाल किया कि वह अगले आईपीएल में किस टीम के लिए खेलेंगे। इसका जवाब रोहित शर्मा ने बड़े ही मजाकिया अंदाज में दिया। जबाव देते हुए रोहित ने मजाकिया अंदाज में कहा, तू बता दे, किससे खेलूं? फैन ने तुरंत जवाब दिया, भाई आरसीबी में आ जाओ यार! इसके बाद रोहित ने हंसते हुए कहा, तुझे कौन सी चाहिए बोल... इस बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और फैंस इसका जमकर आनंद ले रहे हैं।
मुंबई इंडियंस की कप्तानी को लेकर भी कुछ चर्चा है। आईपीएल 2024 से पहले मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा को कप्तानी से हटा कर हार्दिक पंड्या को टीम की कमान सौंपी थी, लेकिन हार्दिक पंड्या टीम के लिए अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए। रोहित शर्मा ने भी बल्ले से कुछ खास योगदान नहीं दिया था। पिछले सत्र में, मुंबई इंडियंस की टीम आईपीएल के दूसरे चरण में छह मैचों में केवल 20 रन से अधिक की पारी नहीं खेल सकी थी। रोहित शर्मा, जो कि मुंबई इंडियंस के कप्तान रहे हैं, ने आईपीएल में पांच बार चैंपियन बनने का कारनामा किया है। मुंबई इंडियंस की आईपीएल ट्रॉफी जीत की लिस्ट में 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 शामिल हैं। रोहित ने अब तक आईपीएल में 158 मैचों में कप्तानी की है, जिसमें से 87 मैचों में जीत हासिल की और 67 मैचों में हार का सामना करना पड़ा। उनका जीत प्रतिशत 55.06 प्रतिशत है। इस बातचीत ने एक बार फिर रोहित शर्मा के फैंस को रोमांचित कर दिया है, और उनकी आईपीएल 2025 में खेलने को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।




पूर्वी चीन के शंघाई नगर में विश्व एक्वेटिक्स तैराकी विश्व कप में 100 मीटर ब्रेटस्ट्रोक फ़ाइनल में चीन की टैंग क्विंटिंग महिलाओं की प्रतियोगिता में भाग लेती हुई।

## गगनजीत भुल्लर एशियाई टूर खिताब की ओर अग्रसर, तीसरे दौर में बोगी रहित 66 का कार्ड खेला

बैंकॉक (ईएमएस)। भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने शनिवार को ब्लैक माउंटेन चैम्पियनशिप के तीसरे दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए बिना बोगी किए 66 का कार्ड खेला। इस बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर भुल्लर अपने 12वें एशियाई टूर खिताब की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने पहले दो दौर में क्रमशः 65 और 66 के स्कोर बनाए थे, जिससे उनका कुल स्कोर 19 अंडर है। भुल्लर इस समय अमेरिका के जॉन कैटलिन (65) से दो शॉट की बढ़त बनाए हुए हैं। भुल्लर का अब तक का प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा है, जिसमें उन्होंने तीन दौर में कुल 21 बर्डी लगाई हैं और केवल दो बोगी की हैं। इस लय को बरकरार रखते हुए वह खिताब जीतने की प्रबल दावेदारी कर रहे हैं। अन्य भारतीय गोल्फरों में खालिन जोशी ने तीसरे दौर में 73 का कार्ड खेला और नौ अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 39वें स्थान पर हैं। वहीं, करणदीप कोचर भी 73 का कार्ड खेलकर संयुक्त रूप से 65वें स्थान पर बने हुए हैं। भुल्लर की शानदार बढ़त ने उन्हें खिताब जीतने की मजबूत स्थिति में ला खड़ा किया है, और अंतिम दौर में वह अपने प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए इस खिताब पर कब्जा जमाने का प्रयास करेंगे।

## तिलक वर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ दिखाया खूबसूरत छक्के का नजारा

ओमान (ईएमएस)। एसीसी इमर्जिंग टी20 एशिया कप 2024 की धमाकेदार शुरुआत इंडिया ए ने अपने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान ए के खिलाफ जीत के साथ की। तिलक वर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने रोमांचक मैच में पाकिस्तान को 7 रन से मात दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंडिया ए ने 8 विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाए। पावरप्ले का बेहतरीन फायदा उठाते हुए टीम ने शुरुआती 6 ओवरों में 68 रन बटोरे, जिससे उन्हें मजबूत स्कोर खड़ा करने में मदद मिली।
कप्तान तिलक वर्मा ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए, जिसमें उन्होंने 2 चौके और 2 शानदार छक्के लगाए। उनका एक जबरदस्त छक्का पाकिस्तानी तेज गेंदबाज मोहम्मद इमरान के खिलाफ लॉन्ग ऑफ के ऊपर से आया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। स्टार स्पोर्ट्स ने इस सिक्स की वीडियो साझा की, जिसमें तिलक के इस शानदार शॉट की तारीफ हो रही है। इंडिया ए को आक्रामक शुरुआत दिलाने में अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह का भी अहम योगदान रहा। अभिषेक ने 22 गेंदों में 35 रन बनाए, जिसमें 5 चौके और 2 छक्के शामिल थे, जबकि प्रभसिमरन ने 19 गेंदों पर 36 रन ठोके, जिसमें 3 चौके और 3 छक्के शामिल थे।
184 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ए की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 176 रन ही बना सकी। पाकिस्तान की ओर से अराफात मिन्हास ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। गेंदबाजी में इंडिया ए के लिए तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज सबसे सफल रहे, जिन्होंने 33 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। इसके अलावा रसिख सलाम और निशांत संधु ने भी 2-2 विकेट लेकर पाकिस्तान की बल्लेबाजी को बिखेरने में मदद की। इस जीत के साथ इंडिया ए ने एशिया कप 2024 के अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की है।

## रुतुराज गायकवाड़ कर सकते हैं भारत ए की कप्तानी

नई दिल्ली (ईएमएस)। महीने के अंत में शुरू होने वाले दो चार दिवसीय प्रथम श्रेणी मैचों में रुतुराज गायकवाड़ ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए की कप्तानी कर सकते हैं। सभी की निगाहें भारत ए के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर होंगी जिसमें गायकवाड़ के साथ अभिमन्यु ईश्वरन और साई सुदर्शन शामिल हो सकते है।बात दें कि कप्तान रोहित शर्मा अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में शुरू होने वाली बहुप्रतीक्षित बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले दो टेस्ट मैचों में से एक में नहीं खेल पाएंगे, जिसके बाद भारत एक रिजर्व ओपनर की तलाश है।
ईश्वरन दोनों मैचों के दौरान चर्चा का विषय रहने वाले है। उन्होंने अपनी शानदार फॉर्म के दम पर शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने दलीप ट्रॉफी में दो शतक लगाए और इसके बाद ईरानी कप में एक और शतक लगाया। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैचों को खिलाड़ियों के लिए अपनी क्षमता साबित करने और पांच टेस्ट के लिए भारत की टीम में जगह बनाने का ऑडिशन माना जा सकता है।
देवदत्त पडिक्कल, बाबा इंद्रजीत और रिकी भुई भारत ए टीम में मध्यक्रम की मजबूत बल्लेबाजी कर सकते हैं। केंद्रीय अनुबंध से बाहर होने के बाद ईशान किशन पहली बार अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी कर सकते हैं। युवा बाएं हाथ के खिलाड़ी को श्रेयस अय्यर के साथ सूची से हटा दिया गया था, क्योंकि इसकी की चिंता थी कि उन्होंने घरेलू क्रिकेट की तुलना में इंडियन प्रीमियर लीग को प्राथमिकता दी है।
अभिषेक पोरेल के साथ वह भारत ए की टीम को विकेटकीपिंग का विकल्प दे सकते हैं। नीतीश कुमार रेड्डी, तनुश कोटियन और मानव सुथार के ऑलराउंडर के रूप में खेलने की उम्मीद है। तेज गेंदबाजी इकाई में मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद और यश दयाल के शामिल होने की उम्मीद है।
चार दिवसीय खेल का पहला मैच 31 अक्टूबर को मैके में शुरू होगा। दूसरा मैच 7 नवंबर से मेलबर्न में खेला जाएगा।
ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए संभावित भारत ए टीम : रुतुराज गायकवाड़, अभिमन्यु ईश्वरन, देवदत्त पडिक्कल, साई सुदर्शन, बी इंद्रजीत, अभिषेक पोरेल (विकेट कीपर), ईशान किशन (विकेट कीपर), मुकेश कुमार, रिकी भुई, नितीश कुमार रेड्डी, मानव सुथार, नवदीप सैनी, खलील अहमद, तनुश कोटियन, यश दयाल का नाम शामिल है।

## शतक जड़कर श्रेयस अय्यर ने दिखाई दम, टीम में वापसी की जताई इच्छा



नई दिल्ली (ईएमएस)। टीम इंडिया से बाहर चल रहे बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने लंबे समय बाद रणजी ट्रॉफी के मैच में शानदार शतक बनाकर भारतीय टेस्ट टीम में वापसी की अपनी प्रबल इच्छा जताई है। महाराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मैच में अय्यर ने शानदार शतक जड़ा, जो उनके लिए एक भावनात्मक पल था। पीठ की सर्जरी के बाद श्रेयस ने अपनी फिटनेस पर काफी मेहनत की है और टेस्ट क्रिकेट में एक बार फिर से जगह बनाने के लिए तैयार हैं।
श्रेयस अय्यर को पिछले कुछ समय पहले बार-बार पीठ की चोट का सामना करना पड़ा, जिसके कारण उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। इसके चलते वह कई महीनों तक क्रिकेट से दूर रहे। उन्होंने अपने करियर का आखिरी टेस्ट शतक नवंबर 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ कानपुर टेस्ट में जड़ा था, और अब लगभग तीन साल बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट में शतक बनाया है। अय्यर ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, बहुत लंबे समय बाद वापसी करना मेरे लिए खास है। चोटों के कारण मैं थोड़ा निराश महसूस कर रहा था, लेकिन अब शतक बनाना बेहद संतोषजनक है। अय्यर ने अपनी भावनाओं को साझा करते हुए कहा कि वह भारतीय टेस्ट टीम में वापसी के लिए बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, मैं वापसी के लिए पूरी तरह से उत्सुक हूं, लेकिन मुझे केवल उन्हीं चीजों पर ध्यान देना है जो मेरे नियंत्रण में हैं। मेरा काम है निरंतर अच्छा प्रदर्शन करना और जितना हो सके उतना क्रिकेट खेलना। इसके साथ ही शरीर की फिटनेस बनाए रखना भी बेहद जरूरी है। अय्यर का मानना है कि केवल निरंतर अच्छा प्रदर्शन ही उन्हें फिर से भारतीय टेस्ट टीम में जगह दिला सकता है।
श्रेयस अय्यर ने फरवरी 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में आखिरी बार भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेला था। चोटों के कारण वह अधिक खेल नहीं पाए, और इस साल की शुरुआत में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की केंद्रीय अनुबंध सूची से भी बाहर हो गए थे। हालांकि, उन्होंने अगस्त 2024 में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में हिस्सा लिया था। श्रेयस अय्यर ने स्पष्ट रूप से कहा कि वह टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं और यह उनके लिए प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, मैं टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लिए बेताब हूं। यही कारण है कि मैं खेल रहा हूं। अगर ऐसा नहीं होता तो मैं आराम से बैठ सकता था। अय्यर की यह वापसी भारतीय क्रिकेट के लिए एक सकारात्मक संकेत है, और उनके प्रशंसक उम्मीद कर रहे हैं कि वह जल्द ही राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह फिर से पक्की करेंगे।

## पीसीबी चाहता है भारत चैंपियंस ट्रॉफी के मैच पाकिस्तान में ही खेले, प्रस्ताव दिया

नई दिल्ली,(ईएमएस)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चैंपियंस ट्रॉफी में खेलने के लिए भारत को पाकिस्तान बुलाने के लिए हर कोशिश कर रहा है। पीसीबी ने इसके संबंध में बीसीसीआई के सामने एक प्रस्ताव रखा है। पीसीबी ने कहा है कि भारतीय टीम चाहे तो अपना मैच खेलकर उसी दिन वापस इंडिया लौट सकती है। इससे चलता है कि पीसीबी हर हाल में भारत को पाकिस्तान में खेलने के लिए बुलाना चाहता है, क्योंकि उसे भी पता है कि अगर भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान आती है तो इससे उसे फायदा ही होगा। पीसीबी ने बीसीसीआई को एक ऐसी व्यवस्था का प्रस्ताव दिया है जिसके अंतर्गत अगर भारत सुरक्षा कारणों चलते अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान में नहीं रुकना चाहता है तो वह अपने मैचों के बीच में नई दिल्ली या चंडीगढ़ में से कहीं भी मैच खेल कर वापस लौट सकता है। पीसीबी ने बीसीसीआई को मौखिक सुझाव दिया है कि भारतीय टीम नई दिल्ली, चंडीगढ़ या मोहाली में शिविर लगा सकती है और अपने मैचों के लिए विशेष उड़ान का इस्तेमाल करके लाहौर जा सकती है।
सूत्र ने कहा कि इन विकल्पों पर अधिकारियों के बीच मौखिक रूप से चर्चा हुई है। भारत का अपने मैच पाकिस्तान में खेलना तय हो सके। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से 9 मार्च तक लाहौर, रावलपिंडी और करांची में खेली जाएगी। पीसीबी मानसिक रूप से इसके लिए तैयार है कि भारत चैंपियंस ट्रॉफी खेलने आने से इनकार कर सकता है लेकिन वह 9 मार्च को होने वाला फाइनल लाहौर से बाहर ले जाने के लिए तैयार नहीं है। भले ही भारत इसके लिए क्वालीफाई कर ले। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद बोर्ड के सदस्यों की दुबई में 18 से 21 अक्टूबर तक होने वाली बैठक में चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल का मुद्दा भी उठ सकता है।

## रचिन की नेटवर्थ 2 मिलियन डॉलर के आस पास



नई दिल्ली (ईएमएस)। टीम इंडिया के खिलाफ पहली पारी में न्यूजीलैंड के लिए शानदार बैटिंग करते हुए खिलाडी रचिन रवींद्र ने शानदार शतक लगाया। टीम इंडिया फिलहाल न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रही है। रचिन रवींद्र ने 157 गेंदों में 134 रन की पारी खेली और अंत तक खड़े रहे। अपनी पारी में उन्होंने 14 चौके और 4 छक्के मारे। रचिन का कनेक्शन भारत से रहा है। उनके माता पिता भारत से ही थे। बाद में वह न्यूजीलैंड में जाकर बस गए। रचिन ने 5 साल की उम्र में ही क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था। वह क्लब क्रिकेट खेलने के लिए बैंगलोर भी आया करते थे। वर्ल्डस कप के उद्घाटन मैच में ही उन्होंने इंग्लैंदड के खिलाफ शतक जड़ दिया था। इसके बाद यह बात सामने आई थी कि भारतीय टीम के दिग्गएज प्लेयर राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर के शुरुआती नाम को जोड़कर रचिन का नाम रखा गया है। हालांकि, ऐसा कुछ नहीं था। रचिन नाम रचिन की मां ने सुझाया था
इस बात का खुलासा उनके पिता ने किया था। न्यूजीलैंड के युवा बैटर रचिन रवींद्र जिन्होंने वर्ल्ड कप 2023 के बाद से क्रिकेट में अपनी गहरी पहचान बनाई है। रचिन रवींद्र ने 2023 में ही डेब्यू किया और ईश सोढ़ी के चोटिल होने पर वर्ल्ड कप स्क्वॉड के लिए पहले ऑप्शन बने थे। उन्होंने वर्ल्ड कप में 10 मैच में 578 रन ठोके, जिसमें दो फिफ्टी और 3 शतक शामिल थे। वह शतक बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर थे। रचिन के नेटवर्थ की बात करें तो उनकी कमाई कई रिपोर्ट के अनुसार 2 मिलियन डॉलर (भारतीय रुपयों में करीब 16 करोड़) के आस पास है। उनकी कमाई का मुख्य जरिया क्रिकेट ही है। वह न्यूजीलैंड के साथ-साथ आईपीएल में भी खेलते हैं। वह चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व करते हैं और शानदार प्रदर्शन करने के लिए जाने जाते हैं।

# भारत ए ने रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान ए को 7 रन से हराया

ओमान (ईएमएस)। अल अमीरात क्रिकेट ग्राउंड में एसीसी मेन्स टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 के तहत खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में भारत ए ने पाकिस्तान ए को 7 रन से हरा दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 183 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया, जिसमें अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरण सिंह और कप्तान तिलक वर्मा की बेहतरीन पारियों का अहम योगदान रहा। जवाब में पाकिस्तान ए की टीम 176 रन ही बना पाई और भारत ने मुकाबला 7 रनों से जीत लिया। इस जीत के साथ भारत ए ने टूर्नामेंट में अपनी मजबूत स्थिति कायम रखी।
भारत ए की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी भारत ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बेहतरीन शुरुआत की। ओपनर अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरण सिंह ने पहले विकेट के लिए 6 ओवरों में 68 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। अभिषेक ने 22 गेंदों पर 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 35 रन बनाए, जबकि प्रभसिमरण ने 19 गेंदों पर 3 चौके और 3 छक्कों की मदद से 36 रनों की तेजतर्रार पारी खेली। कप्तान तिलक वर्मा ने भी महत्वपूर्ण 44 रन जोड़े, जिसमें 2 चौके और 2 छक्के शामिल थे। नेहल वडेहरा (25 रन) और रमनदीप सिंह (17 रन) ने भी अंतिम ओवरों में तेजी से रन बटोरकर टीम का स्कोर 183 तक पहुंचाया। पाकिस्तान के लिए सुफियान मुकीम ने 28 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ए की शुरुआत खराब रही। कप्तान मोहम्मद हारिस ने पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा, लेकिन दूसरी ही गेंद पर अंशुल कंबोज ने उन्हें बोल्ड कर दिया। उमेर युसूफ भी जल्द ही 2 रन बनाकर आउट हो गए। यासिर खान ने 33 रन और कासिम अकरम ने 27 रनों की छोटी-छोटी लेकिन महत्वपूर्ण पारियां खेलीं, लेकिन टीम एक समय 78 रनों पर 4 विकेट खो चुकी थी। मध्यक्रम में अराफात मिन्हास ने 41 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली, जिसमें उन्होंने 5 चौके और 1 छक्का लगाया। अब्दुल समद ने भी 25 रन बनाए, लेकिन रासिख सलाम की शानदार गेंदबाजी ने पाकिस्तान की पारी को दबाव में ला दिया। अंत में अब्बास अफरीदी ने 18 रन बनाकर संघर्ष किया, लेकिन उनकी टीम 176 रनों पर सिमट गई और भारत ए ने यह मुकाबला 7 रनों से जीत लिया। भारत ए की इस जीत में बल्लेबाजों के साथ-साथ गेंदबाजों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। रासिख सलाम ने मैच के महत्वपूर्ण क्षणों में 2 विकेट लेकर मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया।

### भारत ने पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में सात रन से हराया

एसीसी मेन्स टी20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 के तहत अल अमीरात क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में भारत-ए ने पाकिस्तान-ए को एक रोमांचक मुकाबले में सात शिकस्त दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरण और तिलक वर्मा के प्रदर्शन की बदौलत 183 रन बनाए। लक्ष्य का पीछी करने उतरी पाकिस्तान टीम ने एक समय 78 रन पर ही चार विकेट खो दिए थे। लेकिन इसके बाद अराफात मिन्हास ने धुंआधार बल्लेबाजी की। ऐसे समय में रासिख सलाम ने 2 विकेट लेकर मैच भारत के पक्ष में कर दिया। अब्बास अफरीदी ने भी आखिर तक जोर लगाया लेकिन आखिर भारत की हुई।
अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरण सिंह ने भारत-ए को अच्छी शुरूआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 6 ओवर में ही 68 रन जोड़े। अभिषेक ने 22 गेंदों पर 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 35 रन तो प्रभसिमरण ने 19 गेंदों पर 3 चौके और 3 छक्कों की मदद से 36 रन बनाए। कप्तान तिलक वर्मा ने 35 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 44 रन अपनी टीम के लिए जोड़े। बाद में नेहल वडेहरा ने 22 गेंदों पर 25 तो रमनदीप सिंह ने 11 गेंदों पर 17 रन बनाकर स्कोर 8 विकेट पर 183 तक पहुंचाया। पाकिस्तन के लिए सुफियान मुकीम ने 28 रन देकर 2 विकेट झटके।
पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद हारिस ने पहले ही गेंद पर छक्का लगाकर पारी की शुरूआत की लेकिन वह अंशुल कंबोज की अगली ही गेंद पर बोल्ड होकर पवेलियन लौट गए। उमेर युसूफ भी 2 ही रन बना पाए। यासिर खान ने 22 गेंदों पर तीन छक्कों की मदद से 33 तो कासिम अकरम ने 21 गेंदों पर 27 रन बनाए। मध्यक्रम में अराफात मिन्हास ने 29 गेंदों पर 5 चौके और एक छक्के की मदद से 41 रन का योगदान दिया। अब्दुल समद ने 15 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 25 रन बनाए। अब्बास अफरीदी ने 9 गेंदों पर 4 चौके लगाकर 18 रन जरूर बनाए लेकिन उनकी टीम 176 रन ही बना पाई और 7 रन से हार गई।

# एनएसई ने एफएंडओ ट्रेडिंग में लॉट साइज 3 गुना बढ़ायाः इसमें 93% लोग नुकसान उठा रहे; बी-टेक स्टूडेंट ने 46 लाख गंवाए

**नई दिल्ली** : बात जून 2024 की है। असम बेस्ड सीए हैं रोशन अग्रवाल। उनके पास बी-टेक थर्ड ईयर का एक स्टूडेंट इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने आया। उसे 2023-2024 में फ्यूचर एंड ऑप्शन्स (एफएंडओ) ट्रेडिंग में 26 लाख रुपए का लॉस हुआ था, लेकिन इनकम का कोई सोर्स नहीं था। एक साल पहले भी उस स्टूडेंट को 20 लाख रुपए का नुकसान हुआ था। माता-पिता को भी इस नुकसान के बारे में नहीं पता। माता-पिता अलग हो चुके हैं। मां एक होटल बिजनेस चलाती हैं। फ्यूचर एंड ऑप्शन्स ट्रेडिंग के लिए उसने माइक्रोफाइनेंस करने वाले मोबाइल ऐप्स से पर्सनल लोन लिया, दोस्तों से पैसे उधार लिए, और माता-पिता को बिना बताए उनके अकाउंट से भी पैसे निकाल लिए।

सीए ने कहा- स्टूडेंट अपने फाइनेंशियल डिसीजन सोशल मीडिया और दोस्तों से प्रभावित होकर ले रहा था। उसके एक दोस्त ने पिछले साल एफएंडओ ट्रेडिंग से 1 करोड़ रुपए कमाए थे। सीए ने जब उस स्टूडेंट से पूछा कि वह ट्रेडिंग छोड़ क्यों नहीं देता, तो स्टूडेंट ने कहा कि वह इसका ऐडिक्ट हो चुका है वह इसे छोड़ नहीं पा रहा। ये कहानी सिर्फ एक व्यक्ति की नहीं है, हाल ही में आई सेबी की एक रिपोर्ट बताती है कि एफएंडओ सेगमेंट में ट्रेड करने वाले 93% यानी हर 100 में से 93 ट्रेडर नुकसान में हैं। वित्त वर्ष 2022 से 2024 के बीच में 1 करोड़ से ज्यादा एफएंडओ ट्रेडर्स में से 93 लाख ने 1.8 लाख करोड़ रुपए गंवाए हैं। एफएंडओ ट्रेडिंग करने वाले 30 साल से कम उम्र के ट्रेडर्स का प्रपोर्शन वित्त वर्ष23 में 31% था जो वित्त वर्ष24 में बढ़कर 43% हो गया है।

## रिटेल निवेशकों को नुकसान से बचाने सेबी का नया सर्कुलर, तीन बड़ी बातें...

1. ऑप्शन बायर्स से प्रीमियम का अपफ्रंट कलेक्शनः ऑप्शन बायर्स से ऑप्शन प्रीमियम का अपफ्रंट कलेक्शन किया जाएगा। ज्यादातर ब्रोकर्स इस नियम का पालन पहले से कर रहे हैं, लेकिन जो नहीं कर रहे उन्हें भी यह करना होगा। यह नियम 1 फरवरी 2025 से लागू होगा।

2. इंडेक्स डेरिवेटिव्स के लिए कॉन्ट्रैक्ट साइज बढ़ायाः सेबी ने इंडेक्स फ्यूचर्स और ऑप्शंस के लिए कॉन्ट्रैक्ट साइज को 5-10 लाख रुपए से बढ़ाकर 15 लाख रुपए कर दिया है। यानी, अब बायर्स को एक लॉट के लिए ज्यादा पैसा देना होगा यह रूल 20 नवंबर 2024 से प्रभावी होगा।

3. एक्सपायरी प्रति एक्सचेंज एक तक सीमित करनाः वीकली इंडेक्स एक्सपायरी को प्रति एक्सचेंज एक तक सीमित किया गया है। यानी, निफ्टी, बैंक निफ्टी, निफ्टी फाइनेंशियल जैसे इंडेक्सों की एक्सपायरी एक ही दिन होगी। पहले ये हफ्ते में अलग-अलग दिन होती थी।

**निफ्टी 50 का लॉट साइज 25 से बढ़कर 75 हुआ**

मार्केट रेगुलेटर सेबी के आदेश के बाद नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने अपने सभी पांच इंडेक्स डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट्स के लॉट साइज को बढ़ा दिया है। निफ्टी 50 के लॉट साइज को 25 से बढ़ाकर 75 कर दिया है, जो 3 गुना की बढ़ोतरी है।निफ्टी बैंक का लॉट साइज 15 से बढ़ाकर 30 कर दिया है। सेबी को उम्मीद है कि इस कदम से रिटेल निवेशकों का एफएंडओ में पार्टिसिपेशन कम होगा। 20 नवंबर 2024 से से नए लॉट साइज लागू होंगे।

## ब्रोकर्स का 65% से 85% रेवेन्यू एफएंडओ से आता है

स्टॉक ब्रोकर्स अपना ज्यादातर रेवेन्यू फ्यूचर एंड ऑप्शन्स ट्रेडिंग से जनरेट करते हैं जो 65% से 85% के करीब है। बीते दिनों ब्रोकरेज फर्म जिरोधा के फाउंडर नितिन कामथ ने कहा था कि सेबी एफएंडओ के रेस्ट्रिक्ट करने वाले रेगुलेटर चेंज से ब्रोकर्स के रेवेन्यू बुरी तरह से प्रभावित हो सकते हैं।

आज से 10 साल पहले यानी 2014 में डीमैट अकाउंट की संख्या करीब 2.25 करोड़ थी। अगले 5 साल यानी 2019 में यह संख्या 3.6 करोड़ तक पहुंची। लेकिन इसके बाद वाले 5 साल यानी 2019 से 2024 तक यह संख्या करीब 4 गुना बढ़कर 17 करोड़ से ज्यादा हो गई। हालांकि, डीमैट अकाउंट को सीधे तौर पर निवेशकों की संख्या से जोड़ा नहीं जा सकता। ऐसा इसलिए क्योंकि एक निवेशक के कई डीमैट अकाउंट हो सकते हैं। फिर भी इससे निवेशकों की संख्या का एक मोटा अनुमान मिल जाता है कि निवेशक बाजार में बढ़ रहे हैं।

# नॉन-नेटवर्क हॉस्पिटल में भी मिलेगा कैशलेस ट्रीटमेंटः अब एडवांस पेमेंट जमा किए बगैर इलाज मिलेगा




**नई दिल्लीः** हेल्थ इंश्योरेंस से जुड़े नियमों में हाल ही में किए गए अपडेट ने कैशलेस ट्रीटमेंट की पहुंच बढ़ा दी है। अब पॉलिसीधारकों को नेटवर्क से बाहर के अस्पतालों में भी, एडवांस पेमेंट जमा किए बगैर इलाज की अनुमति है। आइए समझते हैं कि हेल्थ इंश्योरेंस धारक किसी भी अस्पताल में कैशलेस ट्रीटमेंट कैसे ले सकते हैं...

**अपनी पॉलिसी को समझेंः** सबसे पहले यह पता करें कि आपकी हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी में नए बदलावों को अपडेट किया गया है या नहीं। कुछ पॉलिसियों में नॉन-नेटवर्क अस्पतालों में कैशलेस इलाज की सुविधा देने के लिए अपग्रेड या एडजस्टमेंट की जरूरत हो सकती है। पॉलिसी में शामिल न होने वाली चीजें और उसकी लिमिट की भी जानकारी ले लें।

**प्री-अप्रूवल प्रोसेसः** नॉन-नेटवर्क अस्पतालों में अब आप कैशलेस इलाज करा सकते हैं, लेकिन इसके लिए प्री-ऑथराइजेशन की जरूरत होती है। जेब से खर्च से बचने के लिए यह एक जरूरी कदम है। अस्पताल में भर्ती होने से पहले या फौरन बाद आपको या अस्पताल को बीमा कंपनी को सूचित करना चाहिए, जो ट्रीटमेंट प्लान और अनुमानित लागत की समीक्षा करेगी।

**प्री-ऑथराइजेशन के चरणः** हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड, वैध पहचान पत्र, मेडिकल रिपोर्ट और अस्पताल में इलाज का अनुमानित खर्च बीमा कंपनी को भेजें। मंजूरी का इंतजार करें। बीमा कंपनी अमूमन 1 घंटे के भीतर जवाब दे देती हैं।

**दस्तावेज तैयार रखेंः** प्री-ऑथराइजेशन प्रोसेस और आपके क्लेम को सही तरीके से आगे बढ़ाने के लिए ये दस्तावेज तैयार रखेंः हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड या पॉलिसी का विवरण, वैध पहचान पत्र (आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि), मेडिकल रिपोर्ट, जिसमें डॉक्टर का पर्चा और सभी टेस्ट के रिजल्ट शामिल हों होना चाहिए। इनके अलावा अस्पताल का ट्रीटमेंट असेसमेंट भी होना चाहिए।

**आपातकालीन मामलेः** इमरजेंसी में कुछ बीमा कंपनियां इलाज के बाद ऑथराइजेशन प्रदान करती हैं। इससे फौरन इलाज कराने और बाद में मंजूरी लेने की सुविधा मिलती है। इसका लाभ उठाने के लिए अस्पताल में भर्ती होने के 24 घंटे के भीतर बीमा कंपनी को सूचित करना होगा।

**हॉस्पिटल की टीपीए डेस्क की मदद लेंः** अधिकांश अस्पतालों में थर्ड-पार्टी एडमिनिस्ट्रेटर डेस्क या टीपीए डेस्क होती है। टीपीए डेस्क आपके, अस्पताल और बीमा कंपनी के बीच मध्यस्थ के रूप में काम करती है। टीपीए डेस्क आपकी हेल्थ पॉलिसी के आधार पर ट्रीटमेंट दिलवाने और क्लेम प्रोसेस करने की फ्री-सर्विस देती है।

# आईसीआईसीआई, एचडीएफसी और एसबीआई का मार्केट कैप 69,879 करोड़ रुपए बढ़ा

**मुंबईः** देश के तीन बड़े बैंक- आईसीआईसीआई, एचडीएफसी और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मार्केट वैल्यूएशन बीते हफ्ते के कारोबार के बाद 69,879 करोड़ रुपए बढ़ी है। इस दौरान शेयर बाजार में लिस्टेड देश की टॉप-10 कंपनियों में से 4 का मार्केट कैप 81,151 करोड़ रुपए बढ़ा है। इनमें आईसीआईसीआई बैंक टॉप गेनर रहा। प्राइवेट सेक्टर लेंडर का मार्केट कैप इस दौरान 28,495 करोड़ रुपए बढ़कर 8.90 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले कंपनी की वैल्यूएशन 8.61 लाख करोड़ रुपए थी। इस दौरान टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल का भी मार्केट कैप 11,272 करोड़ रुपए बढ़कर 9.72 लाख करोड़ रुपए हो गया।

## रिलायंस और इंफोसिस मार्केट के टॉप लूजर

टेक सर्विस प्रोवाइड करने वाली कंपनी इंफोसिस बीते हफ्ते में मार्केट की टॉप लूजर रही। कंपनी का मार्केट कैप 23,314 करोड़ रुपए कम होकर 7.80 लाख करोड़ रुपए पर आ गया है। वहीं, देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 16,645 करोड़ रुपए कम होकर 18.39 लाख करोड़ रुपए रह गया है। इनके अलावा, इंफोसिस, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलआईसी सहित टोटल 6 कंपनियों का मार्केट कैप 76,621 करोड़ रुपए गिरा है।

## पिछले हफ्ते 156 अंक गिरा शेयर बाजार

बीते हफ्ते सेंसेक्स में भी 156 अंक की गिरावट रही। सेंसेक्स हफ्ते के आखिरी दिन (शुक्रवार, 18 अक्टूबर) को दिन के निचले स्तर 80,409 से 815 अंक संभला। दिनभर के कारोबार के बाद यह 218 अंक की तेजी के साथ 81,224 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी दिन के निचले स्तर 24,567 से 287 अंक संभला। निफ्टी में भी 104 अंक की तेजी रही, ये 24,854 के स्तर पर बंद हुआ। एनएसई के मेटल और बैंक सेक्टर में सबसे ज्यादा तेजी रही। मार्केट कैप किसी भी कंपनी के टोटल आउटस्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर, जो फिलहाल उसके शेयरहोल्डर्स के पास हैं, की वैल्यू है। इसका कैलकुलेशन कंपनी के जारी शेयरों की टोटल नंबर को स्टॉक की प्राइस से गुणा करके किया जाता है। मार्केट कैप का इस्तेमाल कंपनियों के शेयरों को कैटेगराइज करने के लिए किया जाता है, ताकि निवेशकों को उनके रिस्क प्रोफाइल के अनुसार उन्हें चुनने में मदद मिले। जैसे लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियां। पिछले सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण में 81,151.31 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई।

## लॉफिंग ज़ोन



पहले मित्र ने पूछा, 'जब तुम लोगों ने उस फेरी वाले से कोई साड़ी नहीं खरीदी ,तो तुम उसे हर महिने बीस रूपये क्यों देते हो ?'

दूसरे मित्र ने कारण स्पष्ट किया, 'इस बात के लिए कि वह मेरे घर के सामने से न गुजरे।'

□ □ □

एक पार्टी में एक महिला कभी अपना शॉल लपेट कर बैग में डाल लेती,तो कभी शॉल बैग से निकाल कर ओढ़ लेती। उसको बार-बार ऐसा करते देख कर एक महाशय ने इसका कारण जानना चाहा, तो महिला ने मुस्कराते हुए अपनी समस्या बताई, 'मेरी साड़ी भी नई है और शॉल भी। मैं चाहती हूं कि दोनों पर लोगों की निगाह पड़े।'

□ □ □

मुरारी लाल, 'आज बारिश में सड़क पर फैले कीचड़ में फिसलकर एक व्यक्ति गिर पड़ा। सभी जोर से हंसने लगे बस एक मैं नहीं हंसा।'

कृष्ण लाल, 'वह क्यों ?'

मुरारी लाल, 'क्योंकि गिरने वाला कोई और नहीं स्वंय मैं हीं था।'

□ □ □

प्रेमिका प्रेमी से - क्या तुम मुझे शादी के बाद भी इतना प्यार करोगे ?

प्रेमी - हां - हां क्यों नहीं। मैं तो शादीशुदा औरतों का दीवाना हूं।

## आज का इतिहास

1296 अलाउद्दीन खिलजी दिल्ली की गद्दी पर बैठे थे।

1833 आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल का जन्म।

1879 अमरीका के थामस अल्वा एडीसन ने विद्युत लैम्प का अविष्कार किया।

1916 आस्ट्रिया के प्रधानमंत्री काउंट कार्ल स्टरगी की हत्या कर दी गई।

1943 आजाद हिंद फौज सरकार का गठन सिंगापुर में हुआ।

1945 फ्रांस के चुनावों में महिलाओं ने पहली बार मतदान में भाग लिया।

1963 क्यूबा ने अमरीका से आर्थिक प्रतिबंध हटाने का आग्रह किया।

1969 पश्चिमी जर्मनी के 21 वर्ष के इतिहास में पहली बार सोशल डेमोक्रेट विली ब्रांट चांसलर बने।

1971 उत्तर वियतनाम ने युद्ध विराम स्वीकार किया ताकि शांति की दिशा में प्रयास किए जा सकें।

1973 खाड़ी के चार देशों ने अमरीका को तेल भेजने पर रोक लगायी थी।

1989 होंडुरास का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ जिससे 12यात्रियों की मौत हो गयी।

1993 बुरुंडी के राष्ट्रपति मेल्शियो एन्ददाए सैनिक क्रांति में मारे गए।

## प्रसंगतः एक ही लक्ष्य

एक व्यक्ति ने एक साधु से पूछा, 'क्या मोक्ष-प्राप्ति के लिए घर छोड़ना आवश्यक है?' साधु ने कहा, 'बिल्कुल आवश्यक नहीं है। घर छोड़ना यदि आवश्यक होता तो जनक गृहस्थ रहते हुए भी विदेह कैसे हो जाते?' कुछ दिनों के बाद दूसरे व्यक्ति ने उस साधु से यही प्रश्न किया। साधु ने उत्तर दिया, 'मोक्ष के लिए घर-द्वार छोड़ना अत्यंत आवश्यक है। यदि घर का परित्याग किए बिना ही मोक्ष मिल जाता तो सुखदेव जैसे संन्यासी यहां कैसे पैदा होते? जैनों में, बौद्धों में, वैदिकों में जो हजारों-हजार संन्यासी बने हैं, मुनि बने हैं, भिक्षु बने हैं, वे क्यों भटकते जंगलों में? क्यों अनगिनत कष्ट सहते?' एक बार संयोगवश दोनों व्यक्ति कहीं मिल गए। पहले ने कहा, 'महाराज ने कहा है कि मोक्ष पाने के लिए घर छोड़ना जरूरी नहीं है।' दूसरे ने कहा, 'तुम झूठ बोल रहे हो। मैंने भी पूछा था उनसे। उन्होंने कहा था कि मोक्ष पाने के लिए घर छोड़ना बहुत जरूरी है।' दोनों में विवाद हो गया। दोनों अपनी-अपनी बातों पर अड़े थे। उन्हें कोई समाधान नहीं मिल रहा था। दोनों उसी साधु के पास आए। बोले, 'महाराज! आपने हमें लड़ा दिया। प्रश्न एक था पर आपने उसके दो उत्तर दिए, वे भी एक-दूसरे से उलटे।' साधु मुस्कराया फिर उसने पहले व्यक्ति से कहा, 'देखो, तुम्हारी मनोवृत्ति घर छोड़ने की नहीं थी। तुम घर छोड़कर साधना नहीं करना चाहते थे। इसलिए मैंने कहा कि मोक्ष प्राप्ति के लिए घर छोड़ना जरूरी नहीं है। तुम घर में रहकर भी साधना कर सकते हो।' फिर साधु ने दूसरे व्यक्ति से कहा, 'तुम मानसिक तौर पर घर छोड़ने के लिए तैयार हो गए थे, इसलिए मैंने कहा था कि मोक्ष प्राप्ति के लिए घर छोड़ना आवश्यक है। जिसकी जैसी मनोदशा थी, उससे मैंने वही कहा। इसमें कठिनाई ही क्या है। लक्ष्य दोनों का एक ही है- मोक्ष प्राप्ति। दोनों अपने-अपने मार्ग से इसे पा सकते हो।'

## दैनिक पंचांग

**21 अक्टूबर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | तुला | 05.42 बजे से |
| चंद्र | वृष में | वृश्चिक | 08.01 ब.से |
| मंगल | कर्क में | धनु | 10.17 बजे से |
| बुध | तुला में | मकर | 12.22 बजे से |
| गुरु | वृष में | कुंभ | 14.08 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मीन | 15.41 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 17.12 बजे से |
| राहु | मीन में | वृष | 18.52 बजे से |
| केतु | कन्या में | मिथुन | 20.50 बजे से |
| राहुकाल | | कर्क | 23.03 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | सिंह | 01.20 बजे से |
| बजे तक | | कन्या | 03.31 बजे से |

**सोमवार** 2024 वर्ष का 295 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** कार्तिक (दक्षिण भारत में आश्विन) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** पंचमी 02.30 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** रोहिणी 06.51 बजे तदनन्तर मृगशीर्ष 05.51 बजे प्रातः को समाप्त। **योग** वरीयान 11.11 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 15.18 बजे तदनन्तर तैतिल 02.30 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 18.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण $10^{0}48'$ **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872139 **जूलियन दिन** 2460604.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 17

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8164

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | 10 | ■ | 11 | | | | |
| ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ | ■ | |
| 14 | ■ | 15 | | ■ | 16 | 17 | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | 18 | | 19 | ■ |
| 20 | | | | 21 | ■ | 22 | | 23 |
| | ■ | ■ | 24 | | 25 | ■ | 26 | |
| 27 | | | ■ | 28 | | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

*1.सुरक्षित,संरक्षित-4*
*4.उत्सुकता,जिज्ञासा-3*
*6.पिता के पिता-2*
*7.नमस्कार,प्रणाम-3*
*9.आखेट मंच-3*
*11.आत्मबलिदानी-5*
*12.प्लेट,तश्तरी-3*
*15.रहस्य,भेद-2*
*16.जी,चित्त-2*
*18.जुड़वा-3*
*20.मन का मिलना-5*
*22.नल,टोंटी-3*
*24.देवर्षि,देवमुनि-3*
*26.गुप्तचर,जासूस-2*
*27.गमन,विदा होना-3*
*28.ईश्वर,रब-4*

**ऊपर से नीचे**

*1.सद्चरित्रता-3*
*2.इच्छा,मर्जी-2*
*3.अंधकार,अंधेरा-3*
*5.धार्मिक आयोजन स्थल तक मंगल कलश ले जाना-5*
*6.मोल,कीमत,दर-2*
*8.नरक के समान-5*
*10.बेकार,अयोग्य-3*
*13.बुआई करना-2,3*
*14.विश्वविजेता, संसार जीतने वाला (उर्दू-5)*
*17.प्रणाम,नमस्कार-3*
*19.जल में रहने वाला-4*
*21.स्वर्ग का विलोम-3*
*23.छोटी सवारी गाड़ी-2*
*25.कीमत,भाव-2*

**शब्द पहेली -8163 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | ब | न | म | ■ | ■ | आ | का | श |
| रा | ■ | ■ | स्त | र | ही | न | ■ | म |
| रा | त | ■ | ■ | सी | ना | ■ | ■ | शी |
| ■ | र | ग | ■ | ला | ■ | क | बी | र |
| ■ | का | ज | ल | ■ | अ | स | र | ■ |
| क | री | ब | ■ | मि | ■ | र | ब | ■ |
| रा | ■ | ■ | चा | रा | ■ | ■ | ल | ब |
| मा | ■ | रा | ह | ज | नी | ■ | ■ | हा |
| त | र | ह | ■ | ■ | म | ज | बू | र |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अंकजाल - 7705

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 15 | 19 | 21 | ■ | 36 | 16 | 14 | 19 | ■ |
| 14 | | 7 | | ■ | | 5 | | 9 | 26 |
| 15 | 7 | | 3 | ■ | 8 | | 7 | | 20 |
| 12 | | 2 | | ■ | | 9 | | 7 | 26 |
| 21 | 2 | | 7 | | 5 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 7 | | 9 | | 3 | 29 |
| 26 | 8 | | 6 | | ■ | | 6 | | 13 |
| 18 | | 2 | | 6 | ■ | 3 | | 7 | 14 |
| 29 | 8 | | 5 | | ■ | | 4 | | 12 |
| ■ | 21 | 15 | 16 | 30 | ■ | 21 | 16 | 16 | ■ |

**अंकजाल 7704 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 19 | 24 | 21 | ■ | 20 | 20 | 18 | 16 | ■ |
| 18 | 8 | 6 | 4 | ■ | 6 | 8 | 7 | 5 | 26 |
| 15 | 4 | 9 | 2 | ■ | 7 | 5 | 8 | 7 | 27 |
| 16 | 5 | 3 | 8 | ■ | 2 | 7 | 3 | 4 | 16 |
| 28 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 7 | 2 | 5 | 7 | 2 | 23 |
| 29 | 5 | 7 | 8 | 9 | ■ | 2 | 3 | 5 | 10 |
| 22 | 6 | 7 | 3 | 6 | ■ | 4 | 5 | 2 | 11 |
| 18 | 5 | 6 | 3 | 4 | ■ | 7 | 8 | 8 | 25 |
| ■ | 16 | 20 | 14 | 35 | ■ | 18 | 23 | 17 | ■ |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6649

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 4 | | 6 | |
| 6 | 37 | | 29 | 2 | 29 | |
| 2 | | 5 | 1 | 3 | | 6 |
| 4 | 32 | | 29 | | 35 | |
| | 6 | | | 7 | 2 | |
| | 33 | 2 | 32 | 6 | 37 | 7 |
| 5 | | 7 | 4 | | | 3 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 6648 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 7 | 6 | 4 | 5 | 1 |
| 4 | 31 | 2 | 31 | 2 | 31 | 7 |
| 2 | 5 | 6 | 3 | 1 | 7 | 4 |
| 6 | 31 | 3 | 29 | 5 | 38 | 6 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 7 | 2 |
| 7 | 31 | 5 | 36 | 3 | 35 | 5 |
| 1 | 5 | 4 | 6 | 7 | 2 | 3 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## गणित पहेली - 6009

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | | 30 | | 20 | | 8 | = | 62 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 17 | | 8 | | 10 | | 1 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 2 | | 3 | | 10 | = | 6 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 5 | | 3 | | 25 | = | 12 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 23 | | 24 | | 30 | | 43 | = | 36 / 60 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

**संकेत**

*खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.*

**गणित पहेली - 6008**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | + | 20 | - | 30 | + | 40 | = | 40 |
| + | ■ | + | ■ | + | ■ | - | ■ | + |
| 40 | + | 75 | - | 40 | - | 25 | = | 50 |
| + | ■ | - | ■ | - | ■ | + | ■ | - |
| 52 | - | 51 | + | 48 | - | 36 | = | 13 |
| ÷ | ■ | + | ■ | + | ■ | - | ■ | - |
| 2 | x | 50 | - | 54 | - | 10 | = | 36 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 51 | + | 94 | - | 76 | - | 41 | = | 41 / 23 |

## शब्दजाल - 7696

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | क | श | त | रं | ज | के | खि | ला | ड़ी | र |
| र | च | ल | प | व | जी | ग | द | इ | मा | ली |
| त | र | र्म | ल | र | छ | पु | रा | ट | ह | क |
| क | स | ज | कु | ह | व | न | लू | ल | म | क |
| क | क | दो | र्बा | म | लं | रि | तू | ग | कि | क |
| जी | क | ल | नी | कि | झ | पू | श | ण | सी | को |
| ती | ज | मा | न | त | प | दे | श | र | से | ल |
| क | ता | दा | ई | से | र | क | फ | लो | क | न |
| ने | बा | चे | न्न | प | जी | ल | री | ग | म | स्ता |
| द | पा | ल | श | व | दा | दा | ऐ | बें | न | शो |
| क | क | दे | प | ची | न | रा | बा | द | हीं | ले |

*शब्द जाल में अमजद खान की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. दिए गए नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

शोले, चरस, शतरंज के खिलाड़ी, परवरिश, कुर्बानी, दादा, देश परदेश, हम किसी से कम नहीं, जमानत, लूटमार.

**शब्दजाल - 7695 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यु | क | दो | अ | ल्जी | रि | या | तू | ग | झ | क |
| ज | पा | ल | प | ह | भा | पू | ना | ट | र्की | को |
| अं | इ | कि | म | सं | र | ल | श | र | ला | ल |
| क | कु | दा | स्ता | धा | त | क | फ | लो | श | या |
| क | मो | श | न्न | न | क | ट | री | ग | रि | ता |
| द | र | ल | प | व | जि | र्त | ऐ | जी | प | रु |
| ती | क्को | ल | श | इ | प | म | इ | कौ | ला | इ |
| क | इं | डो | ने | शि | या | ना | प्प | न | श | रा |
| क | स | बा | तें | व | न | ज | द | शा | जू | न |
| द | र | ल | प | व | जी | र्त | ऐ | बें | प | रु |
| बां | ग | ला | दे | श | नी | हो | जा | एं | प | क |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## कौन दिलाएगा मुझे न्याय आखिर कब तक मिलेंगे मुझे झूठे आश्वासन-अर्चना हेंब्रम



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चौपारण (हजारीबाग) प्रखंड के चोरदाहा पंचायत की मुखिया अर्चना हेमरोम न्याय की आशा में विगत एक वर्ष से दर दर भटक रही है। इस बहुचर्चित मामले में पुलिस प्रशासन से लेकर तमाम राजनीतिक सामाजिक तंत्र के पास गुहार लगाते लगाते अर्चना थक चुकी है। ना उसे विश्वास है यहां की प्रशासन और नेताओं पर अपने फायदे के लिए दे रहे थे झूठा आश्वासन। विगत दस से पंद्रह दिन पहले अर्चना हेमरोम ने विधायक उमाशंकर अकेला के आवास मे ताला जड़कर अपने ऊपर हो रहे अत्याचार के विरोध मे आक्रोश प्रदर्शन की थी। जिसकी खबर सुनकर डीएसपी अजीत कुमार विमल व थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश मौके पर पहुंच कर पीड़िता को आश्वासन दिया था की 15 दिन के भीतर कार्रवाई होगी अन्यथा उनके घरों पर इस्तेहार चिपका कर एवं ढ़ोल बजाकर कुर्की जप्ती किया जाएगा। लेकिन अभी तक प्रशासन के द्वारा ऐसा कोई भी कार्य नही किया गया है। जिससे मै ठगी सी महसूस कर रही हूँ। इससे मै प्रशासन के द्वारा भी ठगी महसूस कर रही हूँ।

## सिमरिया विधानसभा के प्रत्याशी उज्वल कुमार दास पहुंचे इटखोरी स्वागत में उमड़ा जन सैलाब



कोयलांचल संवाद संवाददाता

इटखोरी (चतरा) राज्य में चुनावी शंखनाद के साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपने-अपने उम्मीदवारों की घोषणा करनी प्रारंभ कर दी है। इसी क्रम में शनिवार को एनडीए और उनके घटक दलों के द्वारा अपने-अपने सीटों के बंटवारे और उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही राजनीतिक तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। चतरा जिले के सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में उज्जवल कुमार दास के नाम की घोषणा के साथ ही विधानसभा क्षेत्र के तमाम भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। उज्जवल कुमार दास भी उम्मीदवारी की घोषणा के साथ सर्वप्रथम इटखोरी अवस्थित ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर मां का आशीर्वाद लेने की घोषणा की। इसी क्रम में रविवार को उज्जवल कुमार दास इटखोरी पधारे। श्री दास के इटखोरी आगमन पर इटखोरी की जनता ने हर्ष के साथ उनका अभिनंदन किया। जन अभिनंदन के पश्चात सिमरिया विधानसभा के घोषित प्रत्याशी उज्जवल कुमार दास मां भद्रकाली मंदिर पहुंचकर मां भद्रकाली की पूजा अर्चना कर अपनी जीत का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर बोलते हुए उज्जवल कुमार दास ने कहा कि पार्टी ने मेरे जैसे छोटे कार्यकर्ता के प्रति अपना जो विश्वास जताया है उसका मैं हृदय से आभारी हूं और मेरा पूरा प्रयास होगा की पार्टी के विश्वास पर मैं खरा उतरूं। पार्टी ने मेरे प्रति जो आस्था जताई है उसके प्रति मैं पार्टी के प्रति आभारी हूं। इस मौके पर बोलते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी ने कहा की पार्टी ने एक योग्य उम्मीदवार का चयन किया है। जैसा की इनका नाम उज्ज्वल है तो इनका काम भी उज्जवल होगा और इनका भविष्य भी उज्जवल रहेगा। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उज्जवल कुमार दास ने कहा की जीतने के बाद मेरा हर संभव प्रयत्न होगा कि जनता की आशाओं और अपेक्षाओं के अनुरूप खरा उतरूं। मौके पर विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं सैकड़ो की संख्या में समर्थक उपस्थित थे।

## बोकारो कुलिंग पौंड से मिला शवः विवाहिता का पति करता था मारपीट, उसी पर हत्या का संदेह, तलाश में जुटी पुलिस



बोकारो : बोकारो के सेक्टर 9 के बसंती मोड स्थित पेट्रोल पंप के पास झोपड़ी में रहने वाले करण राम की पत्नी शांति देवी का शव कुलिंग पौंड में मिला। आशंका है कि उसकी हत्या कर शव को फेंक दिया गया है। घटना हरला थाना क्षेत्र की है। घटना की सूचना पुलिस व आसपास के लोगों को मिला तो शव की खोजबीन शुरू की। इसके बाद शव कुलिंग पौंड से बरामद किया गया।

### हत्या के पीछे की है आशंका

प्राप्त जानकारी के अनुसार करण राम मानसिक रूप से विक्षिप्त है जो पहले भी घर में लगातार झगड़ा करता था। वह अक्सर पत्नी के साथ मारपीट करता था। मृतक शांति देवी धनबाद की रहने वाली है। उसकी उम्र लगभग 20 वर्ष है। मृतका के मायके वालों के अनुसार उसे शादी के बाद से ही पति प्रताड़ित करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना को अंजाम देने के बाद पति फरार है। जिसकी गिरफ्तारी को लेकर हरला पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

## पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने एनडीए गठबंधन से जुगसलाई सीट के लिए 24 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे



जमशेदपुर । जुगसलाई विधानसभा सीट से पूर्व मंत्री और आजसू नेता रामचंद्र सहिस ने एनडीए गठबंधन के प्रत्यासी के रूप में विधानसभा चुनाव के लिए अपने नामांकन की घोषणा कर दी है। 24 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करने की जानकारी उन्होंने प्रेस वार्ता में साझा की । रामचंद्र सहिस ने कहा कि उनकी क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क निर्माण को प्राथमिकता देंगे और जनता की बुनियादी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे । नामांकन के बारे में रामचंद्र सहिस ने बताया कि उनके नामांकन को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, और वह 24 अक्टूबर को हजारों समर्थकों के साथ समाहरणालय में जाकर अपना पर्चा दाखिल करेंगे।

## फिर एक्टिव हुए इंदरसिंह नामधारीःबेटे ने चुनाव लड़ने की कर दी घोषणा, सारथी बनेंगे पूर्व स्पीकर नामधारी



पलामू : पूर्व स्पीकर इंदर सिंह नामधारी राजनीति से संन्यास ले चुके हैं। मगर वर्षों बाद इस विधानसभा चुनाव में वे रणनीतिकार की भूमिका में नजर आएंगे। छह बार डाल्टेनगंज सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले राजनीति के धुरंधर इंदर सिंह नामधारी इस बार अपने बेटे दिलीप सिंह नामधारी के सारथी बनेंगे। रविवार को गुरूतेग बहादुर मेमोरियल हॉल में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में दिलीप सिंह नामधारी ने डाल्टेनगंज - भंडरिया सीट से चुनावी मैदान में उतरने की घोषणा की। इस मौके पर इंदर सिंह नामधारी भी मौजूद रहे।

# रांची सहित सभी 81 विधानसभा में खिलेगा कमलः संजय सेठ

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची :** भाजपा,रांची विधानसभा अंतर्गत आने वाले सभी सात सांगठनिक मंडलों की विस्तारित बैठक महानगर अध्यक्ष श्री वरुण साहू की अध्यक्षता में महानगर कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में मुख्यरूप से केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री श्री संजय सेठ, रांची विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी श्री सीपी सिंह, जिला प्रभारी,दीघा के विधायक श्री संजीव चौधरी, प्रवासी, यूपी के पूर्व विधायक सुनीता सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज मिश्रा के.के. गुप्ता, महानगर के महामंत्री बलराम सिंह एवं जितेंद्र वर्मा उपस्थित रहे।




बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि* कार्यकर्ता कमर कस कर तैयार हो जाएं। इस बार पूरे झारखंड में एनडीए की लहर है। रांची सहित पूरे 81 विधानसभा में कमल खिलना तय है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के वादाखिलाफी के खिलाफ जनता गोलबंद हो चुकी है। इस बार सरकार की विदाई तय है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से सीपी सिंह जी को 7 वीं बार भारी बहुमत से जीताने का आह्वान किया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह ने कहा कि* पार्टी ने मुझे 7 वीं बार जनसेवा का मौका दिया है। हम जनता के आकांक्षाओं पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर घर जाकर जनसंपर्क करने का आह्वान किया।

जिला प्रभारी एवं दीघा,बिहार के विधायक संजीव चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ता मोदी जी के नीतियों को घर घर पहुंचाए। हम सब झारखंड में हरियाणा दोहराएंगे।

*महानगर अध्यक्ष वरूण साहू ने कहा कि* इस बार रांची महानगर के सभी 4 सीटों पर महानगर के कार्यकर्ता कमल खिलाने के लिए तैयार हैं। अपनी परिश्रम के बल पर भाजपा पुनः राज्य में सत्ता में आएगी । उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की बिदाई तय है। कार्यकर्ता ईमानदारी से जनता के पास जाकर सरकार के वादाखिलाफी को बताएं।

बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, हरविंद्र सिंह बेदी, संजय जयसवाल, मुकेश मुक्ता, राजेंद्र केशरी, प्रेम मित्तल, ललित ओझा, राजू सिंह, बसंत दास, संजीव चौधरी, विनय सिंह, राहुल चौधरी, ओम प्रकाश, अशोक यादव, देवेंद्र शर्मा, सोनू सिंह, अश्विनी सिखुआ, राकेश शर्मा, पायल सोनी, युवराज पासवान, रवि मुंडा, ओम प्रकाश पांडेय, अशोक मिश्रा, विनोद महतो, सूर्य प्रताप, सुजीत शर्मा, ऋषभ गखड़, आनंद वर्मा सहित सभी मंडल के पदाधिकारी गण, मोर्चा अध्यक्ष, सभी शक्ति केंद्र के संयोजक, सह संयोजक, प्रभारी एवं बूथ अध्यक्ष गण उपस्थित रहें।

## अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदनःधनबाद में उत्पाद विभाग ने एक धंधेबाज को दबोचा, कई ब्रैंड के शराब जब्त

धनबादः धनबाद उत्पाद विभाग की टीम को रविवार की सुबह एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जहां जिले के टुंडी थाना से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक अवैध मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। जहां से करीब 25 लाख रुपए का अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया है। झारखंड विधानसभा चुनाव को देखते हुए उपायुक्त माधवी मिश्रा व एसएसपी एचपी जनार्दन के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के खिलाफ़ विशेष अभियान चलाई जा रही है।



### कई ब्रांड के शराब मिले

उत्पाद विभाग के सहायक उत्पाद आयुक्त रामलीला रवानी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर टुंडी थाना क्षेत्र के नीमटांड़ मधुशा गांव में विदेशी शराब का अवैध कारोबार हो रहा था। जिसकी सूचना पर उत्पाद विभाग की टीम ने रविवार की अहले सुबह बीनूलाल टुडू के घर में छापेमारी की।

जहां से इंपीरियल ब्लू समेत दूसरे ब्रांड के 250 पेटी अवैध अंग्रेज़ी शराब बरामद किया गया है। साथ ही मौके से 500 लीटर कच्चा स्पिरिट के अलावा अंग्रेजी शराब निर्माण से जुड़े विभिन्न ब्रांड के रैपर, कॉर्क और पैकेजिंग रिफलिंग के सामान बरामद किए गए हैं।

### चुनाव के दौरान खपाने की थी योजना

इन सभी अवैध शराब को झारखंड विधानसभा चुनाव में खपाने की योजना थी। फिलहाल मामले में गिरफ़्तार धंधेबाज बीरू लाल से पूछताछ चल रही है। छापेमारी दल में उत्पाद विभाग के एसआई जितेंद्र कुमार, एसआई जॉय हेंब्रम, एसआई कुलदीप कुमार और टुंडी थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर उमाशंकर के अलावा उत्पाद विभाग और पुलिस विभाग के जवान शामिल थे।

## जामताड़ा चेक नाका पर पुलिस की कार्रवाईःबंगाल से बिहार जा रही अंग्रेजी शराब की खेप बरामद, दो गिरफ्तार

जामताड़ा : झारखंड -पश्चिम बंगाल चेकनाका पर पुलिस ने बिहार ले जाई जा रही बंगाल की अंग्रेजी शराब की खेप के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक जामताड़ा के मिहिजाम कानगोई चेक नाका पर ये तस्कर शराब की खेप लेकर पैदल ही स्टेट बॉर्डर पार कर रहे थे। इसी दौरान नाके पर तैनात पुलिस कर्मियों को इन पर संदेह हुआ, इनकी तलाशी लेने पर इनके पास से अंग्रेजी शराब इम्पिरियल ब्लू की बोतलें मिली।

### उत्पाद शुल्क अधिनियम के तहत मामला दर्ज

मामले में पुलिस ने मिहिजाम थाना कांड संख्या 69/2024, धारा – 274/292 बी.एन.एस. एवं 47ए झारखण्ड उत्पाद शुल्क अधिनियम दर्ज किया है।एएसआई विनय कुमार दुबे, की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है।



### गिरफ्तार लोगों में एक बिहार और एक जामताड़ा का

गिरफ्तार लोगों में 30 वर्षीय गौतम कुमार साव उर्फ विक्की साव, पिता महादेव साव, पी०बी० रोड, हटिया मिहिजाम, थाना मिहिजाम, जिला- जामताड़ा निवासी तथा 32 वर्षीय बब्लु चौधरी, स्व मोती चौधरी, लखीसराय पुरानी बजार, थाना- लखीसराय, जिला- लखीसराय (बिहार) निवासी शामिल है।

### 37 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद

इनके पास से 24 बोतल इम्पिरियल ब्लू सुपीरियर ग्रेन व्हिस्की की 750 एमएल, 20 बोतल (18 लिटर) और 375 एमएल की 17 बोतल (6.375 लिटर) शराब बरामद की गई है।

स्टेट बॉर्डर अलर्ट -थाना प्रभारी मिहिजाम थाना प्रभारी विवेकानंद दुबे ने कहा कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए स्टेट बॉर्डर को अलर्ट पर रखा गया है, जिससे किसी किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम क्षेत्र में की जा सके। ये लोग पैदल बॉर्डर पार कर रहे थे ताकि इनपर शक न हो, बॉर्डर पार कर दूसरे वाहन से झारखंड बॉर्डर पार कर बिहार जाने के फिराक में थे।

## मतदाता जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी, सेल्फी, हस्ताक्षर अभियान, मतदाता शपथ एवं गुब्बारे उड़ाकर मतदान का दिया संदेश

जमशेदपुर । मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कोल्हान कमिश्नर हरि कुमार केशरी, डीआईजी, कोल्हान मनोज रतन एवं डीआईजी सीआरपीएफ पुरन सिंह ने पूर्वी सिंहभूम जिले में चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शिरकत की । समाहरणालय परिसर में जिला प्रशासन के स्वीप कोषांग द्वारा कई तरह की गतिविधियां आयोजित की गई । इस दौरान 13 नवंबर 2024 को अधिक से अधिक संख्या में मतदाता वोट डालने बूथों में जाएं, लोकतंत्र की मजबूती में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए प्रेरित किया गया । स्वीप कार्यक्रम में पड़ोसी राज्यों ओड़िशा के सुंदरगढ़, मयूरभंज, क्योंझर जिला, पश्चिम बंगाल के पुरूलिया, पश्चिम मेदनीपुर, झारग्राम जिला के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया । इस दौरान जिला प्रशासन के स्वीप कोषांग की ओर से तैयार किए गए मोबाइल व वाहन स्टीकर को लॉन्च किया गया । साथ ही समाहरणालय परिसर में बनाये गए आकर्षक रंगोली एवं सेल्फी प्वाइंट में पदाधिकारियों ने तस्वीर खिंचाई । वहीं हस्ताक्षर अभियान में शामिल होकर तथा गुब्बारे उड़ाकर मतदान का संदेश दिया । मौके पर कमिश्नर एवं डीआईजी, कोल्हान तथा डीआईजी सीआरपीफ ने मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ जिले के गांव, पंचायत, प्रखंड, बाजार-हाट व सुदूरवर्ती गांव




सहित शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कर मतदाताओं को जागरूक करेगी । मौके पर स्वीप कोषांग के नोडल सह उप नगर आयुक्त जेएनएसी कृष्ण कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती प्रियंका सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, जिला सहकारिता पदाधिकारी श्रीमती आशा टोप्पो, जिला खेल पदाधिकारी अविनेश त्रिपाठी, डीपीएम जेएसएलपीएस सुजीत बारी समेत स्वीप कोषांग के अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

## जमशेदपुर पूर्वी से भाजपा ने पूर्णिमा दास को बनाया प्रत्यासी, वरीय नेताओं एवं अभिभावकों से आशीर्वाद लेकर चुनावी तैयारियों का किया शुभारंभ

जमशेदपुर। झारखंड में विधानसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है और चुनावी मैदान में प्रत्याशियों की घोषणा के बाद तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही है। भाजपा ने जमशेदपुर पुर्वी, पोटका समेत झारखंड के 66 विधानसभा सीट पर अपने प्रत्याशी की घोषणा की है। इधर जमशेदपुर महानगर अंतर्गत पुर्वी विधानसभा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास के पुत्रवधु और ललित दास की धर्म पत्नी पूर्णिमा दास को टिकट दिया गया है । भाजपा पार्टी द्वारा आधिकारिक



घोषणा के दूसरे दिन ही पूर्णिमा दास ने पूरे उत्साह और जोश के साथ अपनी चुनावी तैयारियों का शुभारंभ कर दिया है। रविवार को श्रीमती दास ने जमशेदपुर महानगर के कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं के घर जाकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व जिलाध्यक्ष अभय सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रामबाबू तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिथिलेश सिंह यादव, वरिष्ठ नेता खेमलाल चौधरी, अचिंतम दास, लालचंद सिंह समेत अन्य प्रमुख नेताओं से उनके घर पर मुलाकात की। इन मुलाकातों में वरिष्ठ नेताओं व पार्टी के अभिभावकों ने न केवल उनका गर्मजोशी से स्वागत किया, बल्कि उन्हें जीत का आशीर्वाद देकर विधानसभा चुनाव में बड़ी विजयीश्री की शुभकामनाएँ व्यक्त की। विशेष रूप से, अभय सिंह की माताजी ने उन्हें शगुन भेंटकर आशीर्वाद प्रदान किया, जिसे पूर्णिमा ने बहुत ही भावुकतापूर्ण रूप से स्वीकार किया और इसे जीत की आधारशिला बताई। यह क्षण भावनात्मक रूप से महत्वपूर्ण रहा। इस दौरान पूर्णिमा दास के संग उनके पति ललित दास के अलावा पुर्वी विधानसभा क्षेत्र के कई प्रमुख नेता व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## ओरमांझी टोल प्लाजा के पास शिवम बस में लगी भयंकर आग,बस जलकर हुई खाक

ओरमांझी(मोहसीनआलम):ओरमांझी थाना क्षेत्र के पुन्दाग टोल प्लाजा के पास रांची रामगढ़ मुख्य मार्ग पर रविवार कि संध्या लगभग सावा 6 बजे शिवम नामक स्लीपर बस जेएच 22 बी 3663 में भयंकर आग लग गई, और देखते ही देखते गाड़ी में तेज आग कि लपटें के साथ धू धू कर गाड़ी जलने लगी,आधे घंटे बाद रामगढ़ से पहुंची दमकल गाड़ी द्वारा आग को बुझाने का प्रयास की गई लेकिन गाड़ी उस समय तक पूरी जलकर खाक हो चुकी थी, स्थानीय लोगों ने बताया कि ड्राइवर टोल प्लाजा से पहले किसी काम से उतरा था इस समय आग लग गई,आग लगने के बाद ड्राइवर मौके से भाग निकला,वही देखते ही देखते सैकड़ो लोग घटनास्थल पर जुट गए,मौके पर ओरमांझी थाना प्रभारी इंस्पेक्टरअनिल कुमार तिवारी पूरे दल



बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर, लोगों को जलती आग के पास जाने से रोक रहें थे,बस में आग लगने पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गई,

थाना प्रभारी अपने पुलिस कमीयों के साथ मुस्तैदी से जमे रहे वहीं कुछ देर के लिए टोल प्लाजा के पास पुलिस ने सावधानी बरतें हुए रोड़ को वन वे कर दिया गया था,मौके पर पहुंचे गाड़ी के ऑनर हजारीबाग निवासी सूरजकांत ने बताया कि बस रांची से रामगढ़ की ओर जा रही थी, जैसे ही टोल प्लाजा के पास पहुंचे खड़ी गाड़ी में शॉर्ट सर्किट लग गई जिससे गाड़ी पूरी तरह से जलकर बर्बाद हो गई, मेरा यह गाड़ी 3 महीना पहले से यात्री सेवा नहीं दे रही थी, रांची के कटगाड़ा स्टेशन पर खड़ा था, वहां पर किसी तरह की घटना ना घटे इसीलिए हजारीबाग ले जा रहे थे,बस में एक भी यात्री सवार नहीं थे,टोल प्लाजा प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि टोल प्लाजा के पास अगर दमकल की गाड़ी होती तो मेरी गाड़ी नहीं जलता,गाड़ी जलने का मुझे काफी अफसोस है।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अनोखी पहल, डीसी समेत टॉप अधिकारियों ने वोट राफ्टिंग में लिया भाग

**पलामूः** विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पारा हाई हो चुका है. वहीं, मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से भी एक अनोखी पहल की शुरुआत की है. चुनाव में बंपर वोटिंग की तैयारी की जा रही है. जिला प्रशासन ने स्वीप एक्शन प्लान के तहत कई योजनाएं तैयार की हैं. मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रशासन अलर्ट मोड में आ गए हैं. पलामू के सतबरवा स्थित मलय डैम एक बड़ा पर्यटन स्थल है. जहां बड़ी संख्या में पर्यटक घूमने के लिए जाते हैं. जिला प्रशासन पर्यटन स्थल पर कई तरह का कार्यक्रम आयोजन कर रही है. इसी कड़ी में मलय डैम में रविवार को वोट राफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें डीसी शशि रंजन, एसपी रीष्मा रमेशन, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, डीएफओ सत्यम कुमार, अपर सम्हर्ता कुंदन कुमार, सदर एसडीएम सुलोचना मीना, छतरपुर एसडीएम आशीष गंगवार, डीएसओ प्रीति किस्कू समेत कई टॉप अधिकारियों ने भाग लिया. इस दौरान डीसी शशि रंजन समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने खुद से वोट राफ्टिंग किया.

## भुखे को भोजन प्यासे को पानी पिलाने से बडा कोई पुण्य का कार्य नही- श्री कृष्ण प्रणामी

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची :** 172 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद भगवान श्री राज श्यामा जी एवं गुरू महाराज को अर्पित कर 900 श्रद्धालुओ एव सदगुरू कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) में रह रहे निराश्रित प्रभुजी एव वहा रहकर इनकी सेवा करने वाले सेवादार सेवा साथियों के बीच वितरण किया गया।

मंदिर परिसर मे आये हुए सभी धर्म प्रेमीजनो एव श्रद्धालुओ ने शांती पूर्वक कतार मे लगकर 172 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं परमहंस भागवत भास्कर संत शिरोमणी डाक्टर श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से एम.आर.एस श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि•) दिल्ली शाखा रांची के



सयुंक्त तत्वाधान मे सेवाभावी सदस्यों एव श्रद्धालुओ के सहयोग से आज 20 अक्टूबर रविवार को 172 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारे का वितरण श्री कृष्ण प्रणामी के सदस्यों एवं उनके परिवार के सदस्यों के सौजन्य से की गयी। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 52 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में आज रविवार दिनांक 20 अक्टूबर 2024 को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम राँची के प्रांगण में श्री कृष्ण प्रणामी के सदस्यों द्वारा वहाँ के जरूरतमंद ग्रामीण मंदिर के आस पास के रहने वाले लगभग 900 श्रद्धालुओ, जरुरतमंद परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच पुरे भक्ती भाव से 172 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे के प्रसाद में कचोडी,आलु काबुली चना टमाटर मिश्रित सब्जी, भेजिटेबल पुलाव एवम मिठाई में केसरीया खीर, आलु चिप्स की पैकेट एव जलजीरा जुस का सभी आये हुए श्रद्धालुओको विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया।

संस्था के पुरणमल सर्राफ, निर्मल जालान,मनीष सोनी, उर्मिला पाडिया,चिरंजीलाल खणडेलवाल और संस्था के सदस्यों ने भक्ती भाव से राज श्यामा जी की बहुत भक्ति भाव से भोग लगाकर आरती करकर भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरु किया गया। सभी सदस्यों एवं वहा उपस्थित श्रद्धालुओ ने बहुत ही भक्ति पूर्ण भाव से भजन गायन कर भोग लगाया।

॥आवत आज सखी मन मोहन सुन मोरो जीयो हर्षाय रे बालो सुन मोरो जीयो हर्षाय रे, तोरन बंध बंधे हैं भवन मे मोतियन चोख पुराये रे बालो, मोतियन चोख पुराये रे बालो, प्रेम पावडो में डालु पीया जी को।।॥

आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,निर्मल छावनिका,बिष्णु सोनी, सुरेश अग्रवाल,सुनील पोद्दार, सज्जन पाडिया, सुरेश भगत शिव अग्रवाल,पवन पौदार, ओम प्रकाश सरावगी, सुशील गाडोदिया,ज्ञान प्रकाश शर्मा, हरीश साहु,चन्द्रदिप साहु, महेश वर्मा, परमेश्वर साहु महिला समिति विधा देवी अग्रवाल, कविता गाडोदिया, संतोष देवी अग्रवाल,सिता देवी शर्मा एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मदार।